[सं० बिहार-लो० स०/39/77(12)]

New Delhi, the 6th August, 1979

S.O. 2921.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Birendra Kumar Pandey, Village and P.O. Marar, P.S. Ramgarh, District Hazaribagh (Bihar), a contesting candidate for general election to the House of the People held in Bihar in March, 1977 from 39-Bikramganj constituency, has failed to lodge an account of his election expenses at all, as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder ;

And whereas, the notice to show reason or explanation for the failure has been received back undelivered as his whereabouts are unknown ;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Birendra Kumar Pandey to be disqualified for being chosen as, and for being, a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. BR-HP/39/77(12)]

का० आ० 2922.—यतः, निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि मार्च, 1977 में हुए बिहार में लोक सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 49-रांची निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री बिरेन्द्र कुमार पाण्डे, ग्राम और डाकखाना मरार थाना रामगढ़, जिला हजारीबाग (बिहार), लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं ,

और, उसका पता मालूम न होने के कारण उनकी असफलता के लिए कारण अथवा स्पष्टीकरण की सूचना अवितरित वापिस आ गई है ;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री बिरेन्द्र कुमार पाण्डे को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है ।

[सं० बिहार-लो० स०/49/77(13)]

S.O. 2922.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Birendra Kumar Pandey, Village and P. O. Marar, P. S. Ramgarh, District Hazaribagh (Bihar), a contesting candidate for general election to the House of the People held in Bihar in March, 1977 from 49-Ranchi constituency, has failed to lodge an account of his election expenses at all, as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

And whereas, the notice to show reason or explanation for the failure has been received back undelivered as his where abouts are unknown ;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Birendra Kumar Pandey to be disqualified for being chosen as, and for being, a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. BR-HP/49/77(13)]

नई दिल्ली, 8 अगस्त, 1979

का० आ० 2923.—यतः, निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि जून, 1977 में हुए उत्तर प्रदेश विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 411-कैराना निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री जय प्रकाश गोयल, कस्बा कैराना, पट्टोवाली गली, जिला मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित समय के अन्दर तथा रीति से अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं ;

और यतः, उक्त उम्मीदवार ने, सम्यक् सूचना दिए जाने पर भी, इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है और निर्वाचन आयोग का यह समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायौचित्य नहीं है ;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री जय प्रकाश गोयल को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है ।

[सं० उ० प्र०-वि० स०411/77(38)/]

New Delhi, the 8th August, 1979

S.O. 2923.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Jai Prakash Goyal, Kasba Kairana, Pattowali Gali, Muzaffarnagar district, Uttar Pradesh, a contesting candidate for general election to the Uttar Pradesh Legislative Assembly held in June, 1977 from 411-Kairana constituency, has failed to lodge an account of his election expenses within the time and in the manner as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

And whereas the said candidate, even after the notice, has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for the failure ;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Jai Prakash Goyal to be disqualified for being chosen as, and for being, a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative

Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. UP-LA/411/77(38)]

नई दिल्ली, 10 अगस्त, 1979

का० आ० 2924.—यतः, निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि मार्च, 1977 में हुए लोक सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 82-मुजफ्फरनगर निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री श्याम सिंह, ग्राम सिकन्दरपुर खुर्द, पोस्ट खतौली, जिला मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं ;

और यतः, उक्त उम्मीदवार ने, सम्यक् सूचना दिए जाने पर भी, इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है और निर्वाचन आयोग का यह समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायौचित्य नहीं है ;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा श्री श्याम सिंह को संसद के किसी सभी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है ।

[सं० उ० प्र० लो० स०/82/77(2)]

New Delhi, the 10th August, 1979

S.O. 2924.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Shyam Singh, village Sikandarpur Khurd, Post Khatauli, District Muzaffarnagar, Uttar Pradesh, a contesting candidate for general election to the House of the People held in March, 1977 from 82-Muzaffarnagar constituency, has failed to lodge an account of his election expenses at all, as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

And whereas the said candidate, even after the notice, has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for the failure ;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Shyam Singh to be disqualified for being chosen as, and for being, a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. UP-HP/82/77(2)]

नई दिल्ली, 16 अगस्त, 1979

का० आ० 2925.—यतः, निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि जून, 1977 में हुए उत्तर प्रदेश विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 48-आंवला निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री उमराव प्रसाद गाटिया, किशनपुर, डा० रेवती आंवला, जिला बरेली (उत्तर प्रदेश) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम , 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित समय के अन्दर तथा रीति से अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं ;

और यतः, उक्त उम्मीदवार ने, सम्यक सूचना दिए जाने पर भी, इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है और निर्वाचन आयोग का यह समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायौचित्य नही है ;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री उमराव प्रसाद को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है ।

[सं० उ० प्र०-वि० स०/48/77(39)]

New Delhi, the 16th August, 1979

S.O. 2925. Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Umrai Prasad, Gamtiya Kishanpuru, P.O. Reoti, Aonla, Bareily (Uttar Pradesh), a contesting candidate for general election to the Uttar Pradesh Legislative Assembly held in June, 1977 from 48-Aonla constituency, has failed to lodge an account of his election expenses within the time and in the manner as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

And whereas the said candidate, even after the notice, has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for the failure ;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Umrai Prasad to be disqualified for being chosen as, and for being, a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. UP-LA/48/77(39)]

का० आ० 2926.—यतः, निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि जून, 1977 में हुए उत्तर प्रदेश विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 391-हापुड़ (अ० जा०) निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री चरण सिंह, मोहल्ला सादकपुरा, हापुड़, जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं ;

और यतः, उक्त उम्मीदवार ने, सम्यक सूचना दिए जाने पर भी, इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है और निर्वाचन आयोग का यह समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायौचित्य नहीं है ;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री चरण सिंह को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है ।

[सं० उ० प्र०-वि० स०/391/77(40)]

S.O. 2926.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Charan Singh, Moholla Sadakpura, Hapur, Disrtict Ghaziabad, Uttar Pradesh, a contesting candidate for general election to the Uttar Pradesh Legislative Assembly held in June, 1977 from 391-Hapur (SC) constituency, has failed to lodge an account of his election expenses at all as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

And whereas the said candidate, even after the notice, has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for the failure ;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Charan Singh to be disqualified for being chosen as, and for being, a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. UP-LA/391/77(40)]

का०आ० 2927.—यतः, निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि जून, 1977 में हुए उत्तर प्रदेश विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 29-महजोई निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री बाल किशन, ग्राम फतेहपुर शमशोई, तहसील सम्भल, जिला मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित समय के अन्दर तथा रीति से अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं ;

और, यतः, उक्त उम्मीदवार द्वारा दिए गये अभ्यावेदन पर विचार करने के पश्चात्, निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायौचित्य नहीं है;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री बाल किशन को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है।

[सं० उ०प्र०-वि०स०29/77(41)]

S.O. 2927.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Bal Kishan, Village Fatehpur Samshoi, P.O. & Tehsil Sambhal, District Moradabad (Uttar Pradesh), a contesting candidate for general election to the Uttar Pradesh Legislative Assembly held in June, 1977 from 29-Behjoi constituency, has failed to lodge an acount of his election expenses within the time and in the manner as required by the Representation of the People Act, 1951 and the Rules made thereunder;

And whereas after considering the representation made by the said candidate, the Election Commission is further satisfied that he has no good reason or justification for the failure;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Bal Kishan to be disqualified for being chosen as, and for being, a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. UP-LA/29/77(41)]

का०आ० 2928.—यतः, निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि जून 1977 में हुए उत्तर प्रदेश विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 49-सुन्हा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री नरेन्द्र सिंह, 35/सी-7, रामपुर बाग, सिविल लाइन, बरेली, उत्तर प्रदेश लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं ;

और यतः, उक्त उम्मीदवार ने, सम्यक् सूचना दिए जाने पर भी, इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है और निर्वाचन आयोग का यह समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायौचित्य नहीं है ;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री नरेन्द्र सिंह को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है।

[सं० उ०प्र०-वि०स० 49/77(42)]

वी० नागसुब्रमण्यन, सचिव

S.O. 2928.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Narendra Singh, 35/C-7, Rampur Bagh, Civil Lines, Barelli, Uttar Pradesh, a contesting candidate for general election to the Uttar Pradesh Legislative Assembly held in June, 1977 from 49-Sunha constituency, has failed to lodge an account of his election expenses at all as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder ;

And wrereas the said candidate, even after the notice, has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for the failure ;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Narendra Singh to be disqualified for being chosen as, and for being, a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. UP-LA/49/77(42)]

V. NAGASUBRAMANIAN, Secy.

नई दिल्ली, 10 अगस्त, 1979

का०आ० 2929.—यतः, निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि जून, 1977 में हुए पंजाब विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 64-खन्ना (अ० जा) निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री बलदेव सिंह, ग्राम मालोद, तहसील लुधियाना, जिला लुधियाना (पंजाब) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं ;

और यत, उक्त उम्मीदवार ने, सम्यक सूचना दिए जाने पर भी, इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नही दिया है और निर्वाचन आयोग का यह समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायौचित्य नहीं है ;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री बलदेव सिंह को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है।

[सं० पंजाब-वि०स०/64/77]

आर० डी० शर्मा, अवर सचिव

New Delhi, the 10th August, 1979

S.O. 2929.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Baldev Singh, Village Maloud, Tehsil Ludhiana, District-Ludhiana (Punjab) a contesting candidate for general election to the Punjab Legislative Assembly held in June, 1977 from 64-Khanna (SC) constituency, has failed to lodge an account of his election expenses at all as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder ;

And whereas the said candidate, even after the notice, has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for the failure ;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Baldev Singh to be disqualified for being chosen as, and for being, a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

R. D. SHARMA, Under Secy.

[No. PB-LA/64/77]

गृह मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग)

नई दिल्ली, 9 अगस्त, 1979

का०आ० 2930—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक और अनुच्छेद 148 के खण्ड (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय लेखापरीक्षा तथा लेखा विभाग में सेवारत व्यक्तियों की बाबत नियंत्रक-महालेखापरीक्षक से परामर्श करने के पश्चात् सामान्य भविष्य निधि (केन्द्रीय सेवाएं) नियम, 1960 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1 (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम सामान्य भविष्य निधि (केन्द्रीय सेवाएं) पांचवां संशोधन नियम, 1979 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. सामान्य भविष्य निधि (केन्द्रीय सेवाएं) नियम, 1960 में, नियम 7 के उपनियम (3)7 के उपनियम (3) के पश्चात् निम्नलिखित उप नियम अन्त स्थापित किया जाएगा, अर्थात —

"(4) उप नियम (1) में किसी बात के होते हुए भी, अभिदाता उस मास के लिए, जिसमे वह सेवा निवृत्त होने वाला है, निधि में अभिदाय तब तक नहीं करेगा जब तक कि वह उक्त मास के आरम्भ के पूर्व कार्यालय के प्रधान को उस मास के लिए अभिदाय करने के अपने विकल्प की लिखित सूचना न दे दे।"

[सं० फा० 19(15)पेन/76-सा०भ०नि०]

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

(Department of Personnel and Administrative Reforms)

New Delhi, the 9th August, 1979

S.O. 2930.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 and clause (5) of article 148 of the Constitution, the President, after consultation with the Comptroller and Auditor-General in relation to persons serving in the Indian Audit and Accounts Department, hereby makes the following rules further to amend the General Provident Fund (Central Services) Rules, 1960, namely:—

1. (1) These rules may be called the General Provident Fund (Central Services) Fifth Amendment Rules, 1979.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the General Provident Fund (Central Services) Rules, 1960, in rule 7, after sub-rule (3), the following sub-rule shall be inserted, namely :—

"(4) Notwithstanding anything contained in sub-rule (1), a subscriber shall not subscribe to the Fund for the month in which he quits service unless, before the commencement of the said month, he communicates to the Head of Office in writing his option to subscribe for the said month."

[No. F. 19(15)-Pen/76-GPF]

का०आ० 2931—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक और अनुच्छेद 148 के खण्ड (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय लेखापरीक्षा तथा लेखा विभाग में सेवारत व्यक्तियों की बाबत नियंत्रक-महालेखापरीक्षक से परामर्श करने के पश्चात् अंशदायी भविष्य निधि (भारत) नियम, 1962 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते है, अर्थात् —

1 (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम अंशदायी भविष्य निधि (भारत) तीसरा संशोधन नियम, 1979 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2 अंशदायी भविष्य निधि (भारत) नियम, 1962 में, नियम 7 के उप-नियम (4) के पश्चात् निम्नलिखित उपनियम अन्त स्थापित किया जाएगा, अर्थात् —

"(5) उप नियम (1) में किसी बात के होते हुए भी, अभिदाता उस मास के लिए, जिसमे वह सेवा निवृत्त होने वाला है, निधि में अभिदाय तब तक नहीं करेगा जब तक कि वह उक्त मास के आरम्भ के पूर्व कार्यालय के प्रधान को उस मास के लिए अभिदाय करने के अपने विकल्प की लिखित सूचना न दे दे।"

[सं० फा० 19(15)-पेन/76-अ०भ०नि०]

सीताराम अग्रवाल, अवर सचिव

S.O. 2931.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 and clause (5) of article 148 of the Constitution, the President, after consultation with the Comptroller and Auditor-General in relation to persons serving in the Indian Audit and Accounts Department, hereby makes the following rules further to amend the Contributory Provident Fund Rules (India), 1962, namely :—

1. (1) These rules may be called the Contributory Provident Fund (India) Third Amendment Rules, 1979.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Contributory Provident Fund Rules (India), 1962, in rule 7, after sub-rule (4), the following sub-rule shall be inserted, namely :—

"(5) Notwithstanding anything contained in sub-rule (1), a subscriber shall not subscribe to the Fund for the month in which he quits service unless, before the commencement of the said month, he communicates to the Head of Office in writing his option to subscribe for the said month."

[No. F. 19(15)-Pen/76-CPF]

S R AGRAWALA, Under Secy.

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

नई दिल्ली, 31 जनवरी, 1979

(आय-कर)

का०आ० 2932.—केन्द्रीय सरकार, आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 80 छ की उपधारा 2(ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, "श्री रमणाश्रमम, तिरुवन्नामलाई, तमिल नाडु" को उक्त धारा के प्रयोजनों के लिए तमिलनाडु राज्य में सर्वत्र विख्यात लोक पूजा का स्थान अधिसूचित करती है।

[सं० 2704/फा०सं० 176/7/79-आ०क० (ए-1)]

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue)

New Delhi, the 31st January, 1979

(INCOME-TAX)

S.O. 2932—In exercise of the powers conferred by sub-section (2)(b) of Section 80G of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby notifies "Sri Ramanasramam, Tiruvannamalai, Tamil Nadu" to be a place of public worship of renown throughout the State of Tamil Nadu for the purposes of the said Section.

[No. 2704/F. No. 176/7/79-IT(AI)]

नई दिल्ली, 7 फरवरी, 1979

का०आ० 2933—केन्द्रीय सरकार, आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 80 छ की उपधारा 2(ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, 'आर्मेनियन चर्च, कलकत्ता' को उक्त धारा के प्रयोजनों के लिए पश्चिमी बंगाल राज्य में सर्वत्र विख्यात लोकपूजा का स्थान अधिसूचित करती है।

[सं० 2727/फा० सं० 176/6/79-आ० क० (ए1)]

New Delhi, the 7th February, 1979

S.O. 2933.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2)(b) of Section 80G of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961) the Central Government hereby notifies Armenian Church, Calcutta', to be a place of public worship of renown throughout the State of West Bengal for the purposes of the said Section.

[No. 2727/F. No. 176/6/79-IT(AI)]

नई दिल्ली, 14 जून, 1979

का०आ० 2934—केन्द्रीय सरकार, आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 10 की उपधारा (23-ग) के खण्ड (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, "दि मालंकर ऑर्थोडाक्स सीरियन चर्च' को निर्धारण वर्ष 1973-74 के लिए और से उक्त धारा के प्रयोजनार्थ अधिसूचित करती है।

[सं० 2855/फा० स० 197/126/78 आ० क० (ए1)]

New Delhi, the 14th June, 1979

S.O. 2934.—In exercise of the powers conferred by clause (v) of sub-section (23C) of section 10 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby notifies "The Malankara Orthodox Syrian Church" for the purpose of the said section for and from the assessment year 1973-74.

[No. 2855/F. No. 197/126/78-IT(AI)]

नई दिल्ली, 30 मई, 1979

का०आ० 2935—अधिसूचना सं० 1262 (फा० सं० 203/184/75-आईटी ए II) तारीख 26 मार्च, 1976 के क्रम में, का० आ० सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि विहित प्राधिकारी, अर्थात् सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली ने निम्नलिखित संस्था को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 35 की उपधारा (1) के खण्ड (ii) के प्रयोजनों के लिए दो वर्ष की और अवधि के लिए निम्नलिखित शर्तों पर अनुमोदित किया है, अर्थात् :—

(i) यह कि सावता अनुसंधान केन्द्र मुम्बई प्राकृतिक या अनुप्रयोगिक विज्ञान (कृषि/पशुपालन मात्स्यकी और औषधि से भिन्न) के क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए प्राप्त राशियों का पृथक हिसाब रखेगा।

(ii) यह कि उक्त केन्द्र प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए अपने वैज्ञानिक अनुसंधान संबंधी क्रियाकलापों की एक वार्षिक विवरणी विहित प्राधिकारी को प्रति वर्ष 30 अप्रैल, तक ऐसे प्ररूपों में प्रस्तुत करेगी जो इस प्रयोजन के लिए अधिकथित किए जाए और उसे सूचित किए जाएं।

संस्था

सावित्रा अनुसंधान केन्द्र, बम्बई

यह अधिसूचना 16-12-78 से 15-12-1980 तक की दो वर्ष की अवधि के लिए प्रभावी होगी।

[सं० 2833/फा०सं० 203/21/79-आई टी ए (ii)]

New Delhi, the 30th May, 1979

S.O. 2935.—In continuation of notification No. 1262 (F. No. 203/184/75-ITA.II) dated 26th March, 1976, it is hereby notified for general information that the institution mentioned below has been approved for a further period of two years by the Secretary, Department of Science & Technology, New Delhi, the prescribed authority for the purposes of clause (ii) of sub-section (1) of Section 35 of the Income-tax Act, 1961, subject to the following conditions :—

(i) that the Savita Research Centre, Bombay, will maintain a separate account of the sums received by it for scientific research in the field of natural or applied sciences (other than Agriculture/Animal husbandry/fisheries & medicines);

(ii) That the said Centre will furnish the Annual Return of its scientific research activities to the Prescribed Authority for even financial year in such forms as may be laid down and intimated to them for this purpose, by 30th April, each year.

INSTITUTION

SAVITA RESEARCH CENTRE, BOMBAY

This notification will be valid for a period of two years from 16-12-78 to 15-12-1980.

[No. 2833/F. No. 203/21/79-ITA.II.]

का०आ० 2936—सर्वसाधारण की जानकारी के लिये यह अधिसूचित किया जाता है कि विहित प्राधिकारी, अर्थात् भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् ने निम्नलिखित संस्था को आय-कर नियम, 1962 के नियम 6(ii) के साथ पठित, आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 35 की उपधारा (I) के खण्ड (ii) के प्रयोजनों के लिये चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में 'वैज्ञानिक अनुसंधान संस्था' प्रवर्ग के अधीन निम्नलिखित शर्तों पर अनुमोदित किया है, अर्थात् :—

(1) यह कि संस्था चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान के लिये प्राप्त राशियों का पृथक हिसाब रखेगी।

(2) यह कि संस्था प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिये अपने वैज्ञानिक अनुसंधान संबंधी क्रियाकलापों की एक वार्षिक विवरणी परिषद् को प्रति वर्ष 31 मई, तक ऐसे प्ररूपों में प्रस्तुत करेगा जो इस प्रयोजन के लिये अधिकथित किये जाये और उसे सूचित किये जायें।

संस्था

चिकित्सा अनुसंधान सोसाइटी, नागपुर यह अधिसूचना 10-5-1979 से 9-5-81 तक की दो वर्ष की अवधि के लिये प्रभावी होगी।

[सं० 2882/फा०स० 203/79/79-आई०टी०ए०-II]

S.O. 2936. It is hereby notified for general information that the institution mentioned below has been approved by the Indian Council of Medical Research, the prescribed authority for the purposes of clause (ii) of sub-section (1) of Section 35 of the Income-tax Act, 1961, read with rule 6(ii) of the Income-tax Rules, 1962 under the category of 'Scientific research association' in the field of medical research, subject to the following conditions :—

(i) That the Institution will maintain separate account of the sums received by it for scientific research in the field of medical research.

(ii) That the institution will furnish annual returns of its scientific research activities to the council for each financial year by 31st May, each year at the latest in such form as may be laid down and intimated to them for this purpose.

Institution

SOCIETY FOR MEDICAL RESEARCH

This notification is effective for a period of two years from 10-5-1979 to 9-5-1981.

[No. 2882/F. No. 203/79/79-ITA.II]

नईदिल्ली, 18 जून, 1979

का०आ० 2937.—सर्वसाधारण की जानकारी के लिये यह अधिसूचित किया जाता है कि विहित प्राधिकारी, अर्थात् भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् ने निम्नलिखित संस्था को आय-कर नियम, 1962 के नियम 6(ii) के साथ पठित, आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 35 की उपधारा (1) के खण्ड (ii) के प्रयोजनों के लिये चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में 'वैज्ञानिक अनुसंधान संस्था' प्रवर्ग के अधीन निम्नलिखित शर्तों पर अनुमोदित किया है, अर्थात् :—

(1) यह कि संस्था चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान के लिये प्राप्त राशियों का पृथक हिसाब रखेगी।

(2) यह कि संस्था प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिये अपने वैज्ञानिक अनुसंधान संबंधी क्रियाकलापों की एक वार्षिक विवरणी परिषद् को प्रति वर्ष 15 मई तक ऐसे प्रारूपों में प्रस्तुत करेगी जो इस प्रयोजन के लिये अधिकथित किये जायें और उसे सूचित किये जायें।

संस्था

राजकोट कैंसर सोसाइटी, राजकोट।

यह अधिसूचना 24-4-1979 से 23-4-1981 तक की दो वर्ष की अवधि के लिये प्रभावी होगी।

[सं० 2883/फा०सं० 203/75-79-आई०टी०ए०-II]

New Delhi, the 18th June, 1979

S.O. 2937.—It is hereby notified for general information that the institution mentioned below has been approved by the Indian Council of Medical Research, the prescribed authority for the purposes of clause (ii) of sub-section (ii) of Section 35 of the Income-tax Act, 1961, read with rule 6(ii) of the Income-tax Rules 1962 under the category of "Scientific research association" in the field of medical research, subject to the following conditions :—

(i) That the institution will maintain a separate account of the sums received by it for scientific research in the field of the medical research.

(ii) That the institution will furnish annual returns of its scientific research activities to the council for each financial year by 15th May each year at the latest in such form as may be laid down and intimated to them for this purpose.

Institution :— Rajkot Cancer Society, Rajkot

This notification is effective for a period of two years from 24-4-1979 to 23-4-1981.

[No. 2883/F. No. 203/75/79-ITA.II]

नई दिल्ली, 30 जून, 1979

आय-कर

का०आ० 2938.—केन्द्रीय सरकार, आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 10 की उपधारा (23-ग) के खण्ड (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, "अंजुमान-ए-इस्लामिया, कर्नूल" को निर्धारण वर्ष 1977-78 के लिये और से उक्त धारा के प्रयोजनार्थ अधिसूचित करती है।

[सं० 2899(फा०सं० 197/7/79-आ०क० (एI)]

जे०पी० शर्मा, निदेशक

New Delhi, the 30th June, 1979

INCOME-TAX

S.O. 2938.—In exercise of the powers conferred by clause (v) of sub-section (23C) of section 10 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby notifies "Anjuman-e-Islamiah, Kurnool" for the purpose of the said section for and from the assessment year(s) 1977-78.

[No. 2899/F. No. 197/7/79-IT(A1)]

J. P. SHARMA, Director

नई दिल्ली, 16 अगस्त, 1979

आदेश

स्टाम्प

का०आ० 2939.—भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (1899 का 2) की धारा 9 की उपधारा (i) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा उस शुल्क को माफ करती है जो इण्डस्ट्रियल क्रेडिट एण्ड इन्वेस्टमेंट कारपोरेशन आफ इंडिया द्वारा अगस्त 1979 में प्रोमिसरी नोटों के रूप में जारी किये जाने वाले पैंतालीस करोड़ और दस लाख रुपये मूल्य के बन्धपत्रों पर, उक्त अधिनियम के अन्तर्गत प्रभार्य है।

[सं० 25/79-स्टाम्प-फा०सं० 33/38/79-वि०क०]

एस०डी० रामस्वामी, अवर सचिव

New Delhi, the 16th August, 1979

ORDER

STAMP

S.O. 2939.—In exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section 9 of the Indian Stamp Act, 1899 (2 of 1899), the Central Government hereby remits the duty with which the bonds in the form of promissory notes to the value of forty-five crores and ten lakhs of rupees, issued during the month of August, 1979 by the Industrial Credit and Investment Corporation of India, are chargeable under the said Act.

[No. 25/79-Stamps-F. No. 33/38/79-ST]

S. D. RAMASWAMY, Under Secy.

केन्द्रीय उत्पाद एवं सीमाशुल्क समाहर्ता का कार्यालय

बंगलौर, 7 अगस्त, 1979

सीमा-शुल्क

का०आ० 2940.—1962 के सीमा-शुल्क अधिनियम की धारा 8 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, समाहर्ता केन्द्रीय उत्पाद एवं सीमा-शुल्क कर्नाटक समाहरणालय बंगलौर, एतद्द्वारा मैसूर, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क समाहरणालय बंगलौर द्वारा जारी की गयी अधिसूचना सी०सं०

111/48/65/67 सीमा शुल्क दिनांक 23-9-68 में निम्नलिखित संशोधन करते हैं अर्थात्:—

उक्त अधिसूचना के कालम (4) से (6) बाट संख्या 29 के सामने निम्नलिखित शब्द तथा अंक उपाबद्ध सारणी में प्रतिस्थापित किया जाये अर्थात् :—

4	5	6
उत्तर से दक्षिण को 797 फीट मापन का मरित यार्ड। केवल शुल्क न देय मछलियों के अवतरण भाण्डारण के लिये मत्स्य उद्योग विभाग के स्वामित्व के दो उडन् (जेटिज) 1(69'×11'तथा 102'×11') (पूर्व से पश्चिम 80' (2) 161' 2/3'×125 1/3' (17 फीट विस्तार 125 1/2' पूर्व पश्चिम) उत्तर तथा दक्षिण : पीछे पानी पूर्व तथा उत्तर सार्वजनिक मार्ग (घोषित बाट संख्या 20 की कुल लंबाई 957 से बन्दरगाह भूमि क्षेत्र मापन 160' को अनुसूचित किया गया है)।	केवल शुल्क न देय मछलियों के लिये घाट/जेट्टी कायर लमक, शुल्क देय मछली तथा खजूर सरकारी बोरे/टाट तथा विस्फोटक दहनीय अनिष्टकर वस्तुएं तथा सामग्रिया	उतारना तथा लादना उतारना तथा लादना

[अधिसूचना सं० 3/79-सी०सं० 8/48/123/78-सीमा-शुल्क]

टी० एस० स्वामीनाथन,
समाहर्ता केन्द्रीय उत्पाद एवं सीमा-शुल्क

OFFICE OF THE CONTROLLER OF CENTRAL EXCISE AND CUSTOMS

Bangalore, the 7th August, 1979

CUSTOMS

S.O. 2940.—In exercise of the powers conferred by section 8 of the Customs Act, 1962, the Collector of Central Excise and Customs, Karnataka Collectorate, Bangalore hereby makes the following amendment in the notification C. No. VIII/48/65/67 Cus. dated 23-9-68 issued by the Mysore Central Excise Collectorate, Bangalore, namely :—

In the Table annexed to the said notification for words and figures mentioned in column (4) to (6) against wharf No. 20 in the said Table the following shall be substituted namely :—

(4)	(5)	(6)
The Marine yard measuring 797 feet North to South. Two wooden jetties owned by Fisheries Department for landing shipping of non-dutiable fish only. (Jetties : 1) 69'×11' & 102'×11' (East to West 80') (2) 161 2/3'×125 ½' (17 ft. wide, 125 ½'/East to West). W & S : Backwaters. E & N : Public road. (Denotified the Port land area measuring 160' out of total length 1957 feet of the declared wharf. No. 20)	Jetty for non-dutiable fish only. Coir, Salt dutiable fish and date Govt. gunnies and explosives combustible dangerous substances and articles.	Un-loading and loading Un-loading and loading

[Notification No. 3/79-C. No. VIII/48/123/78 Cus.,]

T. S. SWAMINATHAN,
Collector of Central Excise and Customs.

(आर्थिक कार्य विभाग)

(बैंकिंग प्रभाग)

नई दिल्ली, 16 अगस्त, 1979

का०आ० 2941.—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर, एतद्द्वारा घोषित करती है कि उक्त अधिनियम की धारा 10 की उपधारा (1) के खण्ड (ग) के उपखंड (1) और (2) के उपबन्ध, 16 मई, 1980 तक की अवधि के लिये यूनियन बैंक आफ इंडिया तथा इंडियन बैंक पर उस सीमा तक लागू नहीं होंगे, जहां तक कि उक्त उपबन्ध, इन बैंकों के अध्यक्षों एवं प्रबन्ध निदेशकों के, भारतीय निर्यात ऋण एवं गारंटी निगम लि० के निदेशक बनने पर रोक लगाते हैं, क्योंकि यह कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) के अन्तर्गत एक पंजीकृत कम्पनी है।

[संख्या एफ० 15(39)-बी०ओ०-III/77]

एन० डी० बत्रा, अवर सचिव

(Department of Economic Affairs)

(Banking Division)

New Delhi, the 16th August, 1979

S.O. 2941.—In exercise of the powers conferred by section 53 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949) the Central Government, on the recommendation of th Reserve Bank of India, hereby declares that the provision of sub-clauses (i) and (ii) of clause (c) of sub-section (1) of section 10 of the said Act shall not apply upto 26th May, 1980 to the Union Bank of India and Indian Bank in so far as the said provisions prohibit their Chairmen and Managing Directors from being directors of the Export Credit and Guarantee Corporation of India Ltd. being a company registered under the Companies Act, 1956 (1 of 1956).

[No. 15(39)-B.O. III/77

N. D. BATRA, Under Secy

(वित्त विभाग)

नई दिल्ली, 16 अगस्त, 1979

का०आ० 2942—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 77 के खण्ड (3) के अनुसरण में वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन नियम, 1978 में और संशोधन करने के लिये निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन (द्वितीय संशोधन) नियम, 1979 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन नियम, 1978 में,—

(1) नियम 3 के खंड (क) में निम्नलिखित परन्तुक अन्त:स्थापित किया जायेगा, अर्थात् :—

"परन्तु यह कि केन्द्रीय सरकार के किसी विभाग में, जहां समेकित वित्त सलाह स्कीम प्रवृत्त है, उस विभाग का समेकित वित्तीय सलाहकार, वित्त मंत्रालय के पर्यवेक्षणाधीन और ऐसे साधारण या विशेष आदेशों के अधीन रहते हुए जो वह मंत्रालय इस विषय में जारी करे उस मंत्रालय की सभी या किन्हीं शक्तियों का प्रयोग उनके अतिरिक्त करेगा, जो उक्त विभाग को इन नियमों द्वारा या इनके अधीन प्रत्योजित की गई हैं;"

(2) नियम 10 में, उपनियम (6) के खंड (क) का लोप किया जायेगा ;

(3) अनुसूची 3 के स्तम्भ 2 में, "अन्य विभाग" संबंधित मद (ii) में "में 2750 रु० प्रतिमास से कम वेतन वाले पद" शब्दों और

शब्दों के स्थान पर "2750 रु० प्रति मास तक वेतन वाले पद" शब्द और अंक रखे जायेंगे; और

(4) अनुसूची 7 के स्तम्भ 3 में, "मोटर यानों और मोटर साइकिलों का निष्प्रयोज्य ठहराया जाना" से संबंधित प्रविष्टि में "25,000 रु० 0" अंक और अक्षर के स्थान पर "1,00,000 रु०" अंक और अक्षर रखे जायेंगे ।

[संख्या एफ० 1(21)-ई०II(ए०)/78]
एस०के० दास, अवर सचिव

(Department of Expenditure)

New Delhi, the 16th August, 1979

S.O. 2942.—In pursuance of clause (3) of article 77 of the Constitution of India, the President hereby makes the following rules further to amend the Delegation of Financial Powers Rules, 1978, namely :—

1. (1) These rules may be called the Delegation of Financial Powers (Second Amendment) Rules, 1979

(2) They shall come into force on the date of their publication in the official Gazette.

2. In the Delegation of Financial Powers Rules, 1978,—

(i) in rule 3, in clause (e), the following proviso shall be inserted, namely :—

"Provided that in any Department of the Central Government where the Integrated Finance Advice Scheme is in force, the Integrated Financial Adviser of that Department will, subject to supervision by the Ministry of Finance and subject to such general or special orders as may be issued in this behalf by that Ministry, exercise all or any of the powers of that Ministry, beyond those delegated to the said Department by or under these rules";

(ii) in rule 10, the clause (e) of sub-rule (6) shall be omitted ;

(iii) in Schedule III, in column 2, in item (ii) relating to "Other Departments", for the words, letters and figures "on pay less than Rs. 2750/-", the words, letters and figures "on pay upto Rs. 2750/-" shall be substituted ; and

(iv) in Schedule VII, in column 3, in the entry relating to "Condemnation of motor vehicles and motor cycles", for the letters and figures "Rs. 25,000/-", the letters and figures "Rs. 1,00,000/-" shall be substituted.

[No.F. 1(21)-E.II(A)/78]
S. K. DAS, Under Secy.

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर-बोर्ड

नई दिल्ली, 3 नवम्बर, 1978

शुद्धि-पत्र

(आय-कर)

का०आ० 2943.—केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड की आयुक्त, (अपील) कलकत्ता की अधिकारिता संबंधी अधिसूचना सं० 2382 (फा०सं० 261/8/78-आई०टी०जे०) तारीख 7 जुलाई, 1978 में,—

पृष्ठ 3 पर अनुसूची के स्तम्भ 1 में, आय-कर आयुक्त (अपील) 13-के सामने,—

"XXX"के स्थान पर, "XXX और कटक" रखें ।

[सं० 2570—फा०सं० 261/13/78-आई०टी०जे०]

CENTRAL BOARD OF DIRECT TAXES

New Delhi, the 3rd November, 1978

CORRIGENDUM

INCOME-TAX

S.O. 2943.—In the Notification of the Central Board of Direct Taxes No. 2382 (F. No 261/8/78-ITJ) dated the 7th July, 1978 for the jurisdiction of Commissioner (Appeals) at Calcutta.

In Column 1 of the Schedule at page 3 against Commissioner of Income-tax (Appeals)-XIII.

Substitute "XXX and Cuttack" in place of "XXX".

[No. 2570/F. No. 261/13/78-ITJ]

आय-कर

का०आ० 2944.—केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 122 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस निमित्त उसे समर्थ बनाने वाली अन्य सभी शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधिसूचना सं० 2383 (फा० सं० 261/7/78-आई०टी०जे) तारीख 7-7-78 से उपाबद्ध अनुसूची में निम्नलिखित संशोधन करना है, अर्थात्:—

अनुसूची में

नीचे लिखी रेंजों के सामने निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:—

स्तम्भ 1	स्तम्भ 2
रेंज 1	1. कम्पनी जिला—1
	2. कम्पनी जिला—5
रेंज 4	1. कम्पनी जिला—2
	2. कम्पनी जिला—4
रेंज 5	1. कम्पनी जिला—3
	2 विशेष सर्किल—8, कम्पनी जिला—5
	3. कम्पनी जिला—6
	4. विदेशी कम्पनी रेंज—1
	5. विदेशी कम्पनी रेंज—2
	6. विदेशी कम्पनी सर्किल—1
	7. विदेशी कम्पनी सर्किल—2
	8. सहकारिता भवन सर्किल
	9. जूट सर्किल
	10. सहकारिता समिति सर्किल
	11 विशेष अन्वेषण रेंज
	12. विशेष अन्वेषण रेंज—1
	13. विशेष अन्वेषण सर्किल
	14. विशेष अन्वेषण सर्किल
	15 विशेष अन्वेषण रेंज-3
	16. विशेष अन्वेषण सर्किल—3
रेंज 8	1. जिला 4(3)
	2. जिला 3(1)
	3. व्यास सर्किल
	4. जिला 1(2)
	5. हावड़ा
	6. विशेष सर्किल—4 हावड़ा
	7. विशेष सर्किल—5, हावड़ा
	8. विशेष सर्वेक्षण सर्किल—9
रेंज 6	1. जिला 5(2)
	2. जिला 3(2)
	3. विशेष सर्किल—3, जिला 5(2)
	4. जिला 5(1)
	5. विशेष सर्वेक्षण सर्किल—8

जहां कोई आयकर सर्किल, वार्ड या जिला या उसका भाग इस अधिसूचना द्वारा एक रेंज से किसी अन्य रेंज को अन्तरित हो जाता है, वहां उस आय-कर सर्किल, वार्ड या जिले या उसके भाग में किए गए निर्धारणों से उत्पन्न होने वाली और उस रेंज के, जिसमें वह आय-कर सर्किल, वार्ड या जिला या उसका भाग अन्तरित हुआ है, सहायक आय-कर आयुक्त (अपील) के समक्ष इस अधिसूचना की तारीख के ठीक पूर्व लम्बित अपीलें उस तारीख से जिस तारीख को यह अधिसूचना प्रभावी होती है, उस रेंज के, जिसको उक्त सर्किल, वार्ड या जिला या उसका भाग अन्तरित हुआ है, सहायक आयकर आयुक्त (अपील) को अन्तरित की जाएंगी और उनके द्वारा उन पर कार्यवाही की जाएगी।

यह अधिसूचना 1-11-78 से प्रभावी होगी।

[सं० 2571(261/13/78-आई०टी०जे०)]

Whereas the Income-tax Circle, Ward or Distt.) or part thereof stands transferred by this Notification from one Range to another Range, appeals arising out of the assessments made in that Income tax Circle, Ward or Districts or part thereof and pending immediately before the date of this Notification before the A.A.C. of the Range from whom that Income-tax Circle, Ward or District or part thereof is transferred shall from the date of this Notification takes effect be transferred to and dealt with by the A.A.C. of the Range to whom the said Circle, Ward or Distirct or part thereof is transferred.

This notification shall take effect from 1-11-78.

[No. 2571(261/13/78-ITJ)]

INCOME-TAX

S.O.2944.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 122 of the I.T. Act, 1961 (43 of 1961) and of all other powers enabling it in that behalf, the Central Board of Direct Taxes, hereby, makes the following amedments to the Schedule appended to its Notification No. 2383(F. No. 261/7/78-ITJ) dated 7-7-78.

In the Schedule

The following shall be substituted against the ranges mentioned below:

Column 1	Column 2
Range I	1. Compl Dist. I.
	2. Compl Dist. V.
Range IV	1. Compl Dist. II.
	2. Comp Dist. IV.
Range V.	1. Comp Dt. III
	2. Special Circle-VIII, Comp. Dist. V.
	3. Comp. Dist. VI.
	4. Foreign Companies Range-I
	5. Foreign Companies Range-II
	6. Foreign Companies Circle-I.
	7. Foreign Companies Circle-II.
	8. Co-operative Housing Circle
	9. Jute Circle.
	10. Co-operative Societies Circle.
	11. Special Investigation Range.
	12. Special Investigation Range.
	13. Special Investigation Circle
	14. Special Investigation Circle
	15. Spl. Investigation Range-I.
	16. Spl. Investigation Circle-I.
Range VIII	1. Dist. IV(3)
	2. Dist. III(1)
	3. Trust Circle.
	4. Dist. I (2)
	5. Howrah.
	6. Spl. Circle-IV, Howrah
	7. Spl. Circle-V, Howrah.
	8. Spl. Survey Circle-IX.
Range VI	1. Dist. V(2).
	2. Dist. III(2)
	3. Spl. Circle-III, Dist. V(2)
	4. Dist. V(1)
	5. Spl. Survey Circle-VIII.

नई दिल्ली, 15 नवम्बर, 1978

आयकर

का०आ० 2945.—केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 121-क की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों और इस निमित्त उसे समर्थ बनाने वाली अन्य सभी शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधिसूचना सं० 2471 (फा० सं० 261/22/78-आई०टी०जे०) तारीख 18-8-78 से उपाबद्ध अनुसूची में निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात्:—

उक्त अनुसूची में निम्नलिखित परिवर्तन और परिवर्धन किए जाएंगे अर्थात्:—

क्र० सं०	भारसाधन और मुख्यालय	आयकर सर्किल और वार्ड	सहायक आयकर आयुक्त निरीक्षण का रेंज
1	2	3	4
1	आयुक्त (अपील-1 अहमदाबाद	प्रविष्टि सं० 1 का लोप किया जाएगा	प्रविष्टि सं० 1 और 2 का लोप किया जाएगा

क्रम सं० 4 के पश्चात् निम्नलिखित परिवर्धन किए जाएंगे।

5	आयुक्त (अपील) 3, अहमदाबाद	1 सहकारिता सर्किल—3, अहमदाबाद	ए भार 9, अहमदाबाद
		2 — 4 ,,	
		3 — 10 ,,	
		4 — 11 ,,	
		5 — 12 ,,	
		6 — 13 ,,	
		7 — 14 ,,	
6	आयुक्त (अपील) —4, अहमदाबाद	1 सह० सर्किल 1, अहमदाबाद	ए भार 8, अहमदाबाद
		2 — 2 ,,	
		3 — 5 ,,	
		4 — 6 ,,	
		5 — 7 ,,	
		6 — 8 ,,	
		7 — 9 ,,	
		8 — 15 ,,	

जहां कोई आयकर सर्किल, वार्ड, जिला या रेंज या उसका भाग इस अधिसूचना द्वारा एक आयकर आयुक्त अपील के भार साधन से किसी अन्य आयकर आयुक्त अपील के भार साधन को अन्तरित हो जाता है, वहां उस आय-कर सर्किल, वार्ड, जिले या रेंज या उसके भाग में किए गए निर्धारणों से उत्पन्न होने वाली और उस भार साधन के जिससे वह आय-कर सर्किल, वार्ड या जिला या रेंज या उसका भाग अन्तरित हुआ है, आय-कर आयुक्त (अपील) के समक्ष इस अधिसूचना की तारीख के

ठीक पूर्व लंबित अपीलें उस तारीख से जिस तारीख को यह अधिसूचना प्रभावी होती है, उस भारसाधन के, जिसको उक्त सर्किल, वार्ड, जिला या रेंज या उसका भाग अन्तरित हुआ है आयकर आयुक्त (अपील) को अन्तरित की जाएगी और उसके द्वारा उन पर कार्यवाही की जाएगी।

यह अधिसूचना 4-11-78 से प्रभावी होगी।

[सं० 2581-फा०सं० 261/22/78-आई०टी०जे]

New Delhi, the 15th November, 1978

INCOME-TAX

S.O. 2945.—In exercise of the Powers conferred by sub-section (1) of section 121A of the Income-tax Act, 1961(43 of 1961) and of all other powers enabling it in that behalf the Central Board of Direct Taxes, hereby makes the following amendments in the Schedule appended to its Notification No. 2471(F. No. 261/22/78-ITJ) dated 18-8-78.

In the said Schedule the following alterations and additions shall be made :

Sl. No.	Charge with Headquarters	Income-tax Circle and Wards	Ranges of Inspecting Assistant Commissioners of Income-tax
1	2	3	4
1.	Commissioner (Appeals)-I, Ahmedabad.	Entry No. 1 to be deleted.	Entries No. 1 & 2 to be deleted.

After Sr. No. 4, the following additions shall be made :—

5.	Commissioners (Appeals)-III, Ahmedabad.	1. Co. Circle III, A' bad. 2. Co. Cir IV, A' bad. 3. Co. Cir. X, A' bad. 4. Co. cir XI A' bad 5. Co. Cir. XII, A' bad. 6. Co. Cir. XIII, A' bad. 7. Co. Cir. XIV, A' bad.	A.R. IX, Ahmedabad
6.	Commissioner (Appeals)-IV, Ahmedabad.	1. Co. Cir. I, A' bad. 2. Co. Cir. II, A'bad. 3. Co. Cir. V, A'bad. 4. Co. Cir. VI, A' bad. 5. Co. Cir. VII, A' bad. 6. Co. Cir. VIII, A' bad. 7. Co. Cir. IX, A' bad. 8. Co. Cir. XV, A' bad.	A.R. VII, Ahmedabad.

Where I.T. Circles, Wards, Districts or Ranges or part thereof stand transferred by this Notification from one Commissioner of Income-tax (Appeals) Charge to another Commissioner of Income-tax (Appeals) Charges, Appeals arising out of assessments made in that I.T. Circles, Wards, Districts or Ranges or part thereof and pending immediately before the date of this Notification before the Commissioner of Income-tax (Appeals) from whom that I.T. Circles, Wards, Districts or Ranges or part there of are transferred, shall from the date of this Notification shall take effect be transferred to and dealt with by the Commissioner of Income-tax (Appeals) of the Commissioner of Income-tax (Appeals) charge to whom the said Circles, Wards, Distts. or Ranges or part thereof are transferred.

This Notifications shall take effect from 4-11-78.

[No 2581/F. No. 261/22/78-ITJ]

नई दिल्ली, 21 नवम्बर, 1979

आयकर

का०आ० 2946—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 121-क की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग और पहले जारी की गई अधिसूचना का आंशिक उपान्तरण करते हुए केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड निदेश देता है कि नीचे अनुसूची के स्तम्भ (1) में विनिर्दिष्ट भारसाधन करने वाले आयकर आयुक्त (अपील), उसके स्तम्भ (2) और स्तम्भ (3) में तत्संबन्धी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट आयकर सर्किलों, वार्डों, जिलों और रेंजों में ऐसे सभी व्यक्तियों के बारे में जिन पर आयकर या अतिकर या ब्याजकर निर्धारित किया गया है और जो आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 246 की उपधारा (1) के खण्ड (क) से (ज), कम्पनी (लाभ) अतिकर अधिनियम, 1964 (1964 का 7) की धारा 2 की उपधारा (1), ब्याजकर अधिनियम, 1974 (1974 का 45) की धारा 15 की उपधारा (1) में वर्णित किसी आदेश से व्यथित है तथा ऐसे व्यक्तियों या व्यक्ति वर्ग के बारे में भी, जिनके लिए बोर्ड ने आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 246 की उपधारा (2) के खण्ड (1) के उपबन्धों के अनुसार निदेश दिया है या भविष्य में निर्देश दे, अपने कृत्यों का पालन करेंगे।

अनुसूची

भारसाधन और मुख्यालय	आयकर वार्ड, सर्किल और जिला	सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण) का रेंज
1	2	3
आयुक्त (अपील)- 1, नई दिल्ली	सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण), रेंज 1-क, 1-ख, 1-ग, 1-घ और 1-ङ, नई दिल्ली की अधिकारिता में के सभी वार्ड/सर्किल	आयकर आयुक्त दिल्ली-1 की अधिकारिता में रेंज 1-क, 1-ख, 1-ग, 1-घ और 1-ङ
आयुक्त (अपील)- 2, नई दिल्ली	सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण) रेंज 2-क, 2-ख और 2-घ नई दिल्ली की अधिकारिता में के सभी वार्ड/सर्किल	आयकर आयुक्त दिल्ली-2 की अधिकारिता में रेंज 2-क, 2-ख और 2-च
आयुक्त (अपील)-6, नई दिल्ली	सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण) रेंज-3क, 3ख, 3ग, 3घ और 3ङ, नई दिल्ली की अधिकारिता में के सभी वार्ड/सर्किल	आयकर आयुक्त दिल्ली-4 की अधिकारिता में रेंज 3-क, 3-ख, 3ग, 3घ और 3ङ
आयुक्त (अपील)- 7, नई दिल्ली	सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण) रेंज 5-क, 5ख, 5ग, 5घ और 5ङ, नई दिल्ली की अधिकारिता में के सभी वार्ड/सर्किल	आयकर आयुक्त दिल्ली-5 की अधिकारिता में रेंज 5-क, 5-ख, 5ग, 5घ और 5ङ

यह अधिसूचना 15-11-78 से प्रभावी होगी।

[सं० 2588/फा०सं० 261/2/78—आई०टी०जे०)]

New Delhi the, 21st November, 1978

INCOME-TAX

S.O. 2946.—In exercise of the powers conferred by sub-section(1) of section 121A of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961) and in partial modification of the notification issued earlier, the Central Board of Direct Taxes hereby direct that the Commissioner of I.T. (Appeals) of the Charges specified in Col. (1) of the Schedule below, shall perform their functions in respect of such persons assessed to income-tax or surtax or interest tax in the Income-tax Wards, Circles, Districts and Ranges specified in the corresponding entries in columns (2) and Col. (3) thereof as are aggrieved by any of the orders mentioned in clauses (a) to (h) of sub-section (2) of Section 246 of the Income-tax Act, 1961, in sub-section (1) of Section II of Companies (Profits) Surtax Act, 1964 (7 of 1964) and in sub-section (1) of Sections 15 of the Interest-tax Act, 1974 (45 of 1974) and also in respect of such persons or classes of persons as the Board has directed or may direct in future in accordance with the provisions of clause (i) of sub-section (2) of Section 246 of the Income-tax Act, 1961.

SCHEDULE

9. The question is as to what is the legal effect of this continuance of the contract labour system even inspite of its abolition by a Government Notification with effect from 1-2-75. It is under Section 10 of the Contract Labour (Regulation and Abolition) Act, 1970, that the Central Government did issue the notification of abolition of contract labour with respect to coal loading. That section no where provides the consequences of non-compliance with such notification of abolition of contract labour. However, Sections 23 and 25 provide that the contravention of that notification would be an offence which will be cognizable according to Section 26 only on the complaint made by or with the previous sanction in writing of the Inspector and that too within the period of three months of the breach, according to Section 27 of the Act The period of limitation has passed long ago and neither the Inspector filed any complaint nor any attempt was made to obtain his sanction for the prosecution of the officers of the company for continuing the contract labour system even after its abolition Proviso to sub-section (1) of Section 25 of the Act says that a person contravening the notification relating to abolition shall not be liable if he proves that he exercised all due deligence to prevent the commission of such an offence. Shri Ghosh has spelt out the situation that compelled him to continue the contract labour system with the sanction of the higher authorities. It is mute question whether those reasons would amount to exercising due deligence for preventing the commission of such an offence. This proviso indicates that even after declared abolition the bar is not so absolute as to rule out continuance of that system forthwith without adverting to the forces operating against such immediate discontinuance. Interest of the industry may require it's continuance till arrangements are made for suitable alternatives to take the ground. That is why the offence has been made non-cognizable and requires sanction or complaint by the Inspector. Considering all these aspects I am of the view that the notification to be issued under Section 10 is only directory in nature and not mandatory. Thus the fact that Contract Labour System continued for about 2 more years even after it's abolition by a notification was almost un-consequential in its effect on the relationship between the company and the contractor's labourers.

10. The Act no where provides that on the abolition of the contract labour system the contractor's labourers shall be ipso facto absorbed by the company abolishing the contract Such a provision has not been made by the legislature deliberately because it may give rise to various complications. As in the present case the company had already surplus labour elsewhere which they wanted to absorb. It will be too much

to ask the industry to absorb the contractor's labourers even when the industry itself has its own surplus labour to be absorbed. It may be, as in the present case, that the company wanted to go in for mechanised working of the loading system which would render all these contractor's labourers as unnecessary dead weight to be carried by the industry. Sri Gupta has stated on oath that he wanted to bring pay loader (an atomatic loading machine) but the contractor's labourers did not allow it to work. Ultimately by 1-4-77 the company diverted one of its pay loaders to this area for mechanised loading and when it could be successfully installed the management did do away with the contract labour system for coal loading. It is for these and similar reasons that the Act has not provided that on the abolition of contract labour system the contractor's labourers would inso facto become absorbed workmen of the company. This omission appears to be deliberate if read with specific provisions enacted in the Coking Coal Nationalisation Act and other such Acts which take care of continued service security and emoluments of the workmen of the earstwhile owners.

11. Under the circumstances a heavy burden lay on the union and the workmen to show that they were actually appointed by the company on some date after 1-2-75 as their own workmen. They have failed to establish it. Neither there is any identity card with any of these workmen nor any appointment letter. Their personal files have not been opened and there is no evidence to show that they were being paid as the workers of the company. The payment if any was being made on behalf of the contractor and under the personal supervision of an officer of the company as required by the Act. It is not correct that such payment was being made on Sundays. The management's witness has categorically stated that no cash transactions are done on holidays. The union leader who appeared in the witness box could not say whether the payment that was being made to the workers was debited by the company to the account of the contractor or not.

12. Considering all these factors it is clear that the relationship of employer and employer never came into existence between these 84 workmen and the Central Coalfields Limited. Therefore the fact that they became idle from 1-4-77 does not amount to illegal lock out by the company. The workmen are not entitled to any relief of this count. As there was no relationship of Employer and employee between these labourers and the company no dispute between them could amount to an industrial dispute and as no industrial dispute came into existence the Central Government acquired no jurisdiction to refer the same to this Tribunal. The reference part (2) is thus no maintainable.

13. As for reference part (1) it goes without saying that after coming into force of National Coal Wage Agreement the contractor's coal loaders should have been paid at the rate specified therein. If the payment has not been made accordingly, the workers should make a demand from the contractor for paying the difference and if the contractor fails, the difference can be claimed by the workers from the principal employers through Application under Section 33C(2) of the Industrial Disputes Act. The reference is answered accordingly.

S. N. JOHRI, Presiding Officer
[No. L-20012/113/77-D. III(A)]

S.O. 2981.—In pursuance of section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the following award of the Central Government Industrial Tribunal No. 1, Dhanbad in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Jamadoba Colliery of Messrs Tata Iron and Steel Company Limited, Post Office Jamadoba, District Dhanbad and their workmen, which was received by the Central Government on the 18th August, 1979.

BEFORE THE CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL NO. 1, DHANBAD

In the matter of a reference under Sec. 10(1)(d) of the Industrial Disputes Act, 1947

Reference No. 8 of 1979

PARTIES:

Employers in relation to the Management of Jamadoba Colliery of M/s Tata Iron & Steel Co. Ltd., P. O. Jamadoba, District Dhanbad.

AND

Their Workmen

APPEARANCES:

For the Management—None.

For the Workmen—None

STATE: Bihar INDUSTRY: Coal.

Jabalpur, dated the 7th August, 1979

AWARD

This is a reference made by the Government of India in the Ministry of Labour vide it's Order No. L-20012/225/78-D. III(A) dated, the 19th January, 1979, for the adjudication of the following industrial dispute:

"Whether the action of the management of Jamadoba Colliery of Messrs Tata Iron and Steel Company Limited, Post Office Jamadoba, District Dhanbad in correcting the date of appointment of Shri Haider, Pump Khalasi (Ticket No. 25996) from August, 1938 to 11th March, 1940 is justified? If not, to what relief is the said workmen entitled?"

2. The parties filed a settlement out of court on 1-8-1979. I have gone through the terms of settlement. They appear to be fair and proper. Award is given in terms of the settlement which shall form part of the award.

S. N. JOHRI, Presiding Officer

[No. L-20012/225/78-D. III(A)]
S. H. S. IYER, Desk Officer

BEFORE THE PRESIDING OFFICER, CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL-CUM-LABOUR COURT NO. 1, DHANBAD

Reference No. 8 of 1979

Employers in relation to the Management of Jamadoba Colliery of M/s Tata Iron & Steel Co. Limited., P.O. Jamadoba, District Dhanbad.

Their Workmen

That the parties abovenamed have come to an amicable settlement on the following terms:

1. That the date of appointment of Sri Haider, Pump Khalasi (T. No. 25996) will be taken as 10th August, 1938.
2. That the date of appointment namely 10th August, 1938 will be mentioned in all relevant records maintained in the Colliery concerning the workmen.
3. That the above terms of settlement finally resolves the dispute referred to the Honourable Tribunal and there remains no further dispute which needs adjudication by the Honourable Tribunal.

It is, therefore, prayed that the above terms of settlement may kindly be approved and an Award passed in terms thereof.

For Union
(C. P. Raysharma)
for Workmen
(Haidar)
for Employer.
Sd. Illegible.

नई दिल्ली, 1 सितम्बर 1979

का० आ० 2982.—निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण तथा निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 17 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार निर्यात निरीक्षण अभिकरण कर्मचारी (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1978 में संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात :—

1. (1) इन नियमों का नाम निर्यात निरीक्षण अभिकरण कर्मचारी (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) द्वितीय संशोधन नियम, 1979 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ?

2 निर्यात निरीक्षण अभिकरण कर्मचारी (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1978 में,—

(1) नियम 11 के उपनियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात :—

"(2) जब कभी अनुशासनिक प्राधिकारी की यह राय हो कि अभिकरण-कर्मचारी के विरुद्ध अवचार या कदाचार के किसी लांछन की सच्चाई की जांच करने के लिए आधार है, तब उसकी सच्चाई की जांच वह स्वयं कर सकेगा या ऐसा करने के लिए इस नियम के अधीन किसी जांच सेवक की नियुक्ति कर सकेगा।

स्पष्टीकरण—जहां कि अनुशासनिक प्राधिकारी स्वयं जांच करता है वहां उपनियम (7) से लेकर उप-नियम (20) तक में और उपनियम (22) में जांच प्राधिकारी के प्रति किसी भी निर्देश का अर्थ यह लगाया जाएगा कि वह अनुशासनिक प्राधिकारी के प्रति निर्देश है";

(2) नियम 11 के उप-नियम 5 (ग) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात :—

"5(ग) जहां कि अनुशासन प्राधिकारी आरोप के किसी अनुच्छेदों की जांच स्वयं करता है या ऐसे आरोप की जांच करने के लिए कोई जांच प्राधिकारी नियुक्त करता है वहां वह आरोप के अनुच्छेदों के समर्थन में अपनी ओर से मामले को उपस्थापित करने के लिए किसी सरकारी सेवक या विधि-व्यवसायी को, आदेश द्वारा, नियुक्त कर सकेगा, जो "उपस्थापक आफिसर" के नाम से ज्ञात होगा";

(3) नियम 11 के उप-नियम (8) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात :—

"(8) अभिकरण कर्मचारी अपनी ओर से मामला उपस्थापित करने के लिए किसी सरकारी सेवक की सहायता ले सकेगा किन्तु इस प्रयोजन के लिए कोई विधि-व्यवसायी तब तक नियुक्त नहीं कर सकेगा जब तक कि अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा नियुक्त उपस्थापक आफिसर विधि व्यवसायी नहीं है अथवा अनुशासनिक प्राधिकारी मामले की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, ऐसी अनुज्ञा न दे";

3. नियम 24 के उप-नियम (2) के परन्तुक (1) और (2) में से निम्नलिखित शब्दों का, जहां कहीं वे आए है, लोप किया जाएगा, अर्थात :—

"प्रस्थापित शास्ति के विरुद्ध ऐसी जांच के दौरान पेश किए गए साक्ष्य के आधार पर, नियम 12 के उप-नियम (4) के उपबन्धों के यावतशक्य अनुसार अभिवेदन करने का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात"।

4. नियम 26 के परन्तुक (2) में से निम्नलिखित शब्दों का लोप किया जाएगा, अर्थात :—

"तथा संबंधित व्यक्ति को ऐसे अभ्यावेदन जैसे कि वह अधिरोपित शास्ति के विरुद्ध करना चाहताहै करने का अवसर देने के पश्चात"।

[सं० 3/11/76 ई० आई एण्ड ई० पी०]

सी० बी० कुकरेती, संयुक्त निदेशक

New Delhi, the 1st September, 1979

S.O. 2982.—In exercise of the powers conferred by section 17 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963), the Central Government hereby makes the following rules to amend the Export Inspection Agency Employees (Classification, Control and Appeal) Rules, 1978 viz.—

1. (1) These rules may be called the Export Inspection Agency Employees (Classification, Control and Appeal) Second Amendment Rules, 1979.

(2) They shall come into force on their publication in the Official Gazette.

2. In the Export Inspection Agency Employees (Classification, Control and Appeal) Rules, 1978.—

(1) for sub-rule (2) of rule 11, the following shall be substituted, namely :—

"(2) Wherever the disciplinary authority is of the opinion that there are grounds for inquiry into the truth of any imputation of misconduct or misbehaviour against agency employee, it may itself, inquire or appoint under this rule a public servant to inquire into the truth thereof.

Explanation.—Where the disciplinary authority itself holds inquiry, any reference in sub-rule (7) to sub-rule (20) and in sub-rule (22) to the inquiry authority shall be construed as a reference to the disciplinary authority";

(2) for sub-rule 5(c) of rule 11, the following shall be substituted, namely :—

"5(c) Where the disciplinary authority itself inquires into any article of charge or appoints an inquiring authority for holding an inquiry into such charge, it may, by an order, appoint a public servant or a legal practitioner, to be known as the "Presenting Officer" to present on its behalf the case in support of articles of charge.";

(3) for sub-rule (8) of rule 11, the following shall be substituted, namely :—

"(8) The agency employee may take the assistance of any public servant to present the case on its behalf but may not engage a legal practitioner for the purpose unless the presenting officer appointed by the disciplinary authority is a legal practitioner, or the disciplinary authority having regard to the circumstnces of the case, so permits";

3. In provisos (i) and (ii) of sub-rule (2) of rule 24, the following words, wherever they occur, shall be omitted, namely :—

"after giving the appellant a reasonable opportunity as far as may be in accordance with the provisions of sub-rule (4) of rule 12 of making a representation against the penalty proposed on the basis of the evidence adduced during such enquiry".

4. In the proviso (ii) of rule 26, the following words shall be omitted, namely :—

"after giving the person concerned an opportunity of making any representation which he may wish to make against such penalty".

[F. No. 3(11)76-EI&EP]

C. B. KUKRETI, Jt. Director

वित्त मंत्रालय

(बैंकिंग प्रभाग)

(आर्थिक कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 6 नवम्बर, 1978

का. आ. 2983.—भारतीय रिजर्व बैंक एक्ट 1934 की धारा 53 (2) के अनुसार केन्द्रीय निदेशक बोर्ड ने भारत सरकार को 30 जून, 1978 को समाप्त हुए वर्ष के लिए रिजर्व बैंक आफ इंडिया के कामकाज पर वार्षिक रिपोर्ट भेजी है, जो नीचे उद्धृत की जाती है:—

पहली जुलाई 1977 से 30 जून 1978 तक के

वर्ष के भारतीय रिज़र्व बैंक के कामकाज पर

वार्षिक रिपोर्ट

अध्याय 1 आर्थिक स्थिति-1977-78

इस वर्ष के दौरान किस की दर में उल्लेखनीय सुधार पाया गया । अनाजों तथा विदेशी मुद्रा की स्थिति और सुधरी । पहले इन दोनों की स्थिति अर्थव्यवस्था में अत्यधिक शोचनीय हुआ करती थी । मुद्रा उपलब्धि में काफी अधिक वृद्धि होने के बावजूद वस्तुओं की मूल्य प्रवृत्तियां आम तौर पर काफी संतोषजनक थीं । इसका कारण यह था कि कुछ अत्यधिक उपभोक्ता वस्तुओं और दुर्लभ कच्चे माल की पूर्ति उदार आयातों और भीतरी आवाजाही पर लगाये गये प्रतिबन्धों में ढील दिये जाने के कारण काफी अच्छी रही ।

2. इन संतोषजनक परिस्थितियों के साथ साथ वर्तमान स्थिति के कुछ चिन्ताजनक पहलू भी थे । औद्योगिक वृद्धि की गति में अवरोध रहा है और उद्योग क्षेत्र की रुग्णता में वृद्धि हुई है । देशी निवेश की अपेक्षा देशी बचत में वृद्धि के कारण हुई प्रारक्षित विदेशी मुद्रा निधियों में और अधिक वृद्धि तथा सार्वजनिक क्षेत्र के जो खाद्यान्न स्टाक निकाले जाते हैं उनमें कमी आयी-यह स्थिति अर्थव्यवस्था में पायी गई थोड़ी-सी मंदी की द्योतक है; किन्तु यह कहा जा सकता है कि मंदी की यह स्थिति विकासपरक बजट संबंधी तथा अन्य नीतियों के कार्यान्वयन के लिये आवश्यक समयान्तर के कारण उत्पन्न हुई है । वस्तुतः इस वर्ष की अन्तिम तिमाही में औद्योगिक उत्पादन की गति में तेजी के संकेत पाये गये हैं और योजना व्यय में जैसे-जैसे वृद्धि होगी, तेजी की यह प्रवृत्ति इस वर्ष में बाद में और सशक्त होगी । इस परिप्रेक्ष्य में जब हम देखते हैं कि लगातार दूसरे वर्ष भी मुद्रा उपलब्धि में काफी अधिक वृद्धि हुई है तब इस दिशा में निरंतर सतर्कता बरतने की आवश्यकता सुनिश्चित होती है ।

3. इस वर्ष के दौरान इस कठिन परिस्थिति का सामना करने के लिए कई नीतिगत प्रयास किये गये हैं । निवेश को बढ़ाने के उद्देश्य से कतिपय वर्तमान नियंत्रणों और प्रतिबंधों को शिथिल किया गया आयात नीति काफी उदार बनायी गई । औद्योगिक लाइसेंसीकरण के लिए निर्धारित छूट सीमाओं को बढ़ाया गया । अनुपूरक राजकोषीय और मुद्रागत प्रयासों से ऋण की लागत में कमी आयी । इसके साथ ही अर्थव्यवस्था में लघु उद्योग क्षेत्र तथा रोजगार प्रधान कार्यों के विकास पर जोर देते हुए अधिक संतुलन लाने का प्रयास किया गया । नयी औद्योगिक नीति में लघु उद्योगों के लिए अलग से आरक्षित क्षेत्रों का निर्धारण किया गया । छठी पंचवर्षीय योजना के प्रारूप के प्रमुख उद्देश्यों में बेरोजगारी और व्यापक रूप से विद्यमान न्यून रोजगारी को दूर करना तथा अगले दस वर्षों में समाज के बहुत अधिक निर्धन वर्गों के जीवन स्तर को बढ़ाना भी है । इस दिशा में प्रयास जारी रखने होंगे ।

4. बाह्य दृष्टि से रुपया सापेक्ष रूप में प्रायः स्थिर रहा है । भारत के प्रमुख व्यापार सहयोगियों के मुद्रा समूह के संदर्भ में 1975 से रुपये का मूल्य सुनिश्चित किये जाने के कारण यह स्थिरता आ सकी । आलोच्य वर्ष के दौरान दो मामूली समायोजनों को छोड़कर स्टर्लिंग के संदर्भ में (जो मध्यवर्ती मुद्रा है) रुपये की विनिमय दर काफी स्थिर रही । किन्तु प्रमुख मुद्राओं, विशेषकर अमेरिकी डालर के मूल्य में भारी उतार-चढ़ाव होने के कारण जून 1978 से विनिमय दर में कुछ और परिवर्तन करना आवश्यक हो गया है । विशिष्ट मुद्रा समूह के संदर्भ में रुपये के विनिमय मूल्य को बनाये रखने की नीति के कारण निर्यातों से अर्जित किये जानेवाले रुपये की वसूली में अनिश्चितता की स्थिति कम हो गई है और इस कारण भारत का विदेशी व्यापार संरक्षित हो गया है । फिर भी 1977-78 में विश्व की जो स्थिति विद्यमान थी वह निर्यात की वृद्धि को बनाये रखने के अनुकूल नहीं थी । प्रमुख औद्योगिक देशों में मंदी की स्थिति होने के कारण विश्व व्यापार की मात्रा में होनेवाली वृद्धि 1976 के 11 प्रतिशत से गिरकर 1977 में लगभग 4 प्रतिशत हो गयी है । औद्योगिक अर्थव्यवस्था के विकास को जब मंदी का सामना करना पड़ा तब संरक्षण की प्रवृत्ति और सशक्त हो गयी । इसके अलावा कुछ ऐसी निर्यात वस्तुओं के मामले में प्रतिकूल स्थितियां पायी गयीं जिन के कारण पिछले वर्ष निर्यातों में काफी अधिक वृद्धि हुई थी । इसके विपरीत पहले से अधिक उदार आयात नीति के कारण काफी अधिक आयात होने लगे जिसके परिणामस्वरूप 1977-78 में विदेश व्यापार के लेखे में पुनः घाटे का सामान्य स्वरूप पाया गया । साथ ही अप्रैल-जून 1978 में प्रारक्षित निधियों की वृद्धि के दर में उल्लेखनीय गिरावट आने के संकेत भी मिलने लगे ।

राष्ट्रीय आय और उत्पादन

5. 1977-79 (अप्रैल-मार्च) के दौरान सकल राष्ट्रीय उत्पादन की वृद्धि दर 6 प्रतिशत के आसपास होने की आशा है । यह वृद्धि दर 1976-77 में 1.6 प्रतिशत थी । वृद्धि की यह उच्चतर दर कृषि क्षेत्र के अच्छे कार्य के कारण हो सकी । इसके विपरीत औद्योगिक क्षेत्र की वृद्धि दर इस वर्ष के दौरान अपेक्षाकृत कम थी । 1976-77 की स्थिति भिन्न थी । तब प्रतिकूल मौसमी स्थितियों के कारण कृषि उत्पादन में गिरावट आयी थी और औद्योगिक उत्पादन

में काफी अधिक वृद्धि हुई थी । १९७५-७६ में १९७७-७८ की तरह ही राष्ट्रीय आय की वृद्धि में कृषि का योगदान उल्लेखनीय था, जब कि उद्योग क्षेत्र पीछे रह गया था ।

बचत और निवेश

६. प्रारंभिक प्राक्कलनों के अनुसार स्थायी मूल्य पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पादन में देशी बचत का अनुपात १९७६-७७ (परिशोधित) में स्थित १७.९ प्रतिशत से गिरकर १९७७-७८ में १५.७ प्रतिशत हो गया इसका प्रमुख कारण यह था कि घरेलू क्षेत्र की बचत-आय अनुपात में उल्लेखनीय गिरावट आ गयी थी । प्रमुखत: अनिवार्य जमा योजना के अधीन चूकौतियों के कारण सरकार पर किये गये दावे जैसी वित्तीय आस्तियो, जमाराशि और चलमुद्रा में कम वृद्धि होने से यह स्थिति उत्पन्न हुई । जहां सार्वजनिक क्षेत्र की बचत के अनुपात में भी सीमान्त रूप से गिरावट आयी वहां देशी कपनी क्षेत्र की बचत का अनुपात पिछले वर्ष के स्तर पर ही अपरिवर्तित रहा । यह स्थिति सारणी १ से स्पष्ट होती है । राष्ट्रीय आय में वित्तीय साधनो के वितरण का अनुपात भी पिछले वर्ष की तुलना में कम था (जहां पिछले वर्ष १.८ प्रतिशत था वहां इस वर्ष १ ४ प्रतिशत हो गया अत: समग्र निवेश में कमी आयी जो बचत की अपेक्षा कुछ कम थी । निवेश की स्थिति का संबंध में पर्याप्त जानकारी उपलब्ध नही है उपर्युक्त गिरावट के अश का यह कारण हो सकता है कि वस्त्र, इस्पात और सीमेन्ट जैसे उद्योग क्षेत्र के स्टाकों में कम निवेश हुआ ।

सारणी : १

देशी बचत और निवेश के प्राक्कलन

(अनंतिम)

वर्तमान मूल्यो पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पादन मे प्रतिशत स्थायी मूल्य

वित्तीय वर्ष	1974-75	1975-76	1976-77	1977-78
1. घरेलू क्षेत्र	8 2	10 0	12 5	10 4
2. सार्वजनिक क्षेत्र	4 2	5 3	5 0	4 8
3 देशी निजी कंपनी क्षेत्र	1 0	0 3	0 4	0.4
4. कुल देशी बचत (1+2+3)	13 4	15 6	17 9	15 6
5. विदेशी साधनों की प्राप्ति	+0 9	+0.3	—1 8	—1.4
6 कुल निवेश (4+5)	14 3	15 3	16 1	14.2

टिप्पणी :—1974-75 से 1976-77 तक के अनुमानो को अंशत: केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन के राष्ट्रीय आय संबंधी प्राक्कलनो के परिवर्तन के कारण और अंशत बचत तथा निवेश के विभिन्न घटकों के संशोधित आंकड़े अपलब्ध होने के कारण परिशोधित किया गया है।

कृषि उत्पादन

७. नवंबर १९७७ में दक्षिण-पूर्व तटवर्ती प्रदेश भयानक तूफान का शिकार हुआ । फिर भी १९७७-७८ के दौरान सामान्य मौसमी स्थितियां कृषि के लिए अनुकूल थी । इस वर्ष के दौरान कृषि उत्पादन में ११ प्रतिशत और १२ प्रतिशत के बीच वृद्धि हुई । इससे तत्संबंधी सूचकांक (आधार: १९६९-७० में समाप्त होने वाले तीन वर्ष = १००) इस वर्ष १३१ के आस-पास पहुंचा । यह सूचकांक १९७५-७६ में १२५.५ के शिखर स्तर पर पंहुचे सूचकांक से भी अधिक है । अद्यतन प्राप्त आधिकारिक प्राक्कलनों के अनुसार खाद्यानों के उत्पादन की मात्रा लगभग १२५० लाख टन है जब कि १९७६-७७ में उक्तत मात्रा १,११६ लाख टन थी । आशा है कि खरीफ अनाजों के उत्पादन की मात्रा १९६७-७७ के ६६६ लाख टन की तुलना में लगभग ७७० लाख टन होगी जब कि रबी खाद्यानों के उत्पादन की मात्रा इस वर्ष बढ़कर ४८० लाख टन के नये शिखर पर पहुंचेगी । रबी खाद्यान्नों के उत्पादन की मात्रा १९७६-७७ में ४५० लाख टन और १९७५-७६ में ४६६ लाख टन थी जो उस समय का शिखर स्तर थी । सारणी २ में १९७४-७५ से लेकर प्रमुख कृषि वस्तुओं के उत्पादन से संबंधित आंकड़े दिये गये हैं:

८. नकदी फसलों में से गन्ने का उत्पादन काफी अच्छा था । गन्ने के उत्पादन की मात्रा १६५ लाख टन (गुड़ के रूप मे) परिकल्पित है । यह मात्रा अब तक के उत्पादन की अपेक्षा अधिकतम है । प्रमुख पाच तिलहनों (मूंगफली, तोरिया सरसो, तिल अलसी और एरंड) के अनुमानित उत्पादन की मात्रा ९४ लाखा टन है जो पिछले वर्ष की अपेक्षा १६ लाख टन अधिक, किन्तु १९७५-७६ के शिखर स्तर से सीमांत रूप से कम होगी । अब रूई के उत्पादन की मात्रा ६८ लाख गांठे निर्धारित है । जूट के उत्पादन के संबंध मे यह अनुमान है कि उसकी मात्रा ७१ लाख गांठे होंगी जो आवश्यकताओ की पूर्ति करने मात्र के लिए पर्याप्त होगी ।

९. कृषि क्षेत्र के संतोषजनक कार्य का प्रमुख कारण अनुकूल मौसम था । इसके अन्य कारण इस प्रकार थे : विकसित टैक्नोलाजी का प्रयोग किया गया और उर्वरको तथा अन्य मूलभूत वस्तुओं की उपलब्ध मात्रा अच्छी थी । १९६६-६७ से १९७६-७७ तक की अवधि के दौरान उर्वरको की खपत की मात्रा तिगुनी हुई अर्थात वह ११ लाख टन से बढ़कर ३४ लाख टन हो गई । इस वृद्धि के साथ-साथ उर्वरको की अधिक संतुलित किस्म का प्रयोग किया जाने लगा ।

सारणी : २

कृषि उत्पादन—चुनी हुई वस्तुएं

	इकाई	1974-75	1975-76	1976-77	1977-78 (अनंतिम)
खरीफ खाद्यान्न	10 लाख टन	59.1	74.2	66.6	77.0
रबी खाद्यान्न	,,	40.7	46.6	45.0	48.0
कुल खाद्यान्न	,,	99.8	120.8	111.6	125.0
दालों से भिन्न अनाज	,,	89.8	107.7	100.4	112.2
चावल	,,	39.6	48.7	42.8	50.0
गेहूं	,,	24.1	28.9	29.1	31.0
दालें	,,	10.0	13.0	11.2	12.8
खाद्यान्नों से भिन्न वस्तुएं :					
रूई	10 लाख गांठें-प्रति गांठ–170 कि०ग्रा०	7.2	5.9	5.8	6.8*
जूट और मेस्ता	10 लाख गांठें-प्रति गांठ–180 कि०ग्रा०	5.9	5.9	7.1	7.1@
तिलहन (5 प्रमुख तिलहन)	10 लाख टन	8.5	9.9	7.8	9.4‡
मूंगफली छिलके सहित	,,	5.1	6.8	5.3	6.0†
गन्ना (गुड़ के रूप में)	,,	14.7	14.4	15.8	16.5

*रूई सलाहकार मंडल के प्राक्कलन
@अंतिम प्राक्कलन
†आधिकारिक प्राक्कलन
‡व्यापार प्राक्कलन

पहले नाइट्रोजन युक्त उर्वरकों पर अधिक निर्भरता रहती थी ; अब वह फोस्फेट और पोटाश युक्त उर्वरकों के अधिक प्रयोग से कम हो गयी। शुद्ध सिंचित भूमि जहां १९६६-६७ में २७१ लाख हेक्टेयर थी वहां १९७४-७५ में ३३७ लाख हेक्टेयर हो गयी। कृषि उत्पादन में पहले से जो अधिक तीव्रता आयी है उसका उदाहरण ग्रीष्मकालीन चावल की फसल के उत्पादन में हुई वृद्धि है। इस फसल के उत्पादन की मात्रा जहां कुछ साल पहले केवल १५ लाख टन के आसपास थी वहां अब बढ़कर ५० लाख टन से अधिक हो जाने का अनुमान है।

१०. किन्तु इस दिशा में कुछ कमजोर पहलू निरन्तर पाये जाते रहे हैं। इन में सर्वाधिक महत्वपूर्ण पहलू मोटे अनाजों और दालों का उत्पादन है जिसकी प्रवृत्ति गेहूं और चावल के उत्पादन के समान नहीं है। विशेष रूप से दालों का उत्पादन पिछले १० वर्षों में बहुत कम घटता-बढ़ता रहा है। इन १० वर्षों का औसत उत्पादन केवल १११.४ लाख टन रहा है। मोटे अनाज प्रमुख सूखी फसलें हैं। उनके उत्पादन में निरन्तर उतार-चढ़ाव रहता है। और वे फसलें मौसमी तत्वों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील हैं। दालों और मोटे अनाजों के दोनों समूह विशेष महत्व रखते हैं—पहला तो पौष्टिकता की दृष्टि से विशेष महत्व रखता है और दूसरे का महत्व इसलिए है कि वह सारे देश में निर्धन वर्गों के लोगों का परंपरागत स्थायी भोजन है। नयी कृषि नीतियों पर अमल करते समय इन खाद्यान्नों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। सिंचाई की व्यापकता भी असमान है और काफी बड़ा क्षेत्र अब भी वर्षा पर निर्भर करता है। नयी टैकनालाजी के अनुसंधान प्रयास में वाणिज्यिक फसलों पर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया गया है; लेकिन सोयाबीन जैसे कुछ तिलहन और रूई इसके अपवाद हैं। रूई के क्षेत्र में लंबे रेशेवाली और अधिक उपज की कुछ किस्में प्रयोग में लायी गयी हैं। अतः इन वस्तुओं की उपज और उत्पादन को बढ़ाने के प्रयास निरन्तर जारी रहने चाहिए ; साथ ही रूई और वनस्पति तेलों/तिलहनों की अधिक पूर्ति करने के लिए पिछले वर्ष उनके जो आयात शुरू किये गये उनको भी अपर्याप्त देशी उत्पादन के परिप्रेक्ष्य में कुछ और समय तक जारी रखना होगा।

वसूली के कार्य और स्टाक

११. आलोच्य वर्ष के दौरान यद्यपि अनिवार्य वसूली की व्यवस्था नहीं थी फिर भी सरकारी एजेंसियों द्वारा वास्तव में खरीदे गये चावल और गेहूं की मात्रा काफी अधिक थी। १९७७-७८ के मौसम (अप्रैल—जून) के दौरान ५४ लाख टन का गेहूं खरीदा गया जबकि पिछले मौसम में खरीदे गये गेहूं की मात्रा ६६ लाख टन थी। १९७८-७९ के रबी मौसम में जून १९७८ के अंत तक ५३ लाख टन गेहूं की वसूली की गयी है जब कि १९७७-७८ की इसी अवधि में ४८ लाख टन गेहूं की वसूली की गयी थी। २४ जून १९७८ तक कुल ४७ लाख टन चावल की वसूली की गयी जबकि १९७६-७७ के खरीफ विपणन मौसम में ४३ लाख टन चावल की वसूली की गयी। इस तथ्य के बावजूद कि इन वस्तुओं का बाजार अब खुला है और इनके यातायात पर कोई प्रतिबंध नहीं है, सरकार ने इन अनाजों का जो उपर्युक्त क्रय किया वह मूल्य-समर्थन की मात्रा का सूचक है। खाद्यानों की संतोषजनक पूर्ति की स्थिति के कारण इस वर्ष उनका आयात करना आवश्यक नहीं था।

१२. सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यानों के जो स्टाक जून १९७७ के अंत में २०७ लाख टन के अधिकतम स्तर तक पहुंच चुके थे वे अक्तूबर १९७७ के अंत में घटकर १७४ लाख टन हो गये और जनवरी १९७९ के अंत तक इसी स्तर पर बने रहे। इसके बाद अगले तीन महीनों में और

घटते हुए उक्त स्टाक अप्रैल १९७८ के अंत में १८८ लाख टन हो गये । परन्तु वे पुन बढ़ते हुए जून १९७८ के अंत तक १९० लाख टन तक पहुंच गये । सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जो खाद्यान्न खरीद जाते हैं वे जहां १९७६ में ९३ लाख टन थे वहां १९७७ में बढ़कर ११६ लाख टन हो गये । जनवरी—जून १९७८ के दौरान सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जिन खाद्यानों की वसूली की गयी उनकी मात्रा ५६ लाख टन थी जो पिछले वर्ष की उक्त अवधि में वसूली गयी मात्रा के बराबर ही थी ।

औद्योगिक उत्पादन

१३ कृषि उत्पादन के विपरीत १९७७ में औद्योगिक उत्पादन का स्तर असंतोषजनक था । औद्योगिक उत्पादन में ५.३ प्रतिशत से अधिक वृद्धि नहीं हुई । यह वृद्धि पिछले वर्ष की १०.६ प्रतिशत की वृद्धि* की आधी थी । इसके परिणाम स्वरूप औद्योगिक उत्पादन के सामान्य सूचकांक (आधार: १९७० = १००) के मासिक औसत में १९७७ में केवल ७.० प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि १९७६ में उसमें १२.७ प्रतिशत की वृद्धि पायी गयी थी । औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि में जो मंदी आयी वह १९७७ के उत्तरार्ध में (जुलाई—दिसंबर) न केवल बनी रही बल्कि वास्तव में बढ़ती ही गयी । इस वर्ष के पूर्वार्ध की तुलना में उत्तरार्ध में औद्योगिक उत्पादन के औसत सूचकांक में २.० प्रतिशत की गिरावट आयी । यह प्रवृत्ति पिछले छ: वर्षों में पायी गयी स्थिति के बिल्कुल विपरीत थी । पिछले छ: वर्षों में से हर वर्ष जुलाई—दिसंबर की अवधि का औसत सूचकांक उसके पहले के छ: महीनों के औसत की तुलना में बढ़ता हुआ पाया गया था । इस वर्ष औद्योगिक सूचकांक में जो कमी आयी वह सभी प्रमुख औद्योगिक समूहों में पायी गयी ।

१४ औद्योगिक समूहों में १९७७ में वृद्धि की जो गति पायी गयी वह विशेष रूप से मूल उद्योगों (वजन ३२.२८ में कम थी । इन उद्योगों में जहां १९७६ में १४.३ प्रतिशत की वृद्धि हुई थी वहां १९७७ में केवल ४.५ प्रतिशत की वृद्धि हुई । मध्यवर्ती वस्तुओं के उद्योग समूह (वजन २०.९५) की वृद्धि दर काफी कम थी और उपभोक्ता वस्तुओं के समूह (वजन ३१.५२) की वृद्धि दर १९७६ के १०.२ प्रतिशत के मुकाबले १९७७ में ६.४ प्रतिशत थी । पूंजीगत वस्तुओं के समूह (वजन १५.२५) की वृद्धि दर १९७७ में ९.७ प्रतिशत थी जब कि पिछले वर्ष उक्त दर १० ५ प्रतिशत थी ।

१५. औद्योगिक विकास में कई कारणों से गिरावट पायी गई । निवेश में मंदी आयी । देश के कुछ ऐसे भागों में जहां काफी अधिक उद्योग विद्यमान हैं बिजली की बहुत अधिक कमी थी । कोयला और सीमेंट जैसी कुछ प्रमुख वस्तुओं की कमी थी । इन सब के अलावा औद्योगिक अशान्ति के कारण भी औद्योगिक उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा ।

१६-१९७८ के पूर्वार्ध में औद्योगिक क्षेत्र में कुछ सुधार होने का संकेत मिलता है । आशा है कि जैसे-जैसे योजनागत परिव्यय में वृद्धि होगी, इस प्रवृत्ति में कोई अंतर नहीं आएगा, परंतु उसमें और तीव्रता आएगी । मीयादी ऋण प्रदान करने वाली अखिल भारतीय संस्थाओं (भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, भारतीय औद्योगिक ऋण और निवेश नियम तथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक) द्वारा प्रदत्त सहायता संबंधी आंकड़ों से भी यह विदित होता है कि निजी निवेश में पुन: थोड़ा सा सुधार होने लगा है । इन संस्थाओं द्वारा जुलाई १९७७ से मार्च १९७८ तक की अवधि के दौरान मंजूर किये गये कुल ऋण १९७६-७७ की उसी अवधि में मंजूर किये गये ऋणों से १९ १ प्रतिशत अधिक थे इन संस्थाओं द्वारा विपरीत राशि में ११ २ प्रतिशत की वृद्धि हुई । उद्योग क्षेत्र में, विशेष रूप से निर्माण उद्योग में, जो सुधार हुआ है उसका प्रमाण सीमेंट और कोयले के प्रयोग की मात्रा में हुई वृद्धि है । इन दोनों वस्तुओं के प्रयोग में १९७७-७८ में क्रमश ७ प्रतिशत और ११ प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई ।

क्षमता और स्टाक

१७ उद्योग क्षेत्र के परिचालन संबंधी पहलुओं अर्थात क्षमता के उपयोग की मात्रा और स्टाकों के स्तरों आदि की जानकारी आंशिक है; अत: उक्त जानकारी मूलत: विवरणात्मक रूप से प्रस्तुत है । उपलब्ध आंकड़ों से विदित होता है कि एल्यूमिनियम और विक्रेय इस्पात जैसे कुछ उद्योगों में प्रमुखत: बिजली की कमी के कारण क्षमता के उपयोग में गिरावट आयी है । चूंकि साइकिल टायर, सूत के धागे और कपड़े, मशीनी उपकरणों और कपड़े की मशीनों आदि के उद्योगों में १९७६ में बहुत अधिक स्टाक जमा हो गये थे अत: संबंधित उद्योग अपने उत्पादन में कमी लाये और वर्तमान स्टाकों को बाहर लाने लगे । उदाहरण के लिये वर्ष के अंत में जो सूती कपड़ा बिका नहीं था उसका स्टाक १९७६ में स्थित २,०५५ लाख मीटर की तुलना में १९७७ में १,५१४ लाख मीटर था । सूती धागे का अनबिका स्टाक ११० लाख किलोग्राम के मुकाबले ९३ लाख किलोग्राम था । कुछ ऐसे उद्योग भी थे जो उच्चतर क्षमता के साथ कार्य कर रहे थे । इन उद्योगों में बिजली के पंखों, रेफ्रिजरेटर, सूखी बैटरियों, सिगरेट और मोटर कारों के उद्योग शामिल थे । चीनी उद्योग का उत्पादन उच्चतम स्तर तक पहुंच गया था । इस कारण और साथ ही चीनी के निर्यातों में गिरावट आने से चीनी के स्टाकों में काफी अधिक वृद्धि की स्थिति पायी गयी । चीनी के स्टाक जहां पिछले मौसम के अंत में ८.४५ लाख टन थे वहां १९७६-७७ के अंत में बढ़कर १५.७६ लाख टन हो गये । जून १९७८ में चीनी उद्योग के पास ४५.५ लाख टन के स्टाक थे जबकि एक वर्ष पहले २५.० लाख टन विद्यमान थे । गंभीर रुप से क्षमता के अवरोध का सामना करने वाला उद्योग सीमेंट उद्योग था । इस उद्योग में लगभग ९० प्रतिशत क्षमता का उपयोग किया जाता था । सीमेंट की बढ़ती हुई मांग को देखते हुए सरकार ने उसका आयात करने का निश्चय किया । परिणामत: १९७७ के अंत में २.५ लाख टन सीमेंट के स्टाक थे जो पिछले वर्ष के अंत में स्थित २.३ लाख टन स्टाक से सीमांत रूप से अधिक थे ।

औद्योगिक रुग्णता

१८ जहां सामान्य विकास की स्थिति से अलग अलग औद्योगिक इकाइयों का परिचालन व्ययसाध्य हो सकता है वहां औद्योगिक रुग्णता गंभीर चिन्ता का विषय हो गयी है । रुगणता की यह व्यापकता इस बात से स्पष्ट है कि अनुसूचित वाणिज्य बैंकों से एक करोड़ रुपये से अधिक राशि की ऋण सुविधा प्राप्त करने वाली इकाइयों की संख्या में वृद्धि होती रही है । उक्त इकाइयां मूल्यह्रास की व्यवस्था करने से पहले भी हानि उठाती रही हैं और निकट भविष्य में उन इकाइयों के इसी प्रकार बने रहने की आशा है । दिसंबर १९७६ और

* 1977-78 के वित्तीय वर्ष में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि 3 4 प्रतिशत थी जबकि वह 1976-77 में 10 4 प्रतिशत थी ।

सितंबर १९७७ के बीच ऐसी इकाइयो की संख्या२४१ से बढ़कर २७० हो गयी और उनका बकाया बैंक ऋण ६०९ करोड़ रुपयो मे (जो बड़े और मझौले उद्योगो को दिये गये बैंक ऋण का ११ प्रतिशत है)बढ़कर ७७४ करोड़ रुपये (१४ प्रतिशत) हो गया है । ये आकड़े केवल कुच्छेक उद्योगों से संबंधित है । अनुमान है कि लघु उद्योग क्षेत्र की ८,००० इकाइयो मे २०० करोड़ रुपयो तक की बैंक निधियां अवरुद्ध हो गयी है । अधिक मात्रा मे विद्यमान और बढ़ती हुई बेरोजगारी के परिप्रेक्ष्य मे रुग्ण इकाइयों को बन्द कर देने से समस्या का हल नही निकलता है । इसके विपरीत क्षमता की संभावना युक्त रुग्ण इकाइयों को पुनः स्वस्थ बनाने का कार्य बड़ा जटिल है और इसके लिए कई दृष्टियों से समन्वित प्रयास करना होगा । इस प्रकार का प्रयास करते समय अलग-अलग इकाइयों की स्थितियों को ध्यान मे रखना होगा ।

१९. औद्योगिक रुग्णता के कारण या तो आंतरिक (इकाइयो के सदर्भ मे) अथवा बाह्य (उद्योग या औद्योगिक क्षेत्र के संबंध मे) या दोनों हो सकते है । जहां तक आंतरिक रुग्णता का प्रश्न है उसके कई कारण है, जैसे गलत ढ़ग से बनायी गयी योजना और उसका कार्यान्वयन, उपयुक्त वित्तीय व्यवस्थाओ का अभाव, क्षमता विहीन प्रबंध आदि । इसके विपरीत बाह्याय कारणो मे समग्र आर्थिक परिवेश, मूलभूत कमजोरी, मांग की कमी, पूर्ति मे अवरोध, अनुपयुक्त मूल्य नीतिया आदि सम्मिलित है । उपयुक्त सरकारी नीतियो द्वारा इन कमजोरियो को दूर किया जा सकता है । किन्तु सभी औद्योगिक इकाइयां समान रूप से इन बाह्य करणों से प्रभावित नही होती; क्योकि उनके आकार, व्यापकता, आतरिक क्षमता और लचीलेपन में अंतर है । किन्तु इन विभेदो के कारण सरकारी नीतियो मे स्पष्टत: आवश्यक और उपयोगी परिवर्तन लाने मे विलंब नही किया जाना चाहिए । वित्तीय संस्थाए, औद्योगिक रुग्णता का योजनाबद्ध और वस्तुनिष्ठ विश्लेषण करते हुए एवं प्राधिकारियो को उससे अवगत कराते हुए इस प्रक्रिया में सहायता पहुचा सकती हैं ।

२०. रुग्ण इकाइयो को ऋण प्रदान करने के मामले मे बैंको और वित्तीय संस्थाओ को तीन प्रकार की समस्याएं होती है: उनकी आस्तियां कमजोर हो जाती है, ऋणो के अवरुद्ध हो जाने से उनकी ऋण योग्य निधियों की पुनर्निवेश प्रक्रिया मे कमी आ जाती है और ब्याज से प्राप्त आय मे गिरावट आती है । बैंक और वित्तीय संस्थाए अधिकांश रुग्ण खातो को संरक्षण प्रदान करने के लिए कार्यक्रम बनाती है । वाणिज्य बैंको और वित्तीय संस्थाओ मे इस प्रक्रिया को मजबूत बनाने तथा रुग्ण उद्योगों की समस्या के समाधान के लिये संयुक्त कार्यक्रम बनाने मे सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से कार्रवाइयां की गयी है । फिर भी रुग्ण यूनिटो के पुन:स्थापन के बोझ का वहन करने में वाणिज्य बैंकों की क्षमता पर पड़ने वाले कुछ मूलभूत अवरोधों को स्वीकार करना चाहिये । सभी परिस्थितियों मे रुग्ण यूनिटो की सहायता करना बैंको के लिये न तो संभव है और न ही व्यावहारिक । इस संदर्भ मे रोजगार का संरक्षण करना मात्र कोई मानदंड नही हो सकता । वस्तुत: इकाइयों की दीर्घकालीन क्षमता का वास्तविक अर्थ मे मूल्यांकन करना जरूरी है ।

२१. आयातित वस्तुओं के स्थान पर देशी वस्तुओं के निर्माण के उद्देश्य से बनाये गये कुछ उद्योगों के मामले मे लागत के संबंध मे बहुत कम ध्यान दिया गया है । विदेशी मुद्रा के अभाव के परिप्रेक्ष्य मे शायद यह ठीक ही था । यह स्थिति कुछ महत्वपूर्ण उद्योगों के मामले में उचित भी हो सकती है । उदारीकृत आयातों के कारण कुछ संरक्षित उद्योग कठिनाई भी अनुभव कर सकते है । इन सारी समस्याओं का समाधान इस बात पर निर्भर करता है कि ऐसे उद्योग अपनी वस्तुओं को सस्ता बनाने का प्रयास करें । यह कहना अतिरंजित नही होगा कि दीर्घकालीन विकास और स्थायिता को बनाये रखने के लिए लागत की चेतना विकसित की जानी चाहिए । निवेशों मे संतुलन लाने के लिए बेहतर प्रबंध और अतिरिक्त साधनों के अलावा उत्पादित वस्तुओं की अधिक लाभप्रत्चा, उनकी लागत मे कमी और उनकी गुणवत्ता मे सुधार की आवश्यकता है ।

विदेशी व्यापार-निर्यात की प्रवृत्तियां

२२. वित्तीय वर्ष १९७७-७८ के दौरान व्यापार मे पुन: घाटे की स्थिति उभरी । अनंतिम आंकड़ो के अनुसार उक्त घाटे की राशि ५८० करोड़ रुपये थी जबकि १९७६-७७ मे ७३ करोड़ रुपयो का मामूली उद्देश्य विद्यमान था । इस वर्ष के घाटे का कारण यह था कि निर्यातों से होनेवाली प्राप्तियों मे कमी आयी और आयात नीति को काफी उदार बना देने के कारण आयातों मे वृद्धि हुई ।

२३. वर्ष के उत्तरार्ध से निर्यात की वृद्धि दर मे गिरावट आयी । इसका मुख्य कारण विश्व की आर्थिक स्थिति थी जिसमें औद्योगिक अर्थव्यवस्थाओं के विकास की गति बहुत धीमी थी और संरक्षणात्मक प्रवृत्तियां पुन: उभर आयी थी । देशी खपत के लिए वस्तुओ की निरंतर पूर्ति होती रहे और और मूल्यों में स्थिरता आए—इस उद्देश्य से कुछ वस्तुओं के निर्यात पर रोक लगाने या उसे विनियमित करने की नीति अपनाई गई; उसके कारण भी निर्यातों मे अवरोध आया । यह स्थिति वनस्पति तेल और तिलहन, ताजी सब्जी और चाय जैसी वस्तुओ के निर्यातों के प्रतिबंध के संदर्भ मे पायी गयी । इन वस्तुओं के निर्यात के लिए एक उच्चतम सीमा निर्धारित की गयी । विदेशों मे विद्यमान स्थितियों से विशेष रूप से सूती कपड़ो और तैयार सूती वस्त्रों के निर्यात पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा । विविध-रेशा करार को अंतिम रुप देने मे विलंब होने और कुछ आयातक देशों द्वारा एक-पक्षीय प्रतिबंध लगा दिये जाने के कारण इन वस्तुओं के निर्यात मे अनुमानत: ५०-६० करोड़ रुपयों की कमी आई । कुछ पश्चिमी देशों मे चमड़े के बहुत अधिक स्टाक रहने के कारण चमड़े के हमारे निर्यातो मे लगभग ३० करोड़ रुपयों की कमी आयी । लोहे और इस्पात के निर्यातों मे भी गिरावट आयी; इंजीनियरी निर्यातों मे हालांकि कुछ गिरावट आयी, फिर भी वे अधिक प्रभावित नहीं हुए; क्योंकि पश्चिम एशिया के देशो मे इन वस्तुओं की बराबर मांग रहती थी । उक्त देश भारतीय इंजीनियरी वस्तुओं के प्रमुख खरीदार है । इसका एक दूसरा कारण यह भी था कि उन देशों से काफी अधिक नागरिक निर्माण ठेके प्राप्त हुए थे ।

२४. इन बाधाओं के बावजूद १९७७-७८ में समग्र भारतीय निर्यात संपूर्णत: असंतोषजनक नही थे । इसका प्रमुख कारण यह था कि चाय, कांफी, मसाले और काजू जैसी कुछ प्रमुख वस्तुओं के निर्यातों से उनके अंतर्राष्ट्रीय मूल्यों मे तीव्र वृद्धि होने के कारण उच्चतर मूल्य प्राप्त हुआ । चाय के मूल्य पिछले एक दशक मे अपरिवर्तित रहे । किन्तु इस वर्ष उसके मूल्यों मे उल्लेखनीय वृद्धि हुई । यद्यपि सरकार ने १९७७-७८ के लिए चाय के निर्यातों पर २,२५० लाख किलोग्राम की उच्चतम सीमा का प्रतिबंध लगाया और उस पर निर्यात शुल्क भी लगाया फिर भी चाय के निर्यातों से १९७७-७८ मे ५६० करोड़ रुपयों तक की आमदनी होने की आशा है जबकि १९७६-७७ मे उससे २९३ करोड़ रुपयों की आमदनी हुई थी ।

केवल चीनी एक ऐसी कृषि जन्य वस्तु थी जिसके निर्यात में बहुत अधिक कमी आयी । चीनी के निर्यातों में हुई इस कमी के कारण इस प्रकार थे : विश्व बाजार में चीनी बहुत अधिक मात्रा में उपलब्ध हुई, आयात करने वाले देशों में बहुत अधिक पुराने स्टाक थे और चीनी के स्थान पर दूसरी वस्तु का विकास और प्रयोग होने लगा । चांदी के निर्यात से १९७५-१९७६ और १९७६-७७ में औसतन लगभग १६० करोड़ रुपयों की आमदनी हुई और वह १९७७-७८ में गिरकर ८० करोड़ रुपये से थोड़ी सी अधिक रह गई । रत्नों और आभूषणो के निर्यात से काफी आमदनी होने की आशा है । अत: इस आयात को अंतर्राष्ट्रीय मूल्यों पर कच्चे माल उपलब्ध कराने जैसी प्रक्रियाओं द्वारा प्रोत्साहित किया जाता है ।

आयात

२५. पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष लगभग २० प्रतिशत अधिक आयात होने की आशा है । इस संदर्भ में एक प्रमुख विशेषता यह थी कि देशी कमी को दूर करने के लिए खाद्य तेल जैसी अत्यावश्यक वस्तुओं का भारी मात्रा में आयात किया गया । खाद्य तेलों के आयातों की राशि जहां अप्रैल—दिसंबर १९७६ में ६४ करोड़ रुपये थी वहां अप्रैल—दिसंबर १९७७ में बढ़कर ५१४ करोड़ रुपयें हो गई । पिछले तीन वर्षों में आयातों का जो स्वरुप था वह छठे दशक मे और सातवें दशक के प्रारंभ में विद्यमान स्वरुप से बिल्कुल अलग था । उस समय खाद्यान्नों, उर्वरकों और खनिज तेलों के आयात के लिए दुर्लभ विदेशी मुद्रा का बड़ा भारी अंश खर्च हुआ था । खाद्यान्नों के उत्पादन और उनके स्टाकों की वृद्धि के कारण इस समय उनके आयात आवश्यक नहीं रह गये हैं । तेल और प्राकृतिक गैस की खोज की सफलता तथा उर्वरकों के उत्पादन की वृद्धि के कारण ईंधन तथा उर्वरकों के आयातों की आवश्यकता भी कम हो गयी है । इस बीच प्रारक्षित विदेशी मुद्रा निधि में निरंतर वृद्धि होने और औद्योगिक विकास में सहायता पहुंचाने की आवश्यकता के कारण आयात नीति को एक नयी दिशा दी गयी है । इस नयी नीति मे लाइसेंसीकरण पद्धति को युक्तिसंगत बनाने, नियंत्रणों को कम करने, क्रियाविधियों को सरल बनाने और प्रशासनिक अधिकार को विकेंद्रीकृत करने पर जोर दिया गया है । यह एक अधिक स्वच्छंद आयात नीति के प्रारंभ की दिशा में पहला कदम है । पहली बार भारतीय पूंजीगत वस्तुओं का उद्योग देशी बाजार में प्रतियोगिता का सामना करेगा । औद्योगिक कच्चे माल, पुर्जों और पूंजीगत वस्तुओं के आयातों में इससे वृद्धि होने की आशा है ।

अदृश्य प्राप्तियां

२६. १९७४-७५ से जो अदृश्य प्राप्तियां हुई हैं उनसे हमारी विदेशी अदायगी की स्थिति में विशेष सुधार हुआ है । *विदेशी मुद्रा नियंत्रण विभाग के प्राक्कलनों के अनुसार केवल बैंकों के माध्यम से व्यापारेतर क्षेत्रों से प्राप्त सकल राशि (अर्थात् आधिकारिक माध्यमों से प्राप्त राशि को छोड़कर) जहां १९७४-७५ में स्थित ६५४ करोड़ रुपयों से बढ़कर १९७५-७६ में १,१९८ करोड़ रुपये हो गयी थी वहां १९७६-७७ और १९७७-७८ में और बढ़कर क्रमशः १,५८९ करोड़ रुपये तथा २,११७ करोड़ रुपये हो गयी है । इन प्राप्तियों के प्रमुख घटक इस प्रकार हैं : निजी एकपक्षीय अंतरण, यात्रा से प्राप्तियां, परामर्श और मंविदागत सेवाओं सहित तकनीकी और व्यावसायिक सेवाओं से आमदनी और धर्मार्थ तथा अन्य दान राशियां । निजी एक पक्षीय अंतरण में मुख्यत: परिवार के भरण-पोषण के लिए विदेशों में रहने वाले भारतीय द्वारा प्रेषित राशि आती है । विदेशी भारतीय जो राशि प्रेषित करते हैं उसका एक अंश बैंकों में रहनेवाले अनिवासी रुपया खातों में प्राप्त होता है । उक्त खातों में मार्च १९७५ के अंत में ३१ करोड़ रुपये जमा थे और मार्च १९७६ के अंत में ६४ करोड़ रुपये जमा थे; किन्तु मार्च १९७७ और मार्च १९७८ के अंत में उन खातों में क्रमश: १८५ करोड़ रुपये और ३२० करोड़ रुपये जमा थे । नवंबर १९७५ से विदेशों में रहनेवाले भारतीय और भारतीय मूल के अनिवासी व्यक्ति विदेशी मुद्रा (अनिवासी) खाता योजना के अंतर्गत भारत स्थित बैंकों में विदेशी मुद्रा खाते रख सकते हैं । इन खातों में सीधे प्राप्त राशि मार्च १९७८ के अंत तक १२३ लाख पौंड और १,४९८ लाख डालर थी (ये दोनों मिलकर मार्च १९७८ के अंत में विद्यमान विनिमय दरों के अनुसार १४३ करोड़ रुपये के बराबर होते हैं) । विदेशी मुद्रा खातों में जमा हुई इस राशि को इस पैरा में प्रारंभ में दी गयी व्यापारेतर सकल प्राप्तियों के आंकड़े में शामिल नहीं किया गया है ।

२७. नौकरियों के लिए विदेश जाने वाले भारतीयों की संख्या इस उद्देश्य के लिए दिये गये 'पी' फार्मों से विदित होती है । यह संख्या जहां १९७४-७५ में २०,५०४ थी वहां १९७५-७६ में बढ़कर ३०,४०६ और १९७६-७७ में दुगुनी होकर ७२,४९१ हो गयी । १९७७-७८ (मार्च १९७८ तक) में आप्रवासियों की संख्या ८६,५०५ थी; अत: नौकरियों के लिए जानेवाले भारतीयों की संख्या की वृद्धि दर में निश्चित रूप से गिरावट आ गयी है । आप्रवासी कामगारों, विशेष रूप से पश्चिम एशिया जानेवाले कामगारों को आमतौर पर सीमित अवधि तक विशिष्ट कार्यों के निमित्त मेजबान देशों में प्रवेश करने की अनुमति दी जाती है । इस कारण और दूसरे देशों में विद्यमान रोजगार संबंधी सामान्य स्थितियों के कारण भी परिवार के भरण पोषण के लिए भारत में भेजी जाने वाली राशि संतुलित हो जाने की आशा है । इसके विपरीत यात्राओं से प्राप्त होने वाली राशि मे वृद्धि बनी रहने की आशा है ; क्योंकि काफी अधिक संख्या में पर्यटक इस देश में आ रहे हैं और उनके द्वारा खर्च की जाने वाली औसत राशि में भी वृद्धि होती है । यह स्थिति इस कारण विशेष महत्वपूर्ण है कि पश्चिम एशिया से आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई है । विदेशों में किये गये निजी निवेशों से प्राप्त होने वाली आमदनी में भी निरन्तर वृद्धि होने की संभावना है ; किन्तु आधिकारिक निवेशों से प्राप्त होनेवाली आमदनी का स्तर प्रारक्षित विदेशी मुद्रा निधियों की स्थितियों के अनुरूप होगा । विदेशों में भारतीयों द्वारा जो तकनीकी और व्यावसायिक सेवाएं प्रदान की जाती हैं उनसे होनेवाली प्राप्तियों की तात्कालिक मध्यावधि संभावना भी उज्जवल है । इसके अलावा परिवहन से होनेवाली सकल प्राप्तियां भी विदेश व्यापार की मात्रा और भारतीय जहाजों द्वारा किये जाने वाले ऐसे व्यापार के अंश की वृद्धि के साथ साथ बढ़ने की आशा है ।

विदेशी सहायता

२८. विदेशी सहायता की कुल वितरित राशि में इस वर्ष ३११ करोड़ रुपयों की कमी आयी और उक्त राशि घटकर १,२८८ करोड़ रुपये हो गयी । अतिरिक्त ऋण परिशोधन और ब्याज की अदायगियां काफी अधिक थीं ; अत: प्राप्त शुद्ध राशि जहां १९७६-७७ में ८४४ करोड़ रुपये थी वहां १९७७-७८ में गिरकर ४६७ करोड़ रुपये हो गई । भारत सहायता संघ में सकल विदेशी सहायता एक वर्ष की अवधि में २१ खरब डालर से बढ़कर १९७८-७९ में ३२ खरब डालर हो जाने का संकेत प्राप्त है । (यहां वर्षों से वित्तीय वर्ष का अर्थ लिया जाता है)

*निजी एकपक्षीय अंतरणों के अलावा यात्रा, परिवहन, निवेश आमदनी और तकनीकी सेवाओं से प्राप्त राशि इस स्थिति का कारण है । यात्रा, परिवहन और निवेश आमदनी से प्राप्त राशियों का अंश अप्रैल–जून 1975 मे स्थित 359 करोड़ रुपयों की सकल अदृश्य प्राप्तियों में 35 प्रतिशत था जबकि 1976 की इसी तिमाही मे हुई 468 करोड़ रुपयों की कुल प्राप्ति में उक्त अंश 42 प्रतिशत था । दोनों तिमाहियों में निजी एकपक्षीय अंतरणों मात्र का अंश 34-35 प्रतिशत था ।

प्रारक्षित विदेशी मुद्रा निधियां

२९ प्रारक्षित विदेशी मुद्रा निधिया जनवरी १९७६ से निरन्तर बढती रही है और वे जून १९७८ के अन्त मे ४,५१८ करोड रुपये हो गयी है। किन्तु जुलाई १९७७ से जून १९७८ तक के वर्ष के दौरान प्रारक्षित विदेशी मुद्रा निधियो की वृद्धि की गति धीमी पायी गयी है। आधिकारिक विदेशी मुद्रा निधियो मे इस अवधि मे ९३७ करोड रुपयों की वृद्धि हुई जो पिछले वर्ष हुई १,८३१ करोड रुपयो की वृद्धि की तुलना मे आधी से केवल थोडी-सी अधिक थी। इन निधियो की वृद्धि मे जो गिरावट आयी वह इस वर्ष की अंतिम तिमाही मे विशेष रूप से उल्लेखनीय थी। मार्च १९७८ के अत और जून १९७८ के अत के बीच अतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से किये गये विशेष आहरण अधिकार सबधी लेन-देनो और विकासशील देशों के हित के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा की गयी सोने की बिक्री से प्राप्त लाभ मे अपने हिस्से के रूप मे भारत द्वारा खरीदे गये सोने के संदर्भ मे १४८ करोड़ रुपयों की विदेशी मुद्रा का परि-व्यय हुआ। यदि इन लेन-देनो को छोड दिया जाए तो उक्त तिमाही मे विदेशी मुद्रा निधियो मे हुई वृद्धि केवल १६७ करोड रुपये थी। १९७७ की इसी अवधि मे अतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से किये गये विशेष आहरण अधिकार सबंधी लेन-देनो को छोड देने पर आधिकारिक विदेशी मुद्रा निधियों मे हुई वृद्धि ७२७ करोड रुपये थी।

३०. ऐसे संकेत प्राप्त है कि प्रारक्षित विदेशी मुद्रा निधियो मे होनेवाली वृद्धि मे हाल ही की अवधि मे जो मंदी आयी उसमे आगामी महीनो मे कोई अतर आने की सभावना नही है। सबसे पहले उदारीकृत आयात नीति के कारण आयातो मे बहुत अधिक वृद्धि होने की आशा की जा सकती है। इस बात के प्रमाण कुछ-कुछ मिलने लगे है। अनतिम आकडो के अनुसार आयातों के लिए बैंको के माध्यम से अप्रैल—जून १९७८ मे की गयी अदायगियो की राशि १,०२९ करोड रुपये थी जो १९७७ के इन्ही महीनों मे हुई अदायगियों की तुलना मे ३१ प्रतिशत अधिक थी। साथ ही, १९७८-७९ मे जो निर्यात होगे उनमे १९७७-७८ मे हुई वृद्धि भी संभवत: नही होगी। प्राधिकृत व्यापारी विदेशी मुद्रा की बिक्री के लिए रिजर्व बैंक के साथ जो वायदा सविदा करते है उनकी बकाया राशि से निर्यातो से प्राप्त होनेवाली राशि का प्रारभिक संकेत मिलता है। ऐसी वायदा सविदाओं के मामले मे अप्रैल १९७८ के अंत मे हर प्रमुख विश्वमुद्रा की बकाया राशि एक वर्ष पहले की बकाया राशि से कम थी।

३१ प्रारक्षित विदेशी मुद्रा निधि की अनुकूल स्थिति के कारण भारत जुलाई १९७७ के ऋण कोटे मे स्थित शेष अंश और बकाया स्वर्ण कोटे को पुन: खरीद कर अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के प्रति अपने दायित्व मे कमी लाया। इस प्रकार पुन: खरीदी गयी राशि कुल २४९ करोड रुपये थी। पिछले वर्ष के दौरान १९७४ की तेल सुविधा के अन्तर्गत और प्रथम ऋण कोटे के अंश के रूप मे पुन: खरीदी गयी राशि २३८ करोड रुपये थी। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ किये गये लेन-देनो को यदि छोड़ दिया जाए तो आशा है कि जुलाई १९७७—जून १९७८ के दौरान आधिकारिक विदेशी मुद्रा निधियो मे १ १८५ करोड रुपयों की वृद्धि हुई होगी, जबकि पिछले वर्ष उक्त वृद्धि की राशि २,०६९ करोड रुपये थी। १९७५ की तेल सुविधा के अंतर्गत २,०१३ लाख विशेष आहरण अधिकार की बकाया राशि भी १६ जुलाई, १९७९ को पुन: खरीदी जाएगी।

ऋण की प्रवृत्तियां

३२ इस वर्ष के दौरान वाणिज्य बैंको द्वारा दिये गये ऋण मे महत्वपूर्ण घट-बढ़ पायी गयी। अप्रैल के अंत तक उक्त वितरण के विस्तार मे मदी का सकेत पाया गया। सकल ऋण मे १० महीने की अवधि (जुलाई—अप्रैल) मे १,१९२ करोड रुपयो की वृद्धि (८ ८ प्रतिशत) हुई जबकि पिछले वर्ष की उक्त अवधि मे १,८८० करोड रुपयो की वृद्धि (१५ ८ प्रतिशत) हुई थी। यह स्थिति प्रमुखत: खाद्यान्नो की सार्वजनिक प्रणाली और वितरण के लिए दिये गए ऋणो मे पायी गयी, उक्त ऋणो मे इस वर्ष ५४४ करोड रुपयो की गिरावट आयी, जबकि पिछले वर्ष उनमे २६ करोड रुपयो की बढोतरी हुई थी। मई और जून १९७८ के बाद के दो महीनो मे सकल ऋण राशि मे ७८९ करोड रुपयो की जो बढोतरी हुई वह १९७६-७७ के तदनुरूप महीनो मे हुई १४७ करोड रुपयो की वृद्धि की तुलना मे काफी अधिक थी। यह वृद्धि अधिकाशत: (भले ही पूर्ण रूप से न हो) खाद्य ऋण मे पायी गयी। खाद्य ऋण मे इन दो महीनो की अवधि मे पिछले वर्ष हुई २५५ करोड रुपयो की वृद्धि के मुकाबले ५२६ करोड रुपयो की वृद्धि हुई।

३३ सकल ऋण मे हुई धीमी वृद्धि के साथ जमा राशियो की वृद्धि के स्वरुप मे भी परिवर्तन आया। जुलाई—अप्रैल १९७७-७८ की अवधि मे कुल जमा-राशियो मे ३,३७३ करोड रुपयो की वृद्धि हुई जबकि अगले दो महीनो मे लगभग ६५६ करोड रुपयो की वृद्धि हुई। इसके विपरीत पिछले वर्ष के तदनुरूप महीनो मे क्रमश: २,९५२ करोड रुपयो और ७७३ करोड रुपयो की वृद्धि हुई। इस प्रकार वर्ष के पहले दस महीनो मे जमाराशियो मे हुई तीव्र वृद्धि के साथ ऋण मे आयी कमी का यह परिणाम हुआ कि बैंकिग प्रणाली मे भारी मात्रा मे चल निधि निर्मित हो गयी। यह तथ्य इससे भी प्रमाणित होता है कि बैंको ने अप्रैल १९७८ के दौरान सांविधिक अपेक्षा के अतिरिक्त लगभग ३ प्रतिशत का चल निधि अनुपात बनाये रखा। बैंको ने रिजर्व बैंक से लिये गये ऋणो की काफी मात्रा मे चुकौती कर दी, रिजर्व बैंक से लिये गये कुल उधारो की राशि अप्रैल १९७८ के अंत मे १५५ करोड रुपये थी जबकि अप्रैल १९७७ के अत मे उक्त राशि ६१४ करोड़ रुपये थी।

३४ इसके विपरीत मई और जून १९७८ के महीनो के दौरान रिजर्व बैंक से लिये जानेवाले अपने उधारो मे बैंको ने १८० करोड रुपयो की वृद्धि की जब कि पिछले वर्ष के तदनुरूप महीनो मे बैंको ने रिजर्व बैंक को लगभग ५१ करोड़ रुपयों के ऋणो की चुकौती की थी। इसके अतिरिक्त इसी अवधि मे सरकारी और अनुमोदित प्रतिभूतियो मे किये जानेवाले अपने निवेशों मे भी बैंक ६१७ करोड रुपयो की गिरावट लाये जब कि पिछले वर्ष ऐसे निवेशो की राशि मे १२२ करोड रुपयो की वृद्धि की गयी थी।

३५ बैंकिंग क्षेत्र के जमा, ऋण आदि परिवर्तनशील घटको मे आये अंतर के कारण ऋण जमा-अनुपात अप्रैल १९७८ के अत मे कम होकर ६६ प्रतिशत हो गया जब कि एक वर्ष पहले यह ७३ ३ प्रतिशत था। जून १९७८ के अंत तक यह अनुपात बढकर ६७ ५ प्रतिशत हो गया। फिर भी यह अनुपात जून १९७७ के अत मे विद्यमान ७१ ४ प्रतिशत के अनुपात की तुलना मे कम ही था।

३६ सारणी ३ मे समग्र वर्ष की अनुसूचित वाणिज्य बैंको की जमाराशियो और उनके द्वारा दिये गये ऋण मे हुए परिवर्तन का ब्योरा दिया गया है। आलोच्य वर्ष के दौरान ऋण मे हुई सकल वृद्धि लगभग १९७६-७७ के बराबर ही रही, यद्यपि प्रतिशत की दृष्टि से इस वर्ष हुई वृद्धि २ ५ प्रतिशत कम थी। किन्तु खाद्येतर ऋणों मे हुई वृद्धि समग्र राशि और

प्रतिशत दोनों ही दृष्टियों से पिछले वर्ष की मुकाबले उच्च थी । सरकारी क्षेत्र के अन्य प्रमुख व्यापारिक कार्यों के लिए भारतीय रूई निगम को और उर्वरक के वितरण के लिए भारतीय खाद्य निगम को दी गई ऋण राशियों में की गई कटौती के लिए खाद्येतर ऋण के आंकड़ों में जो समायोजन किया गया उससे निगम को दी गयी ऋण राशियों में की गयी कटौती के लिए इसी प्रकार का चित्र सामने आता है—अर्थात् समग्र राशि और

सारणी 3

अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की जमाराशियों और ऋण में घट-बढ़

(करोड़ रुपये)

	1976-77			1977-78	
	निम्नलिखित के अंतिम शुक्रवार को		परिवर्तन जून 1976 की तुलना में जून 1977 में)	जून 1976 के अंतिम शुक्रवार को	परिवर्तन (जून 1977 की तुलना में जून 1978 में)
	जून 1976	जून 1977			
ऋण में हुई सकल वृद्धि	11620	13607 (17.1)	+1987	15589	+1982 (14.6)
उसमें से					
खाताधारकों की वसूली	2185	2536	+351	2518	—18
खाद्येतर	9435	11071	+1636 (17.3)	13071	+2000 (+18.1)
भारतीय रूई निगम को रूई के लिए और भारतीय खाद्य निगम को उर्वरक के लिए दिया गया ऋण जो उपर्युक्त में शामिल नहीं है	9409	10847	+1438 (15.3)	12683	+1838 (16.9)
कुल जमा वृद्धि	15178	18903	+3725 (24.5)	22932	+4029 (21.3)
बैंक ऋण/जमा अनुपात	75.6	71.4		67.5	

(कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े प्रतिशत घट-बढ़ को दर्शाते हैं।)

प्रतिशत दोनों ही दृष्टियों से पिछले वर्ष की तुलना में उनमें अधिक वृद्धि हुई है । दूसरी ओर अलोच्य वर्ष के दौरान जमा-राशि में वृद्धि की दर विशेष रूप से कम थी ।

राज्य सहकारी बैंकों को ऋण

३७. १९७७-७८ के दौरान सहकारी संस्थाओं को रिजर्व बैंक द्वारा दी गयी वित्तीय सहायता में भारी वृद्धि हुई। रिजर्व बैंक द्वारा मौसमी कृषि कार्यों के वित्तपोषण के लिए राज्य सहकारी बैंकों को मंजूर की गई अल्पावधि ऋण सीमाएं पिछले वर्ष के ६९६ करोड़ रुपयों से बढ़कर ७४९ करोड़ रुपये हो गयी । कैलेंडर वर्ष १९७७ के दौरान मंजूर किये गये मध्यावधि ऋणों की राशि २१.३४ करोड़ रुपये थी; इसमें से राज्य सहकारी बैंकों द्वारा वास्तव में १२.२३ करोड़ रुपये लिये गये । वर्ष १९७८ के लिए विभिन्न राज्य सहकारी बैंकों को ३० जून १९७८ तक १९.०९ करोड़ रुपयों के मध्यावधि ऋण मंजूर किये गये । वर्ष १९७७-७८ के दौरान राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि से राज्य सरकारों को सहकारी ऋण संस्थाओं की शेयर पूंजी में अंशदान करने के लिए २१.१३ करोड़ रुपयों की राशि मंजूर की गई । उक्त अवधि के दौरान शेयर पूंजी में अंशदान के लिए मंजूर की गई राशि में से राज्य सरकारों द्वारा लिए गए ऋणों की राशि २०,८० करोड़ रुपये थी । राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घ-कालीन प्रवर्तन) निधि से कृषि पुनर्वास और विकास निगम को ६५ करोड़ रुपयों के दीर्घावधि ऋण प्रदान किये गये । आलोच्य वर्ष के दौरान चुकाई गई और ली गई राशि क्रमशः २०.८० करोड़ रुपये और ६५.०० करोड़ रुपये थी । ३० जून १९७८ तक २१६.८० करोड़ रुपयों की राशि बकाया थी ।

३८. सहकारी बैंकिंग के क्षेत्र में क्षेत्रीय असंतुलनों को कम करने और अधिकाधिक ऋण उपलब्ध कराने, विशेषकर ग्रामीण समुदाय के कमजोर वर्गों को दिए जाने वाले ऋण की मात्रा को बढ़ाने, सहकारी संस्थाओं के ब्याज दर विन्यास को औचित्यपूर्ण बनाने और अंतिम ऋणदाता पर पड़नेवाले ऋण की लागत संबंधी बोझ को कम करने पर प्रमुख बल दिया जाता रहा । प्रथम लक्ष्य की पूर्ति के लिए प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को सक्षम प्राथमिक ऋण समितियों/कृषक सेवा समितियों/बड़े आकारवाली बहुउद्देश्यीय समितियों के रूप में पुनः गठित करने, सहकारी बैंकों की पुनर्व्यवस्था करने, सरकारी शेयर पूंजी की व्यवस्था करने और कृषि ऋण सघन विकास के अधीन चयनात्मक आधार पर रिजर्व बैंक से

सारणी : 4

केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों की संयुक्त प्राप्तियां और वितरण

(करोड़ रुपये)

मदें	1976-77 (लेखे)	1977-78 (परिशोधित अनुमान)		1978-79 (बजट अनुमान)@	
		राशि	पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत घट-बढ़	राशि	पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत घट-बढ़
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
I कुल प्राप्तियां (अ+आ)	22217	24011	+8.1	26227**	+9.2
अ. राजस्व प्राप्तियां	15858	17245	+8.7	18897	+9.6
उनमें से :					
कर प्राप्तियां	12294	13236	+7.7	14687	+11.0
आ. पूंजीगत प्राप्तियां	6359	6766	+6.4	7330	+8.3
II. कुल वितरण	22298	25276	+13.4	27574	+9.1
उनमें से :					
अ. विकास परिव्यय (क+ख)	10672	12798	+19.9	14276	+11.5
(क) राजस्व	7501	8898	+18.6	9753	+9.6
(ख) पूंजीगत	3171	3900	+23.0	4523	+16.0
आ विकासेतर परिव्यय (क+ख)	7189	7847	+9.2	8887	+13.3
(क) राजस्व	6855	7526	+9.8	8278	+10.0
(ख) पूंजीगत	334	321	+3.9	609@@	+89.7
III समग्र अधिशेष (+) या घाटा (—) (I—II)	81	—1265		—1347*	

@इनमें बजट प्रस्तावों के प्रभाव, 27 अप्रैल, 1978 को केन्द्रीय सरकार द्वारा घोषित कर-रियायतों (25 करोड़ रुपये) का प्रभाव और 1 अगस्त 1978 को लोकसभा में प्रस्तुत अतिरिक्त व्यय के अनुदानों की पूरक मांग का प्रभाव शामिल है।

@@इसमें अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष में भारत के कोटे में की जाने वाली वृद्धि के कारण और मुद्रा मूल्य के समायोजन के रूप में अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष में 245 करोड़ रुपये की अदायगी का प्रावधान शामिल है।

*यदि असम, हरियाणा, जम्मू और कश्मीर, केरल, पंजाब और राजस्थान के संदर्भ में बजट में शामिल न किये गये परिव्यय और महाराष्ट्र तथा केरल के मामले में अनुदानों की पूरक मांगों को हिसाब में लिया जाए तो इस घाटे में 122 करोड़ रुपयों की वृद्धि होगी।

**इसमें रिजर्व बैंक द्वारा चलायी गयी पहली छः नीलामियों में सोने की बिक्री से प्राप्त राशि शामिल है।

टिप्पणियां. 1 इन आंकड़ों में ऐसे संघशासित क्षेत्र शामिल नहीं हैं जहां विधानमंडल हैं।

2 केन्द्रीय सरकार के बजट में उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर अंतर-सरकारी अन्तरणों के लिए आंकड़े समायोजित किये गये हैं। इन समायोजनों से सम्बन्धित समग्र स्थिति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

3 कुछ राज्यों के संदर्भ में अंतिम आंकड़े अभी प्राप्त नहीं हुई हैं, अतः आंकड़े अनंतिम हैं।

स्रोत : केन्द्रीय सरकार तथा राज्य सरकारों के बजट।

प्राप्त होनेवाली पुनर्वित्त सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में प्रयास जारी रहे। सहकारी समितियों को मजबूत बनाने और उन्हें कृषि उत्पादन संबंधी कार्यक्रमों से संबद्ध करने के लिए वित्तीय साधनों का प्रयोग किया गया। ऋण लेनेवालों से क्रमिक रूप से १० प्रतिशत का जो वर्तमान शेयर अनुपात वसूल किया जाता है उससे चूंकि छोटे किसानों और आर्थिक रूप से कमजोर ऋणदाताओं को कठिनाई हो रही थी इस लिए उसे घटाकर ५ प्रतिशत कर दिया गया।

सरकार के वित्त

३९. राजकोषिय वर्ष १९७७-७८ के दौरान केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों (ऐसे संघशासित क्षेत्रों को छोड़कर जहां विधान मंडल हैं) के बजट संबंधी कार्यकलापों से वार्षिक योजना परिव्यय में भारी वृद्धि पायी गई अर्थात् उसमें पिछले वर्ष के स्तर की तुलना में इस वर्ष १,९०० करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई। साथ ही विकासेतर व्यय में भी थोड़ी सी तीव्र वृद्धि पायी गई। कुल प्राप्तियों में जो वृद्धि हुई वह व्यय में हुई वृद्धि से कम थी; इसके परिणामस्वरूप समग्र स्थिति में कमी आई और केन्द्रीय सरकार तथा राज्य सरकारों की राशि मिलकर १९७७-७८ में १२६५ करोड़ रुपये हो गयी जबकि १९७६-७७ में यह राशि केवल ८१ करोड़ रुपये थी। सारणी ४ में इस स्थिति का ब्योरा दिया गया है।

४०. हालांकि १९७७-७८ के परिशोधित बजट अनुमानों के अनुसार केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों के बजट घाटे की कुल राशि १,२६५ करोड़ रुपये थी फिर भी रिजर्व बैंक के अभिलेखों के अनुसार उक्त घाटे की कुल राशि ८८४ करोड़ रुपये थी। इसमें केन्द्रीय सरकार के घाटे की राशि ८०१ करोड़ रुपये और राज्य सरकारों के घाटे की राशि ८३ करोड़ रुपये सम्मिलित थी।

* इन आंकड़ों की पुष्टि करने वाले प्राप्तियों और वितरणों से संबंधित आंकड़े अब तक उपलब्ध नहीं हैं।

केन्द्रीय सरकार का वित्त

४१. वार्षिक योजना के परिव्यय के लिए केन्द्रीय बजट में की गयी कुल व्यवस्था में ९८० करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई; इसमें से राज्यों और संघशासित क्षेत्रों के योजना परिव्यय के लिए दी जानेवाली सहायता का अंश लगभग दो-तिहाई था। १९७८-७९ के भारत सरकार के बजट में विकास परिव्यय में और वृद्धि की गयी है इसके अलावा बजट में किये गये राजकोषीय उपायों का यह प्रयास रहा कि नई कंपनियों के ईक्विटी शेयरों में निवेश के लिए कर संबंधी रियायतें प्रदान कर जोखिम पूंजी की उपलब्ध मात्रा को बढ़ाया जा सके। इस प्रकार के निवेश कर-योग्य आय का हिसाब लगाने में काफी सीमा तक कटौती के पात्र हैं। बैंकों की ब्याज संबंधी आय पर लगाये जाने वाले कर को हटा देना बजट में सम्मिलित एक अन्य महत्त्वपूर्ण उपाय था। यह स्मरण होगा कि १९७४ में उस समय यह कर लगाया गया था जब उच्च ब्याज दरों का मुद्रागत प्रतिबंधों के उपाय के रूप में प्रयोग किया जाता था; इस कर का भार बैंक के ऋणदाताओं पर पड़ा; क्योंकि इससे ऋण की लागत बढ़ गई थी। निवेश को प्रोत्साहित करने और औद्योगिक उत्पादन की लागत को कम करने की नीति के परिप्रेक्ष्य में उक्त कर को हटाया गया।

४२. नये वित्तीय साधन जुटाने के लिए बजट प्रमुखतः परोक्ष करों पर निर्भर रहा है। किन्तु इस दिशा में काफी व्यापक मात्रा में कर लगाने के बावजूद कुल प्राप्तियों में आलोच्य वर्ष में प्रत्याशित वृद्धि कुल वितरणों में अपेक्षित वृद्धि की तुलना में कम रही। इसके परिणामस्वरूप १९७८-७९ के केन्द्रीय सरकार के बजट में १,५३७ करोड़ रुपयों* की खाई रह गई है जो पिछले वर्ष के भारी घाटे के अतिरिक्त हुई है। इस स्थिति का जो मुद्रागत प्रभाव होगा वह गम्भीर होगा।

राज्य सरकारों का वित्त

४३. बाईस राज्य सरकारों की संयुक्त बजट संबंधी स्थिति से यह विदित होता है कि वे केन्द्रीय करों में रहने वाले अपने हिस्से और अनुदानों तथा ऋणों के रूप में केन्द्रीय सरकार से प्राप्त होने वाली निधि पर अधिकाधिक निर्भर रहती हैं। १९७७-७८ के परिशोधित अनुमानों के अनुसार उन्हें इस शीर्ष के अंतर्गत १,०५९ करोड़ रुपयों की राशि प्राप्त हुई है। इस वर्ष उक्त राशि में हुई वृद्धि पिछले वर्ष की राशि में हुई वृद्धि की तुलना में दुगुनी से थोड़ी-सी अधिक है। केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रदान की गई अधिकांश अतिरिक्त ऋण सहायता का उद्देश्य यह था कि कतिपय राज्य सरकारों द्वारा रिजर्व बैंक से लिये गये ओवरड्राफ्टों को चुकाया जा सके, राज्य सरकारों के पास अपनी योजनाओं का वित्तपोषण करने के लिए उपलब्ध साधनों में विद्यमान खाई की पूर्ति की जा सके और देश के विभिन्न भागों में आई प्राकृतिक विपत्तियों के परिणामस्वरूप किये जाने वाले राहत कार्यों का सहायता पहुंचाई जा सके। इसके विपरीत अपने नये कर संबंधी उपायों से अतिरिक्त वित्तीय साधन जुटाने के लिए राज्य सरकारों द्वारा किये गये प्रयासों के परिणाम निराशाजनक रहे हैं। नये कर संबंधी उपायों से जुटाये गये कुल अतिरिक्त साधन जहां १९७६-७७ में १०७ करोड़ रुपये थे वहां १९७७-७८ में उक्त साधन केवल ६५ करोड़ रुपये थे। १९७८-७९ के बजटों से इस दिशा में कोई उल्लेखनीय सुधार होने का संकेत नहीं मिलता।

४४. १९७८-७९ में राज्य सरकारों की बजट व्यवस्थाओं के अनुसार उनकी प्राप्तियों की वृद्धि की गति और धीमी हो गई है। विकासात्मक और विकासेतर व्यय की वृद्धि दर में गिरावट आने के बावजूद यह आशा की जाती है कि राज्य सरकारों की समग्र बजट स्थिति में लगातार दूसरे वर्ष २५७ करोड़ रुपयों** का भारी घाटा परिलक्षित होगा।

अर्थोपाय अग्रिम और ओवरड्राफ्ट

४५. पिछले वर्ष की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया था कि रिजर्व बैंक ने राज्य सरकारों को इस उद्देश्य से अस्थायी वित्तीय सहायता की सुविधा उपलब्ध करायी थी कि वितरित राशि की तुलना में प्राप्तियों की मात्रा कम होने के कारण उत्पन्न असंतुलनों को दूर किया जाए। कतिपय राज्य सरकारें हाल ही के वर्षों में ऋण संबंधी अपनी पात्रताओं से अधिक उधार निरन्तर लेती रही हैं। जून १९७७ के अन्त में विद्यमान ३२० करोड़ रुपयों की राशि के ऐसे ओवरड्राफ्ट केन्द्रीय सरकार द्वारा राज्य सरकारों को अग्रिम रूप से वितरित सहायता से चुका दिये गये। इस वर्ष के परवर्ती भाग में ओवरड्राफ्ट फिर से उभर आये और वे अपेक्षाकृत उच्च स्तर पर लम्बी अवधियों के लिए थे। रिजर्व बैंक तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा राज्य सरकारों से बार-बार यह अनुरोध किये जाने के बावजूद कि वे लगातार अधिक मात्रा में ओवरड्राफ्ट का प्रश्रय

* इसमें २७ अप्रैल १९७८ को घोषित कर रियायतों (२१ करोड़ रुपये), १ अगस्त १९७८ को लोक सभा में प्रस्तुत अतिरिक्त व्यय के अनुदानों की पूरक मांग और रिजर्व बैंक द्वारा चलाई गई पहली छः नीलामियों में सोने की बिक्री से प्राप्त राशि का प्रभाव शामिल है।

**यदि असम, हरियाणा, जम्मू और काश्मीर, केरल, पंजाब और राजस्थान के बजट में शामिल न किये गये कुल ५४ करोड़ रुपयों के परिव्यय और केरल तथा महाराष्ट्र के मामले में क्रमशः २१ करोड़ रुपयों और ०.१ करोड़ रुपये के अनुदानों की पूरक मांगों को हिसाब में लिया जाए तो घाटे की यह राशि बढ़कर ३७९ करोड़ रुपये हो जाएगी। केन्द्रीय सरकार ने पहली अगस्त, १९७८ को राज्य सरकारों के ३१ मार्च १९७८ तक के घाटे की पूर्ति करने के लिए ४३० करोड़ रुपयों का विशेष ऋण प्रदान किया है। इसके अलावा राज्य सरकारों के लिए १४ करोड़ रुपयों के अतिरिक्त अनुदानों और २ करोड़ रुपयों के एक दूसरे ऋण को भी मंजूरी दी गयी है। यदि राज्य सरकारों को दिये गये इन ऋणों और अनुदानों को १९७८-७९ में उनकी प्राप्तियों के रूप में माना जाय तो उनकी समग्र बजट स्थिति १९७८-७९ में ६७ करोड़ रुपयों के अधिशेष में बदल जाने की संभावना है।

लेने से बचें, ओवरड्राफ्टों का बकाया स्तर १४ अप्रैल १९७८ को ५३८ करोड़ रुपयों के सर्वाधिक स्तर पर था ।*

४६. निरन्तर भारी मात्रा में ओवरड्राफ्ट लेने का कारण यह है कि राज्य सरकारों की प्राप्तियों और वितरणों के बीच मूलभूत असंतुलन बना रहता है । इससे अमतौर पर यह संकेत मिलता है कि अप्रत्याशित प्राकृतिक विपत्तियां न होने पर भी सामान्यतः वित्तीय अनुशासन का थोड़ा-बहुत अभाव रहता है इस प्रकार के ओवरड्राफ्ट वित्तीय वर्ष के आरम्भ में राज्यों द्वारा बनाये गये वार्षिक वित्तीय कार्यक्रमों के संदर्भ में केन्द्रीय सरकार द्वारा स्वीकृत सहायता राशि के अतिरिक्त होते हैं । इस प्रकार लिये जाने वाले अतिरिक्त साधनों से निश्चित रूप से घाटे के वित्तपोषण के समग्र स्तर तथा राज्यों के बीच उचित वितरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है । यह स्थिति पिछले कुछ समय से थोड़ी बहुत असामान्य रही है, क्योंकि १९७७ के मध्य में जो राज्य सरकारें सत्ता में आई वे यह समझती हैं कि उन्हें विरासत में काफी असंतुलित बजट स्थिति प्राप्त हुई है । इस संदर्भ में यह उचित होगा कि केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारें सभी संबंधित बातों पर ध्यान देते हुए अत्यधिक उच्च स्तर पर विद्यमान ओवरड्राफ्टों को समाप्त करने के लिए मिल-जुलकर कोई व्यवस्थाएं ढूंढ निकालें ।* परन्तु उसके बाद राज्य सरकारों को चाहिए कि वे केन्द्रीय सरकार के साथ स्वीकृत व्यवस्थाओं का अनुपालन करें तथा अनधिकृत रूप से ओवरड्राफ्टों का प्रश्रय लिये बिना अज्ञात परिस्थितियों के विपरीत प्रभाव का सामना करने के लिए हर सम्भव कदम उठायें ।

बाजार ऋण

४७. १९७७-७८ के दौरान केन्द्रीय सरकार ने काफी बड़ी राशि के लिए बाजार ऋण संबंधी अपना कार्यक्रम बनाया था । इन ऋणों से १,१८३ करोड़ रुपये प्राप्त हुए जो एक वर्ष की अवधि में ३३४ करोड़ रुपयों की वृद्धि के द्योतक हैं । परन्तु राज्य सरकारों द्वारा जुटाये गये बाजार ऋणों की शुद्ध राशि १७९ करोड़ रुपयों के आसपास ही थी । केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों द्वारा प्रवर्तित संस्थाओं की कुल ऋण राशि ६३० करोड़ रुपये थी ।

४८. आलोच्य वर्ष के दौरान केन्द्रीय सरकार ने बाजार में दो बार प्रवेश किया और उसने तीन बार रिजर्व बैंक को प्रतिभूतियों का विक्रय किया जिसका उद्देश्य यह था कि बाद में निवेशकों को उन्हें आवंटित किया जाए । इन पांच किस्तों से जुटाई गई सकल राशि १,३१२ करोड़ रुपये थी जो पिछले वर्ष की तुलना में १८८ करोड़ रुपये या १७.७ प्रतिशत अधिक थी ।

४९. राज्य सरकारों द्वारा १९७७-७८ के दौरान लिये गये सकल ऋणों की राशि २८४ करोड़ रुपये थी जिसमें से २३४ करोड़ रुपये नकदी अभिदान के रूप में और ५० करोड़ रुपये ऋण परिवर्तन के रूप में प्राप्त हुए थे । अवधि समाप्त ऋणों के मामले में १०५ करोड़ रुपये चुकाये गये; इससे शुद्ध बाजार ऋणों की राशि १७९ करोड़ रुपये रह गयी ।

५०. १९७७-७८ के लिए केन्द्रीय सरकार ने लगभग १,६५० करोड़ रुपयों के शुद्ध बाजार ऋण का कार्यक्रम बनाया है । केन्द्रीय सरकार ने सबसे पहले कुल ५५२ करोड़ रुपयों की राशि के लिए तीन ऋण अर्थात् ६ प्रतिशत ऋण १९८८ (तीसरा निर्गम), ६-१/४ प्रतिशत ऋण १९९५ और ६-३/४ प्रतिशत ऋण २००६ जारी करने के लिए १५ मई १९७८ को बाजार में प्रवेश किया । इन ऋणों के लिए नकदी में अभिदान स्वीकार किया गया । २०० करोड़ रुपयों की कुल राशि के लिए इन तीन ऋणों की अगली किस्तें २५ मई, १९७९ को रिजर्व बैंक को इस उद्देश्य से जारी की गयीं कि उन्हें बाद में बाजार में जारी किया जाए । ४४० करोड़ रुपयों की कुल राशि के लिए केन्द्रीय सरकार के ऋण कार्यक्रम की तीसरी किस्त १ जुलाई १९७८ को जारी की गई । इसके लिए नकदी में और पिछले ऋणों के परिवर्तन के रूप में अभिदान स्वीकार किया गया । इससे ९३ करोड़ रुपये ऋण-परिवर्तन के रूप में प्राप्त हुए ।

वित्तीय प्राप्तियां

५१. बजट ही एकमात्र ऐसा साधन नहीं है जिसके द्वारा विभिन्न क्षेत्रों के बीच वित्तीय साधनों का अंतरण किया जाता है । वाणिज्य बैंकों की शाखाएं व्यापक रूप से फैली हुई हैं ; ऐसे वाणिज्य बैंकों तथा मीयादी ऋण प्रदान करने वाली राष्ट्र स्तरीय संस्थाओं जैसी वित्तीय संस्थाओं के जरिए भी पूंजी प्राप्त होती है । इन संस्थाओं से प्राप्त होने वाले वित्त की मात्रा काफी अधिक रहती है किन्तु उक्त वित्त के वितरण को विनियमित करने की संभावना सीमित रहती है ।

५२. बैंकों और मीयादी ऋण प्रदान करने वाली संस्थाओं के ऋण-कार्यों का भौगोलिक स्वरूप मूलतः ऋण लेने वाले यूनिटों के स्थान के आधार पर उत्पन्न मांग द्वारा निर्धारित किया जाता है । किन्तु किसी राज्य की अर्थव्यवस्था में वित्तीय संस्थाओं द्वारा न केवल ऋण प्रदान कर, बल्कि उस राज्य में विकास कार्यक्रम चलाने वाली संस्थाओं के बांडों और डिबेंचरों में अभिदानों द्वारा भी सहायता प्रदान की जाती है । ऐसे निवेशों से इन संस्थाओं के आर्थिक स्रोतों को बढ़ाने में सहायता मिलती है जिससे कि वे अपने कार्यक्रमों का स्वयं वित्तपोषण कर सकें । पिछले वर्षों में राज्य सरकारों और राज्य स्तर के निकायों की प्रतिभूतियों में, विशेष रूप से पिछड़े राज्यों में बैंकों के निवेशों में भारी वृद्धि हुई है ।

५३. क्षेत्रीय असमानताओं को कम करने की दिशा में किया गया दूसरा नीतिगत उपाय है विशेष रूप से ऐसे सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक कार्यालयों की स्थापना, जहां अब तक इस प्रकार की संस्थागत वित्तीय सहायता का लाभ नहीं पहुंचा है । ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यालयों की संख्या को बढ़ाने के उद्देश्य से वाणिज्य बैंकों के शाखा विस्तार का जो सूत्र बनाया गया था उसे १९७७ के प्रारम्भ में परिवर्तन कर दिया गया । परिवर्तित सूत्र में बैंक रहित केन्द्रों पर बल दिया गया ।

* राज्य सरकारों के ओवरड्राफ्ट २७ जून १९७८ को ५०५ करोड़ रुपये थे । उन्हें केन्द्रीय सरकार की सहायता से २९ जून १९७८ को चुका दिया गया ।

* संबंधित राज्य सरकारें रिजर्व बैंक से बार-बार जो ओवरड्राफ्ट लेती है उन्हें समाप्त करने के उद्देश्य से केन्द्रीय सरकार ने राज्यों के बजटों में ३१ मार्च १९७८ को विद्यमान घाटे की पूर्ति करने के लिए ४३० करोड़ रुपयों का विशेष ऋण प्रदान किया है । पहली अगस्त १९७८ को लोक सभा में प्रस्तुत अनुदानों की पूरक मांग में इसकी व्यवस्था की गई ।

इसका उद्देश्य यह था कि ऐसे स्थानों पर बैंकों के जमाव की प्रवृत्ति का रोका जा सके जो तकनीकी अर्थों में तो ग्रामीण है किन्तु जहां पहले से ही बैंकिंग सुविधाएं प्राप्त हैं । परिवर्तित सूत्र के अधीन बैंक रहित केन्द्रों में शाखाओं की निर्दिष्ट संख्या की आवश्यकता को पूरा करने के बाद ही बैंक शहरी केन्द्रों और बैंक युक्त केन्द्रों में शाखाएं खोल सकते हैं । प्रसंगवश, इस नीतिगत परिवर्तन से काफी जल्दी परिणाम सामने आये; क्योंकि कुल कार्यालयों में वाणिज्य बैंकों के ग्रामीण कार्यालयों का जो अनुपात १९७५ तक ३६ प्रतिशत के आसपास रुका हुआ था वह जून, १९७७ में बढ़कर ३८.५ प्रतिशत और १९७७ के अन्त तक और बढ़कर ४१ प्रतिशत हो गया । वर्ष १९७८ के लिए बैंकों से कहा गया कि वे अपनी स्थिति को समेकित करें और शाखा विस्तार के कार्यक्रम की लम्बी-चौड़ी योजना न बनाएं । बैंक रहित केन्द्रों के चुनाव के संबंध में भी बैंकों से कहा गया है कि वे ऐसे जिलों पर बल दें जहां प्रति कार्यालय सेवा प्राप्त जनसंख्या के अनुसार राष्ट्रीय औसत की तुलना में बैंकिंग सुविधा अपर्याप्त है । शहरी और महानगरीय केन्द्रों में नई शाखाओं के लिए लाइसेंस प्रदान करने पर और प्रतिबन्ध लगा दिया गया है । ग्रामीण क्षेत्रों में ऋण के विनियोजन में सुधार लाने के लिए बैंकों को यह भी निर्देश दिया गया कि वे मार्च, १९७९ तक कम से कम ६० प्रतिशत ग्रामीण और अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में जुटाये गये करें जिससे कि ग्रामीण और अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में जुटाये गये साधनों का उत्पादक विनियोजन उन्हीं क्षेत्रों में हो । बैंकों से यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि उनके कुल ऋण का कम से कम एक-तिहाई भाग प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को दिया जाता है । यद्यपि बैंक इन लक्ष्यों को प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं, फिर भी सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध मूलभूत बैंकिंग सुविधा का जो उपयोग किया गया है वह अपर्याप्त है । यह स्वीकार करना पड़ेगा कि क्षेत्रीय असंतुलन की समस्या अकेले वित्तीय संस्थाओं के कार्यों से हल नहीं की जा सकती ।

५४. ग्रामीण और कृषि क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूरा करने में लगी हुई विभिन्न ऋण संस्थाओं के कार्यकलापों को अधिक एकीकृत करने की आवश्यकता पहले की अपेक्षा अब अधिक स्पष्ट हो गई है । क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की कार्य प्रणाली की समीक्षा और कृषि के वित्तपोषण में बहुविध एजेंसी दृष्टिकोण का अध्ययन करने वाली समितियों की सिफारिशों के आधार पर आगामी ५-१० वर्षों के लिए ग्रामीण विकास के लिए अपेक्षित अन्तर संस्थागत दृष्टिकोण की स्थूल रूपरेखा बनाई गई है । शिखर सहकारी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के बीच निकट सम्पर्क होना चाहिए और जहां सम्भव हो, इस बात के लिए बढ़ावा दिया जाना चाहिए कि शिखर बैंक और वाणिज्य बैंक संयुक्त रूप से क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का प्रवर्तन करें । वाणिज्य बैंकों की शाखाओं की अपेक्षा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य करने का अवसर हो और सम्बन्धित बैंकों के परामर्श से वर्तमान वाणिज्य बैंकों के ग्रामीण कार्यालयों को क्रमिक रूप से उनमें अन्तरित कर दिया जाए । किन्तु इसका अर्थ यह नहीं है कि किसी एक प्रकार की संस्था को ही ग्रामीण कार्य सौंपा जाना चाहिए । जहां ग्रामीण क्षेत्र के विकास में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और सहकारी संस्थाओं की अधिक प्रभावशाली भूमिका की परिकल्पना की गई है वहां वाणिज्य बैंक अपनी ओर से और सहकारी संस्थाओं तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के द्वारा भी कृषि का वित्तपोषण करते रहेंगे । इस प्रकार का वित्तपोषण कार्य बड़े कृषकों तक सीमित नहीं होना चाहिए ।

मुद्रा उपलब्धि

५५. जनता के पास मुद्रा उपलब्धि में निरन्तर वृद्धि होती रही । उसमें पिछले वर्ष हुई २,३३२ करोड़ रुपयों (१६.६ प्रतिशत) की वृद्धि की तुलना में आलोच्य वर्ष के दौरान ३,००८ करोड़ रुपयों (१८.४ प्रतिशत) की वृद्धि हुई । मुद्रा उपलब्धि की यह वृद्धि दर पिछले पांच वर्षों की अवधि (१९७२-७३ से १९७६-७७ तक) में पायी गयी १३.४ प्रतिशत की वार्षिक औसत वृद्धि दर के मुकाबले उच्च थी । वास्तविक राष्ट्रीय आय में लगभग ५ प्रतिशत की केवल थोड़ीसी वृद्धि हुई; इस संदर्भ में मुद्रा उपलब्धि के विस्तार की दर इस तथ्य के बावजूद कि कृषिजन्य वस्तुओं के उत्पादन की अपेक्षा उनकी पूर्ति अधिक तेजी से बढ़ती (और घटती) है, चिन्ताजनक है ।

५६. मीयादी जमाराशियों की वृद्धि दर स्पष्ट रूप से कम होकर १७.८ प्रतिशत (अर्थात २,२६१ करोड़ रुपये) हो गई । इसके परिणामस्वरूप स्थूल मुद्रा (एम ३) (इसमें मुद्रा उपलब्धि और बैंकों की मयादी जमाराशियां शामिल हैं) में हुई वृद्धि पिछले वर्ष के २१.२ प्रतिशत से कम होकर १८.१ प्रतिशत हो गई ।

५७. चालू वर्ष के दौरान मुद्रा उपलब्धि का जो अपेक्षाकृत अधिक विस्तार हुआ उसकी महत्वपूर्ण विशेषता यह थी कि बैंकिंग तंत्र की मुद्रेतर देयताओं की वृद्धि की गति में भारी कमी के साथ ही विस्तार के मुख्य स्रोतों में आई वृद्धि के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई । उदाहरणार्थ १९७७-७८ में मुद्रेतर देयताओं में केवल २,७४९ करोड़ रुपयों (१४.५ प्रतिशत) की वृद्धि हुई जबकि १९७६-७७ में ४,२४१ करोड़ रुपयों (२८.९ प्रतिशत) की वृद्धि हुई थी । इसका प्रमुख कारण यह था कि मीयादी जमाराशियों में धीमी वृद्धि हुई और कुछ सीमा तक यह भी कारण था कि भारतीय रिजर्व बैंक की शुद्ध मुद्रेतर देयताओं में ५४० करोड़ रुपयों की तीव्र गिरावट आई ।

५८ यदि १९७६-७७ के साथ तुलना की जाए तो सभी प्रमुख प्रभावकारी तत्वों अर्थात सरकार को बैंकों द्वारा दिये गये शुद्ध ऋण, वाणिज्य क्षेत्र को बैंकों द्वारा दिये गये ऋण और बैंकिंग क्षेत्र की शुद्ध विदेशी मुद्रा आस्तियों की वृद्धि की दरें आलोच्य वर्ष में कम थीं । सरकार को रिजर्व बैंक द्वारा दिये गये शुद्ध ऋण में हुई वृद्धि पिछले वर्ष की अपेक्षा ३८३ करोड़ रुपये कम थी जबकि सरकार को दूसरे बैंकों द्वारा दिये गये ऋण में ३२३ करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई । इसके विवरण सारणी ५ में दिये गये हैं ।

मूल्य प्रवृत्तियां

५९ यह उल्लेखनीय है कि आलोच्य वर्ष के दौरान मूल्यों में तनाव की स्थिति नहीं पाई गई । मूल्यों में यह स्थिरता विभिन्न उपायों के माध्यम से प्राप्त की गई । इन उपायों का एक महत्वपूर्ण तत्व वस्तुओं की पूर्ति की प्रभावशाली व्यवस्था थी । वनस्पति तेलों जैसी अत्यावश्यक उपभोक्ता वस्तुओं और तिलहनों तथा कपास जैसे औद्योगिक कच्चे माल की पूर्ति में विद्यमान कमी को समय पर किये गये आयातों से पूरा किया गया । इससे कुछ सीमा तक विशेष रूप से प्रत्यक्ष उपयोग के संदर्भ में परम्परेतर तेलों के प्रयोग में उपभोक्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा; किन्तु सामान्यतः यह नीति सफल रही है । सब्जियों और चाय जैसी उपभोक्ता

वस्तुओं की देश मे उपलब्ध मात्रा और विदेशो मे उनकी भारी माग को निर्यातो द्वारा विनियमित किया गया । इसके साथ ही खाद्यानो के यातायात पर लगे सभी प्रतिबन्धों को उठा लेने से भी खाद्यानो क मूल्यो मे विद्यमान अन्तर क्षेत्रगत विषमताओ को दूर करने मे काफी सहायता मिली ।

६०. जून १९७८ के अन्त मे प्रचलित मूल्यो की जून १९७७ के अन्त मे स्थित मूल्यो से अलग-अलग बिन्दु के आधार पर तुलना करने से थोक मूल्यो (आधार : १९७०-७१ =१००) के सूचकाक मे ३.११ प्रतिशत की गिरावट परिलक्षित होती है । १९७६-७७ के इसी प्रकार के सूचकाक से तुलना करने पर ८.६ प्रतिशत की वृद्धि पाई जाती है । १९७७-७८ मे निर्मित वस्तुओं और प्राथमिक वस्तुओं मे लगभग समान रूप से (क्रमश: २.७ प्रतिशत और २ ९ प्रतिशत) गिरावट आई । निर्मित वस्तुओ मे जिन प्रमुख मदों के कारण गिरावट आई वे खाद्य वस्तुए थी । चीनी मे ४.३ प्रतिशत और खाद्य तेलों मे १३ ० प्रतिशत की गिरावट आई । प्राथमिक वस्तु समूह के अधीन खाद्य वस्तुओ मे गिरावट (०.७ प्रतिशत) पाई गई । उक्त समूह में जिस एक मद मे भारी वृद्धि (२६.१ प्रतिशत) पाई गई वह दाले थी ।

६१ साप्ताहिक औसतो के अनुसार मासिक औसत सूचकाक मे अगस्त से नवम्बर १९७७ तक गिरावट पाई गई । परवर्ती महीने मे सूचकाक मे थोडी-सी वृद्धि परिलक्षित हुई और जनवरी १९७८ मे सूचकाक घटकर नवम्बर १९७७ के स्तर पर पहुच गया। फरवरी १९७८ मे इस सूचकाक मे १ ६ प्रतिशत की भारी गिरावट आयी । उसके बाद उक्त सूचकाक मे सामान्यत: वृद्धि की प्रवृत्ति पायी गयी, किन्तु अप्रैल १९७८ मे उसमे ०.४ प्रतिशत की गिरावट आयी और जून १९७८ मे वह १८४.० (अनंतिम) पर पहुच गया । अलग-अलग वस्तुओं में से दालों मे जनवरी से गिरावट पायी गयी; किन्तु उनमे अप्रैल के बाद थोड़ी सी वृद्धि हुई । दालों के जिस मूल्य सूचकाक मे मार्च तक तीव्र वृद्धि हुई थी उसमे अगले दो महीनों मे ८.३ प्रतिशत की गिरावट आयी और जून में पुन: उसमे वृद्धि पायी गयी । दालों के सूचकांक का समग्र स्तर जून १९७८ मे औसतन २३७ २ था जबकि जून १९७७ मे उक्त सूचकाक १८९.० था ।

६२ सक्षेप मे यह कहा जा सकता है कि अप्रैल १९७६ स तेजी से बढ़ने के बाद फिलहाल मूल्यो मे काफी स्थिरता आयी है । सभी पण्यो का सूचकांक जून १९७८ के अंत मे १८४ ८ था जबकि उक्त सूचकाक जून १९७७ के अत मे १८८ ८ और जून १९७६ के अंत मे १७३ ९ था । १९७८-७९ के बजट मे परिकल्पित घाटे की वित्त व्यवस्था के पश्चात् अर्थ-व्यवस्था मे अधिक मात्रा मे पायी जानेवाली चल निधि के परिप्रेक्ष्य मे मूल्यों के क्षेत्र मे सतोष कर लेने की कोई गुजाइश नही है ।

६३ उपभोक्ता मूल्य सूचकाको मे होनेवाल उतार-चढ़ाव हमेशा थोक मूल्य सूचकांको के उतार-चढ़ावों के अनुरूप नही होते; क्योंकि उन दोनों के वस्तुगत स्वरूप और वजन की प्रणाली मे अंतर है । औद्योगिक श्रमिको के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (आधार : १९६० = १००) मे (जुलाई १९७७ की तुलना मे जून १९७८ मे) ० ६ प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष के तदनुरूप अवधि मे उसमे ७ ७ प्रतिशत की वृद्धि हुई थी । शहरी श्रमेतर कर्मचारियो के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मे (जुलाई १९७७ की तुलना मे मई १९७८ मे) १ ७ प्रतिशत की सीमात वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष की उसी अवधि मे उक्त सूचकाक मे ५ १ प्रतिशत की वृद्धि हुई थी ।

ऋण नीति

६४. आलोच्य वर्ष के दौरान कार्यान्वित किये गये ऋण नीति संबधी उपाय समग्र नीति विन्यास के अनुरूप किये गये थे । इन उपायों के द्वारा जिन दो प्रमुख उद्देश्यो की पूर्ति करने का प्रयास किया गया वे निम्न प्रकार थे: उत्पादक कार्य-

सारणी 5

मुद्रा उपलब्धि और परिवर्तन के स्रोत (अनंतिम)

(करोड़ रुपये)

	निम्नलिखित के अत मे बकाया			घट-बढ़	
	जून 1976	जून 1977@	जून 1978@	1976-77	1977-78
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
I. एम 1 (जनता के पास मुद्रा उपलब्धि) (अ+आ)	14038	16370	19378	+2332 (+16 6)	+3008 (+18 4)
अ जनता के पास चल मुद्रा	7235	8298	9295	+1063 (+14 7)	+997 (+12 0)
आ जमा रकम	6803	8072	10083	+1269 (+18 7)	+2011 (+24 9)
II. एम 1 मे परिवर्तन के स्रोत (1+2+3+4+5)					
1 बैंको द्वारा सरकार को दिया गया शुद्ध ऋण (अ+आ)	10841	12407	13913	+1566 (+14 4)	+1506 (+12 1)

1	2	3	4	5	6
अ. रिजर्व बैंक द्वारा सरकार को दिया गया शुद्ध ऋण (I–II)	7247	7929	8228	+682	+299
(i) सरकार पर दावे (क+ख)	7316	8000	8623	+684	+623
(क) केन्द्रीय सरकार	6996	7454	8498	+458	+1044
(ख) राज्य सरकारें	320	546	125	+226	+421
(ii) रिजर्व बैंक के पास सरकार की जमा राशियाँ (क+ख)	69	71	395	+2	+324
(क) केन्द्रीय सरकार	57	65	377	+8	+312
(ख) राज्य सरकारें	12	7	18	—5	+11
आ. दूसरे बैंकों द्वारा सरकार को दिया गया ऋण	3594	4478	5685	+884	+1207
2. बैंकों द्वारा वाणिज्य क्षेत्र को दिया गया ऋण (अ+आ)*	16029	18976	21976	+2947	+3000
				(+18.4)	(+15.8)
अ. रिजर्व बैंक द्वारा वाणिज्य क्षेत्र को दिया गए ऋण	740	840	1066	+100	+226
आ. दूसरे बैंकों द्वारा वाणिज्य क्षेत्र को दिया गया ऋण (i+ii+iii)	15288	18136	20910	+2848	+2774
(i) वाणिज्य बैंकों द्वारा दिया गया ऋण	11492	13501	15504	+2009	+2003
(ii) सहकारी बैंकों द्वारा दिया गया ऋण	2106	2525	3020	+419	+495
(iii) वाणिज्य और सरकारी बैंकों द्वारा अन्य प्रतिभूतियों में निवेश	1690	2111	2386	+421	+275
3. बैंकिंग क्षेत्र की शुद्ध विदेशी मुद्रा आस्तियाँ (अ+आ)	1274	3306	4567	+2032	+1261
				(+159.5)	(+38.1)
अ. रिजर्व बैंक की शुद्ध विदेशी मुद्रा आस्तियाँ (i–ii)	1280	3312	4573	+2032	+1261
(i) सकल विदेशी आस्तियाँ	1969	3761	4733	+1792	+972
(ii) मुद्रेतर विदेशी देयताएं	689	449	160	—240	—289
आ. दूसरे बैंकों की शुद्ध विदेशी मुद्रा आस्तियाँ	—6	—6	—6	—	—
4. जनता के प्रति सरकार की मुद्रा देयताएं	555	583	573	+28	—10
				(+5.0)	(—1.7)
5. बैंकिंग क्षेत्र की मुद्रेतर देयताएं (अ+आ+इ)	14661	18902	21651	+4241	+2749
				(+28.9)	(+14.5)
अ. बैंकों के पास मीयादी जमा राशियाँ	9978	12736	14997	+2758	+2261
				(+27.6)	(+17.8)
आ. रिजर्व बैंक की शुद्ध मुद्रेतर देयताए	2458	3593	3053	+1135	—540
इ. दूसरे बैंकों की शुद्ध मुद्रेतर देयताएं (निकाली गयी)	2226	2573	3601	+347	+1028
III. एम 3(एम 1+बकों के पास मीयादी जमा राशियाँ)	24016	28107	34375	+5091	+5268
				(+21.2)	(+18.1)

*इसमें सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों और राज्य सरकारों को वाणिज्यिक प्रयोजनों के लिये दिये गये ऋण शामिल हैं।

@अनंतिम

टिप्पणी: (1) कोष्ठकों में दिये गये आँकड़े प्रतिशत घट-बढ़ से संबंधित हैं।

(2) अलग अलग मदों के आँकड़े जोड़ से मेल नहीं खाते, क्योंकि जोड़ को पूर्णांकित किया गया है।

कलापों की गति में तीव्रता लाने के लिए अनुकूल परिस्थितियां निर्मित करना और अधिक मात्रा में मुद्रा विस्तार होने की गुंजाइश को सीमित कर मूल्यों में स्थिरता लाना आलोच्य वर्ष के दौरान किया गया नीति संबंधी सर्वाधिक महत्वपूर्ण निर्णय ब्याज दरों के समायोजन से संबंधित था । ऋणों पर जो ब्याज लिया जाता है उसकी दरों को पहले चयनात्मक रूप से कम किया गया और इसे कुछ अधिमान्य क्षेत्रों को दिये जाने वाले कतिपय ऋणों और अग्रिमों तक सीमित रखा गया । इस प्रकार दिसम्बर १९७७ में बैंकों से यह कहा गया कि वे लघु उद्योग क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों, सड़क परिवहन चालकों एवं निर्दिष्ट पिछड़े क्षेत्रों में स्थित छोटी इकाइयों को दिये जाने वाले मीयादी ऋणों पर ११ प्रतिशत से अनधिक दर पर ब्याज लें । ग्यारह प्रतिशत की यह अधिकतम ब्याज दर कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा "व्यापक प्रयोजनों" के रूप में परिभाषित प्रयोजनों के लिए कृषकों को दिये जाने वाले मीयादी ऋणों के लिए भी लागू थी जबकि लघु सिंचाई और भूमि विकास के लिए दिये जानेवाले मीयादी ऋणों के संदर्भ में निर्धारित अधिकतम ब्याज दर अपेक्षाकृत कम अर्थात १०.५ प्रतिशत थी । उक्त दरें उन सभी ऋणों के लिए (१ जनवरी १९७८ के बाद प्रदत्त) लागू की गयीं जिनकी अवधि संबंधित वर्गों में तीन वर्षों से अधिक नहीं हो, भले ही ऐसे ऋणों के संबंध में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक और कृषि पुनर्वित्त

और विकास निगम से उपलब्ध किसी पुनर्वित्त सुविधा का वास्तव में प्रयोग किया गया हो या नहीं । अलग-अलग रूप से सीध प्रदान किये गए अधिकतम रु. २,५०० तक के छोटे कृषि ऋणो क लिए बैंक दर पर रिजर्व बैंक की विशेष पुनर्वित्त सुविधा उपलब्ध करायी गयी । पहली जनवरी, १९७८, के बाद प्रदान किय गये इस वर्ग क सभी प्रकार के ऋण, चाह उनकी अवधि कुछ भी क्यो न हो, इस "छोटे कृषको को उपलब्ध सुविधा" क अंतर्गत कुल ऋणो के ५० प्रतिशत तक के पुनर्वित्त के लिए पात्र थ; बैंको को यह भी सूचित किया गया कि ऐसे सभी ऋणो पर ११ प्रतिशत से अनधिक दर पर ब्याज लिया जाये चाहे उनके संबध म वास्तव म पुनर्वित्त लिया गया हो या नही ।

ऋणों की ब्याज दरों को कम करना

६५ बैंको की ऋण संबधी ब्याज दरो मे केन्द्रीय बजट के साथ ही अधिकतम व्यापक रूप से गिरावट की घोषणा की गयी । निवेश के वातावरण मे सुधार लाने तथा उत्पादन की लागत को कम करने की राजकोषीय नीति के अनुरूप ऋण व्यवस्था को बनाने के लिए उठाये गये इस कदम की कई विशेषताए थी । पहली विशेषता यह थी कि मार्च, १९७६ मे निदिष्ट ऋण सबधी १६.५ प्रतिशत की अधिकतम ब्याज दर को कम कर १५ प्रतिशत कर दिया गया । पहले जहा छोटे बैंको (अर्थात २५ करोड रुपया से ५० करोड रुपयो तक की मांग और मीयादी देयताओं से युक्त) को उच्चतर अधिकतम दर पर ब्याज लने की अनुमति थी और बैंको के सबसे छोटे समूह (अर्थात २५ करोड रुपयो से कम राशि की माग और मीयादी देयताओ से युक्त) को इस उच्चतम ब्याज दर से पूर्णत: छूट प्राप्त थी वहां अब इन रियायतों को वापस ले लिया गया और केवल बैंको के सबसे छोटे समूह को १६ प्रतिशत की उच्चतर अधिकतम दर पर ब्याज लेने की अनुमति दी गयी । दूसरी विशेषता यह थी कि चयनात्मक ऋण नियंत्रणों के अधीन आने वाले संवेदनशील पण्यों पर दिये जानेवाले अग्रिमों पर १५—१६ प्रतिशत की अधिकतम दर लाग की गयी जबकि पहले ऐसे अग्रिमों को उच्चतम ब्याज दर से छूट प्राप्त थी । इस प्रकार न केवल ऋण संबधी अधिकतम ब्याज दर को कम किया गया अपितु उन्हे अधिक व्यापक रूप में भी लाग कर दिया गया। इसके अलावा यह सुनिश्चित करने के लिए कि बैंको को ब्याज से प्राप्त होनेवाली आय पर से कर हटा देने की जो घोषणा बजट मे की गयी उसका लाभ सभी को प्राप्त हो, रिजर्व बैंक ने बैंको को यह निदेश दिया कि वे ऋण संबधी अपनी ब्याज दरो मे आम तौर पर प्रतिशत की कमी लाये और जहा ऐसी कमी के परिणामस्वरूप संशोधित ब्याज दर ऋण संबंधी १२.१.२ प्रतिशत की न्यूनतम ब्याज दर से सीमान्त रूप से कम हो जाए वहां उसकी सूचना रिजर्व बैंक को दी जाए । बैंको को यह भी सूचित किया गया कि वे अग्रिमो पर त्रैमासिक रूप से ही ब्याज जोड़े, न कि इससे कम अवधियों मे ।

६६ ऋण संबंधी कुछ अन्य ब्याज दरो मे भी कमी लाकर समायोजित किया गया । खाद्यानो की सार्वजनिक वसूली तथा वितरण के लिए दिये जाने वाले ऋणों पर ली जानेवाली ब्याज दर को १२ प्रतिशत से कम कर ११ प्रतिशत कर दिया गया । इसके परिणामस्वरूप खाद्य ऋणो के लिए रिजर्व बैंक जिस दर पर पुनर्वित्त प्रदान करता है उसे भी १० प्रतिशत से घटाकर ६ प्रतिशत कर दिया गया। निर्यात ऋण तथा ऐसे ऋण पर प्रदान किये जानेवाले पुनर्वित्त की ब्याज दर मे भी १/२ प्रतिशत की कमी लायी गयी । आस्थगित अदायगी के आधार पर दिये जानेवाल निर्यात ऋण की ८ प्रतिशत की ब्याज दर तथा इसके पूर्व दिसम्बर, १९७७ मे घोषित प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को दिये जानेवाले ऋणो की ब्याज दर जैसी कतिपय अन्य दरे अपरिवर्तित रही ।

जमाराशियों की ब्याज दरों में संशोधन

६७ ऋणो की ब्याज दरो मे कटौती करने के साथ-साथ जमा राशियो की ब्याज दरो मे भी कुछ सशोधन किये गये । बैंको की ब्याज दरो के समग्र विन्यास तथा ऋणों की उच्चतम ब्याज दरो मे कमी लाने के परिणामस्वरूप बैंको की आय पर पडने वाल प्रभाव के संदर्भ मे संतुलन बनाये रखने की दृष्टि से ऐसा करना आवश्यक था । जमाराशियो की ब्याज दरो मे संशोधन करने का एक और महत्वपूर्ण कारण यह था कि बैंको के पास अपनी प्रारक्षित निधियो को मजबूत बनाने के लिये उपलब्ध अधिशेष निधियो की मात्रा पहले से ही कम थी । मूल्यो मे सापेक्ष स्थिरता आने के साथ-साथ ब्याज दरो मे भी वास्तविक अर्थो मे बढ़ोतरी पाई गई । अत: जमाराशियो की ब्याज दरो मे कमी लाई गई । पाच वर्षो तथा उनसे अधिक अवधि की जमाराशियो की ब्याज दरो मे कमी लाई गई । पाच वर्षो तथा उनसे अधिक अवधि की जमाराशियो पर सर्वाधिक ब्याज मिलता है और बैंको की कुल जमाराशियो मे उनका अश लगभग २० प्रतिशत था; इन जमाराशियो की ब्याज दर को १० प्रतिशत से घटाकर ९ प्रतिशत कर दिया गया । अन्य सावधि जमाराशियों के वर्गो के मामले में १/२ प्रतिशत की कमी की गई । ९१ दिनों और ३ वर्षो तक के बीच की अवधियो की जमाराशियो की ब्याज दरे अपरिवर्तित रही । जमाराशियो की ब्याज दरो मे किया गया सशोधन राजकोषीय नीति संबंधी उपायो के द्वारा बचत राशियों का पूंजी बाजार मे निवेश करने के लिए दिए गए प्रोत्साहन के भी अनुरूप था। बैंक ऋणो पर त्रैमासिक रूप से ब्याज लने के संबंध मे दिये गये अनुदेशों के समान जमाराशियो पर दिये जाने वाले ब्याज का भी त्रैमासिक आधार पर ही हिसाब लगाया जाना चाहिए, न कि उससे कम अवधि मे, इससे बैंको के लिए निधि सम्बन्धी खर्च मे और कमी आ सकेगी ।

६८ बचत जमाराशियो के सदर्भ मे जुलाई १९७७ मे चेक सुविधा युक्त और चेक सुविधा रहित जमाराशियों के बीच किये गये अन्तर को हटा दिया गया, क्योंकि इस प्रकार दो तरह के खाते होने से बैंको को परिचालन संबंधी कठिनाइया होती थी । दोनो प्रकार की जमाराशियो को एक कर उनके लिए ४.५ प्रतिशत की एक समान ब्याज दर लागू की गई । बचत बैंक जमाराशियो के लिए उपलब्ध चेक सुविधाओ की मात्रा मे भी सीमा निर्धारित की गई । २४ करोड रुपयो से कम जमा देयताओं से युक्त अनुसूचित वाणिज्य बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको को बचत जमाराशियों और ५ वर्षो तक की सावधि जमाराशियों पर क्रमश: ०.२५ प्रतिशत और ०.५१ प्रतिशत अधिक ब्याज अदा करने की अनुमति दी गई । अनुसूचित सहकारी बैंको, मध्यवर्ती सहकारी बैंको और प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंको को भी बचत तथा सावधि जमाराशियों पर २५ करोड रुपयों और अधिक राशि की मांग और मीयादी देयताओ से युक्त वाणिज्य बैंकों द्वारा देय

निर्दिष्ट ब्याज दरों के मुकाबले क्रमश: ०.२५ प्रतिशत, ०.५० प्रतिशत और १.० प्रतिशत अधिक ब्याज अदा करने की अनुमति दी गई।

६९. बैंकों की ऋण संबंधी दरों के विन्यास में की गई कटौती के तत्काल बाद ही अन्य दरों में भी परिवर्तन किए गये। मियादी ऋण प्रदान करने वाली संस्थाओं ने भी अपनी दरों में तदनुरूप कटौतियां की और जमाराशियां स्वीकार करने वाली कम्पनियों में सामान्यत: अपनी दरों में कमी लाने की प्रवृत्ति पाई गई ताकि बैंकों की जमाराशि संबंधी ब्याज दरों से अलग ब्याज दरें बनाये रखी जा सकें। भारतीय बैंक संघ ने मांग राशि की उच्चतम ब्याज दर को १० प्रतिशत से कम कर ८-१/२ प्रतिशत कर दिया। सहभागिता प्रमाणपत्रों और बैंकों तथा अन्य अनुमोदित वित्तीय संस्थाओं में पुन: भुनाये जाने वाले बिलों की उच्चतम ब्याज दर को रिजर्व बैंक ने भी १२ प्रतिशत से कम कर १० प्रतिशत कर देने की घोषणा की।

७०. जमाराशियों की ब्याज दरों की गई सामान्य कटौती के परिणामस्वरूप विदेशी मुद्रा (अनिवासी) खाता योजना में पुन: समायोजन किया गया। पहली मार्च, १९७८ से इस योजना के अन्तर्गत केवल दो वर्गों की जमाराशियां स्वीकार की जाती हैं। वे हैं १ वर्ष और उससे अधिक अवधि और ३ वर्षों तक की ६ प्रतिशत ब्याजयुक्त जमाराशियां तथा ३ वर्षों से अधिक अवधि और ५ वर्षों तक की ७-१/२ प्रतिशत ब्याजयुक्त जमाराशियां। एक वर्ष से कम तथा ५ वर्षों से अधिक अवधि की जमाराशियां अब इस योजना के अन्तर्गत नहीं आती।

पुनर्वित्त में समायोजन

७१. चूंकि बैंकिंग तंत्र में अधिक मात्रा में चलनिधि होने के संकेत अधिक स्पष्ट रूप से उभर आये; अत: रिजर्व बैंक ने मुद्रा विस्तार की संभावना को रोकने के लिए कदम उठाये। साथ ही यह भी ध्यान रखा गया कि निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए उठाये गये कदमों में कोई कमी न आये। इस परिप्रेक्ष्य में मुख्य रूप से रिजर्व बैंक की संभावना उपलब्धता के संदर्भ में प्रतिबंधात्मक कदम उठाये गये। मई, १९७९ में यह घोषित किया गया कि खाद्य ऋणों के संबंध में पुनर्वित्त तभी उपलब्ध होगा जब खाद्यान्नों की सार्वजनिक वसूली और वितरण से संबंधित कुल बकाया ऋण राशि २,००० करोड़ रुपये हो; यह राशि अब तक १,५०० करोड़ रुपये निर्धारित थी। दूसरी बात यह है कि बैंकों को उनकी मांग और मियादी देयताओं के १ प्रतिशत के स्तर तक स्वमेव उपलब्ध पुनर्वित्त सुविधा को वापस ले लिया गया और समस्त पुनर्वित्त को विवेकाधीन तथा अस्थायी आधार पर रखा गया। यह स्मरण होगा कि जून, १९७७ में भी इस सुविधा को स्वमेव उपलब्ध होना इस शर्त के कारण थोड़ा बहुत प्रभावित हो गया था कि वह केवल सरकारी एवं अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों पर उपलब्ध होगी जिससे उक्त प्रतिभूतियां भारग्रस्त और सांविधिक चलमुद्रा अनुपात के लिए अपात्र हो जाएंगी।

७२. इस संदर्भ में उठाये गये एक और कदम का उद्देश्य यह था कि दो विशेष योजनाओं के अन्तर्गत भारत में भेजी जाने-वाली विदेशी मुद्रा का उपलब्धि पर जो प्रभाव पड़ेगा उसे प्रभावहीन कर दिया जाए। बैंकों को यह निदेश दिया गया कि वे अनिवासी (विदेशी) रुपया खाता योजना तथा विदेशी मुद्रा (अनिवासी) खाता योजना के अन्तर्गत १ जून, १९७८ के बाद प्राप्त हुई शुद्ध कुल राशि में से आधी राशि के बराबर की रुपया राशि रिजर्व बैंक के पास जमा रखें। इस प्रकार रिजर्व बैंक में जमा की गई राशि पर ६.५ प्रतिशत का ब्याज अदा किया जाएगा। न्यूनतम ३ प्रतिशत की सांविधिक प्रारक्षित नकदी निधियों तथा १० प्रतिशत की वृद्धिशील प्रारक्षित राशि के अलावा रखी जाने वाली बैंकों की अतिरिक्त प्रारक्षित नकदी निधियों पर देय ६ प्रतिशत की ब्याज दर को भी बढ़ाकर ६.५ प्रतिशत कर दिया गया।

विशेष पुनर्वित्त योजना

७३. पूंजीगत वस्तुओं के आयातों को प्रोत्साहित करने के उपाय के रूप में सरकार ने एक विशेष योजना बनाई है जिसके अन्तर्गत आयातक किसी भी अनुसूचित वाणिज्य बैंक से और /या किसी भी मीयादी ऋण प्रदान करने वाली राष्ट्र स्तरीय संस्था से आयात की लागत के बराबर के मियादी ऋण रुपयों में प्राप्त कर सकते है। इन ऋणों की अवधि सामान्यत: १० वर्षों से अधिक नहीं होगी और इनकी ब्याज दर संप्रति ११ प्रतिशत निर्धारित की गई है। इस नीति को समर्थन देने के उद्देश्य से रिजर्व बैंक ने अप्रैल, १९७८ में एक विशेष पुनर्वित्त योजना की घोषणा की जिसके अन्तर्गत ऐसे ऋण प्रदान करने वाले बैंक इस प्रकार दो सम्पूर्ण ऋण के लिए बैंक दर पर पुनर्वित्त प्राप्त करने के लिए पात्र होंगे।

सहकारी संस्थाओं को पुनर्वित्त

७४. राज्य सहकारी बैंकों को रियायती शर्तों पर दी जाने वाली पुनर्वित्त सुविधाओं को मार्च, १९७८ में और भी व्यापक बना दिया गया। मध्यावधि कृषि प्रयोजनों के लिए दिये जाने वाले ऋण पर जो ब्याज लिया जाता है उसकी दर बैंक दर से २-१/२ प्रतिशत कम निर्धारित की गई है जबकि इसके पहले उक्त दर बैंक दर से १-१/२ प्रतिशत कम थी। मौसमी कृषि कार्यों का वित्तपोषण करने के निमित्त दिए जाने वाले ऋणों की ब्याज दर भी पहले जहां बैंक दर से २ प्रतिशत कम थी वहां उसे बैंक दर से ३ प्रतिशत कम कर दिया गया है। यह आशा की जाती है कि इन कटौतियों से होने वाले लाभ तथा सरकार द्वारा ब्याज कर को हटा देने तथा जमाराशियों की ब्याज दरों में कटौती करने के कारण अनुसूचित सहकारी बैंकों को प्राप्त होने वाले लाभों को विशेष रूप से कमजोर क्षेत्रों के अन्तिम उधारकर्ताओं को उपलब्ध कर दिया जाएगा।

७५. अन्तिम उधारकर्ताओं को ऋण की जो लागत वहन करनी पड़ती है उसे कम करने की दिशा में की गई एक कार्रवाई यह थी कि कुटीर और लघु उद्योगों के बाईस स्थूल वर्गों में संलग्न औद्योगिक सहकारी इकाइयों (बुनकर इकाइयों से भिन्न) का वित्तपोषण करने के लिए राज्य सहकारी बैंकों को दिये जाने वाले पुनर्वित्त की ब्याज दर को अगस्त, १९७७ में बैंक दर से घटाकर बैंक दर से १-१/२ प्रतिशत कम और मार्च, १९७८ में और घटाकर बैंक दर से २-१/२ प्रतिशत कम कर दिया गया। इस नीति के अनुरूप यह भी निश्चय किया गया कि प्राथमिक कृषि ऋण समितियों, कृषक सेवा समितियों और बड़े आकार वाली बहु उद्देशीय समितियों को बुनाई के कार्य में अथवा कुटीर और लघु उद्योग संबंधी कार्यों के २२ निर्दिष्ट वर्गों में से किसी वर्ग में लगे हुए ग्रामीण कारीगरों का वित्तपोषण करने के लिए बैंक दर से ३ प्रतिशत कम दर पर रिजर्व बैंक का पुनर्वित्त उपलब्ध कराया जाए।

सोने की बिक्री

७६. देशी बाजार में सोने का मूल्य जहां कुछ समय तक उच्च स्तर पर रहा वहां १९७७ के उत्तरार्ध में बढने लगा और अप्रैल १९७८ में वह बढकर (बम्बई बाजार में) प्रति १० ग्राम रुपये ७२४ हो गया। सोने के अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य भी बढ़ रहे थे, किन्तु उनमें अपेक्षाकृत कम तेजी से वृद्धि पायी गयी। मूल्यों में अंतर के कारण तस्करी की गतिविधियों के बढ़ने की गुंजाइश को ध्यान में रखते हुए सरकार ने अपने स्वर्ण भंडारों में सोने की बिक्री करने का निर्णय किया। यह आशा की गयी कि इस प्रकार की बिक्री से बजट घाटे का मुद्रागत प्रभाव कम होगा। यह बिक्री रिजर्व बैंक द्वारा हर पखवाड़े में नीलामी के माध्यम से की जाती है तथा इस श्रृंखला की पहली नीलामी ३ मई १९७९ को हुई थी। लाइसेंस प्राप्त विक्रेताओं से हर नीलामी के लिए मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं तथा नीलाम किया जाने वाला सोना ९९५ शुद्धता वाली १०० ग्राम की ईंटों में होता है। बोली लगाने के लिए न्यूनतम एवं अधिकतम सोना प्रारंभ में क्रमश: १००० ग्राम तथा ५००० ग्राम था, किन्तु १४ जून १९७८ में चौथी नीलामी के बाद उसे बदलकर ५०० ग्राम तथा २५०० ग्राम कर दिया गया। बोली लगाने वालों को अपेक्षित सोने की मात्रा और अपने मूल्य का उल्लेख करना होता है और प्रत्येक विक्रेता को केवल एक बोली लगाने की अनुमति होती है। चौथी नीलामी से, पांच विक्रेताओं और/या प्रमाणित सुनारों को भी संयुक्त रूप से बोली लगाने तथा उनमें से एक को सोने की सुपुर्दगी लेने का अधिकार प्रदान करने की अनुमति है।

७७. जून १९७८ के अंत तक हुई सोने की पांच नीलामियों में कुल ६.४० टन सोना (४० ९४ करोड़ रुपयों के मूल्य का) बेचा गया जिसका प्रति १० ग्राम मूल्य ६२० रुपये से ६७५ रुपये तक रहा। पहली नीलामी के अवसर पर प्राप्त बोलियों की संख्या ४२६ थी जो तेजी से बढ़कर २८ जून को हुई नीलामी के समय १३६९ हो गई। पांच नीलामियों में स्वीकृत बोलियों की कुल संख्या ३६८८ है।* नीलामियों के उद्देश्य की प्राप्ति के लिए दूसरे विक्रेताओं को नीलामियों में खरीदा गया सोना पुन: बेचने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

मूल्यांकन और संभावनाएं

७८ वर्ष १९७७-७८ के अंत में मिली-जुली आर्थिक स्थिति विद्यमान थी। १९७७-७८ में मूल्यों में स्थिरता के साथ-साथ काफी अधिक विकास की पृष्ठभूमि थी और वर्ष के अंत में खाद्यान्नों के स्टाक तथा प्रारक्षित विदेशी मुद्रा निधियां पहले से अधिक थीं। इस परिवेश में अर्थव्यवस्था में अभूतपूर्व लचीलापन आ गया है। १९७८-७९ के केन्द्रीय बजट और वार्षिक योजना के अनुसार यह प्रत्याशी है कि सार्वजनिक विकास व्यय में काफी अधिक वृद्धि होगी। सामान्यत: निवेशों पर स्थिति का संतोषजनक प्रभाव पड़ना चाहिए। इसके विपरीत जब हम दीर्घकालीन दृष्टि से देखते हैं तब मूल्य स्थिरता के साथ और प्रगति होने की संभावनाओं में थोड़ी बहुत अनिश्चित स्थितियां अब भी पायी जाती हैं।

७९ चूंकि कृषि उत्पादन की वृद्धि दर को बनाये रखना मूलत: कठिन होगा अत: अर्थव्यवस्था की प्रगति में मंदी आ सकती है। मौसमी कारणों के अलावा हमारे कृषि क्षेत्र की मूलभूत कमजोरियां तथा नयी टैक्नोलोजी के असमान विस्तार के कारण कृषि उत्पादन के विकास में बाधा आ सकती है। विकास की गतिविधियां को विकेन्द्रीकृत कर छोटे छोटे खंडों तक पहुंचा दिया गया है। अत: अब जिलों तथा गांवों के स्तर पर प्रशासन, विपणन, ऋण और विस्तार की मूलभूत सुविधाएं निर्मित होंगी। यह स्थिति अभी बन रही है। अत: यह नहीं कहा जा सकता कि कृषि विकास की प्रक्रिया अपने आप में काफी अधिक समर्थ हो गयी है।

८० कृषि उत्पादन में गिरावट आने से मूल्यों पर तत्काल जो प्रभाव पड़ता है उसका सामना निम्न प्रकार किया जा सकता है। भारी खाद्यान्न भंडारों से समय पर उचित मात्रा में खाद्यान्नों को निकालकर उनका वितरण किया जाए और खाद्यान्नों के आयात किये जाएं। किन्तु कुछ उद्योगों पर विशेषकर कृषि-जन्य वस्तुओं पर निर्भर रहने वाले उद्योगों पर कम संतोषजनक कृषि फसलों का जो चिंताजनक प्रभाव पड़ता है वह आगे भी जारी रहेगा। साथ ही, संबंधित कृषि समुदायों की आमदनी भी अपेक्षाकृत कम होगी। सौभाग्यवश १९७८-७९ की खरीफ फसल के लिए अब तक मानसून संतोषजनक रहा है।

८१. सामान्य रूप से निवेश क्षेत्र और तत्संबंधी कार्यकलापों में मामूली प्रगति के संकेत प्राप्त हैं। उद्योग क्षेत्र पुनर्विकास की तात्कालिक संभावना भी प्रशस्त है। फिर भी जब मांग में थोड़ी सी वृद्धि होने से औद्योगिक उत्पादन की गति बढ़ने लगती है तब बिजली की कमी बहुत अधिक महसूस होगी। इस क्षेत्र की ओर हमारा तत्काल ध्यान जाना जरूरी है। योजना प्रारूप में बिजली के उत्पादन की क्षमता की वृद्धि को महत्व दिया गया है। फिर भी इस संदर्भ में वर्तमान क्षमता का पूर्ण और अधिक सक्षम प्रयोग करने के सिवाय कोई दूसरा विकल्प प्रतीत नहीं होता।

८२ इस समय जो विकास नीति परिकल्पित है उसमें विकेन्द्रीकरण तथा ग्रामीण और लघु उद्योग क्षेत्रों के विकास के प्रति झुकाव के कारण अर्थव्यवस्था के स्वरूप में सुनिश्चित परिवर्तन की आशा है। किन्तु इस परिवर्तन में कुछ समय लग सकता है। इन नीतियों को कार्यान्वित करते समय अपर्याप्त मूलभूत सुविधाओं और विपणन व्यवस्थाओं की समस्याएं उत्पन्न होने की संभावना है। अत: प्रगति को सुनिश्चित करने के लिए तत्काल इन कठिनाइयों को दूर करने की कार्रवाई करने की आवश्यकता होगी।

८३ इन अनिश्चितताओं के बावजूद खाद्यान्नों के संचित स्टाकों और विदेशी मुद्रा साधनों के कारण आगामी महीनों में देश में विद्यमान अत्यधिक गरीबी को हटाने का एक विशेष अवसर प्राप्त है। इन दोनों साधनों में से कोई भी साधन अर्थव्यवस्था के आकार और स्वरूप तथा भारत जैसे देश के जीवन स्तरों को देखते हुए प्रचुर या अधिक नहीं माना जा सकता। इसके साथ ही वर्तमान स्टाकों में यदि थोड़ी सी भी वृद्धि की जाए तो नयी समस्याएं उत्पन्न होंगी तथा वर्तमान अवसरों से भी हाथ धोने की संभावना होगी।

८४ फिलहाल, लगभग १६० लाख टन खाद्यान्नों के जो स्टाक उपलब्ध हैं वे प्रतिकूल मौसमी स्थितियों से उत्पन्न

*जुलाई 1978 में हुई दो नीलामियां प्रति 10 ग्राम रु० 641 और रु० 655 के बीच के मूल्य पर कुल 2 97 टन सोना बेचा गया। इससे अब तक नीलामियों के द्वारा बेचे गये सोने की कुल मात्रा 9 37 टन थी जिसका मूल्य 60 10 करोड़ रुपये था। 8 अगस्त 1977 को सोने की बिक्री के लिए हुई आठवीं नीलामी में प्राप्त 1 823 बोलियों में से किसी भी बोली को रिजर्व बैंक ने स्वीकार नहीं किया क्योंकि वे नियत मूल्य तक नहीं पहुंची।

आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए काफी अधिक हैं । इस वर्ष स्टाकों में लगभग १२० लाख टन के जो स्टाक निकाले गये वे भी अपेक्षित क्रय और विक्रय की दृष्टि से पर्याप्त नहीं हैं । बढ़ती हुई पूर्ति के साथ साथ जब मूल्य समर्थन के आधार पर खाद्यान्न खरीदे जाते हैं तब खाद्यान्नों के स्टाक बढ़ते हैं यदि कृषि उत्पादन को बड़ी तेजी से बढ़ाने का प्रयास किया जाए तो कृषि मूल्यों के लिए समर्थन की आवश्यकता होगी । इससे उत्पादन में स्थिरता आ सकेगी और कृषि तथा उद्योग के बीच ऐसी स्थितियां उत्पन्न नहीं हो सकेंगी जिनसे कृषि बुरी तरह से प्रभावित हो । कृषकों को इन नीतियों से लाभान्वित कराने के लिए यह भी आवश्यक होगा कि वितरण प्रणाली की क्षमता को बढ़ाया जाए और इस समय उपलब्ध होने वाली कृषि संबंधी मूलभूत वस्तुओं के अधिक सक्षम उपयोग के लिए अनुकूल संस्थागत परिवर्तन किये जाएं । किन्तु यदि संस्थागत परिवर्तनों के बिना इस आधार पर कृषि मूल्य बढ़ाने की नीति जारी रहे कि उसे मूल्य वृद्धि के अनुरूप बनाना है तो इससे उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा ।

८५. खाद्यान्नों को स्टाकों में वृद्धि करने से भी कई समस्याएं खड़ी होती हैं । अगर स्टाकों को और बढ़ाना हो तो उनके भंडारण की क्षमता के संदर्भ में गंभीर बाधा खड़ी हो सकती है ; क्योंकि भंडारण की क्षमता पहले से ही अपर्याप्त है और स्तरीय भी नहीं है; उसे बहुत कम समय में बताया भी नहीं जा सकता । इसके अलावा समय के साथ ही खाद्यानों के स्टाकों के खराब हो जाने का भी प्रश्न उठता है । दूसरी समस्या वित्त-पोषण की है । खाद्यान्नों की सार्वजनिक खरीद के लिए बैंकों द्वारा दिये गये ऋण का अब तक का सर्वोच्च स्तर जुलाई १९७७ में पाया गया । उस समय उक्त ऋण राशि २.५९ करोड़ रुपये (कुल बैंक ऋण का १९ प्रतिशत) थी और अब भी यह राशि २,५०० करोड़ रुपयों (१६ प्रतिशत) के आसपास है । जब बैंकिंग तंत्र के वित्तीय साधनों का बहुत अधिक अंश इस प्रकार खाद्यानों के स्टाकों में लगा दिया जाता है तब कुछ हद तक इससे दूसरे उत्पादक कार्यों के लिए किये जाने वाले निवेशों में कमी आ जाती है । किन्तु इसका अर्थ यह नहीं है कि खाद्यानों के स्टाकों में केवल कमी कर देने से निवेशों में वृद्धि होगी । वस्तुतः वह इस बात पर निर्भर करता है कि खाद्यानों के स्टाक कैसे उपयोग किया जाता है और सामान्य रूप से अर्थव्यवस्था में निवेशों का निर्माण करने और उनसे लाभ अर्जित करने की दिशा में कौन सी कार्रवाइयां की जाती हैं ।

८६. वास्तव में ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए खाद्यान्नों के स्टाकों का उत्पादक दृष्टि से उपयोग किया जा सकता है । 'काम के लिए अन्न' कार्यक्रम के द्वारा इस दिशा में एक छोटा सा प्रारंभिक कदम उठाया गया है । यदि ग्रामीण विकास और ग्रामीण उद्योगों के महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों को तेजी से समग्र क्रियान्वित किया जाए तो उससे समाज के कमजोर और दलित वर्गों की आमदनी में काफी अधिक वृद्धि होगी और खाद्यान्नों की मांग भी बढ़ेगी । परंतु इसके लिए प्रशासकीय तथा दूसरे अतिरिक्त क्षेत्रों की क्षमता को काफी अधिक बढ़ाने की आवश्यकता है । बहुत अधिक प्राथमिकता देकर इन कमजोरियों को दूर करने की कोशिश की जानी चाहिए, अन्यथा पूर्वोक्त कई नयी समस्याएं उत्पन्न हो जाएंगी और उनका सामना करना पड़ेगा । विशेष रूप से इस समय जो सार्वजनिक वितरण प्रणाली बहुत अधिक नगर अभिमुख है उसे मज़बूत करने और अधिक व्यापक बनाने की आवश्यकता होगी ।

८७. इस समय लगभग ९ महीनों तक के आयातों के भुगतान के लिए अपेक्षित राशि के बराबर की प्रारक्षित विदेशी मुद्रा निधियां उपलब्ध हैं । यद्यपि चार महीने के आयातों के भुगतान की क्षमता को आम तौर पर प्रारक्षित निधियों का उचित मानदंड समझा जाता है, फिर भी भारतीय कृषि क्षेत्र के उत्पादन में तेजी से उतार-चढ़ाव होने और अर्थव्यवस्था में इन उतार चढ़ावों का प्रभाव पड़ने की संभावना के कारण भारत की प्रारक्षित विदेशी मुद्रा निधियों के स्तर को थोड़ा बहुत ऊंचा रखने की आवश्यकता है । फिर भी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनने के लिए इन साधनों का उदार एवं उद्देश्यपूर्ण प्रयोग करने की दिशा में कई कदम उठाये गये हैं । औद्योगिक विकास और मूल्य स्थिरता पर इन प्रयासों का वांछित प्रभाव पड़े—इसके लिए यह आवश्यक होगा कि कच्चे माल और उपभोगता वस्तुओं के आयातों के संबंधों में उदारतापूर्ण मार्ग अपनाया जाए और निरंतर इसी प्रकार का दृष्टिकोण रखा जाए ।

८८. वर्तमान संदर्भ में यह बहुत आवश्यक है कि निर्यातों के प्रयास में कोई कमी न आये । वर्षों से बड़ी सावधानी से निर्यातों के विकास का जो वातावरण निर्मित किया गया है उसे भी सुरक्षित रखना है, हालांकि कुछ निर्यातों की लागत को अधिक लाभप्रद बनाने का प्रयास किया जाता है । यद्यपि भारत की व्यापक और वैविध्यपूर्ण अर्थव्यवस्था के लिए 'निर्यात प्रधान विकास' की संकल्पना अनुपयुक्त है फिर भी निर्यातों में निरंतर महत्वपूर्ण वृद्धि करना अत्यावश्यक है । यह इसलिए नहीं कि निर्यात कुछ उद्योग समूहों के लिए अधिक महत्व रखते हैं परंतु इसलिए कि प्रारंभिक रुग्णता को दूर किया जा सके और क्षेत्रीय तथा राष्ट्रीय दृष्टि से रोजगार को बढ़ाया जा सके । यदि काफी लम्बी अवधि तक विदेशी भुगतानों के वातावरण को अनुकूल बनाए रखना है तो उस स्थिति में भी निर्यातों में वृद्धि होती रहनी चाहिए । अभी दो वर्षों की अल्प अवधि में प्रारक्षित विदेशी मुद्रा निधियों में हुई तीव्र वृद्धि के कारण हम इस क्षेत्र में अवश्य आश्वस्त हैं किन्तु हाल ही के महीनों में इन निधियों से प्राप्त होने वाले लाभ में काफी अधिक कमी हो जाने से और इस कारण से भी कि हम अब भी विदेशी सहायता पर काफी अधिक निर्भर करते हैं; यह स्थिति शीघ्र ही बदल जाएगी ।

८९. विकास निरंतर हो और वितरण न्यायपूर्ण हो—इसके लिए मूल्यों में उचित स्थिरता लाना अत्यावश्यक है । मूल्य स्थिरता को बढ़ाने के लिए निर्वाह वस्तुओं की पूर्ति और उनकी मांग के बीच संतुलन लाने की आवश्यकता है । नयी योजना के सिद्धांत में ग्रामीण विकास, लघु उद्योगों और बहुत छोटे कारखानों के विकास पर जोर दिया गया है । इससे बिजली, सिंचाई, सड़क और संचार जैसी कई मूलभूत आवश्यकताओं पर भारी मात्रा में निवेश होगा । इससे मुद्रा उपलब्धि में बहुत अधिक वृद्धि होगी और मांग की संभावना भी बढ़ेगी । किन्तु इसके साथ ही निर्वाह वस्तुओं की पूर्ति की मात्रा में वृद्धि नहीं हो पायेगी । इस प्रकार के निवेश और अन्य निवेशों के लिए अधिक मात्रा में आयात करने होंगे और प्रारक्षित विदेशी मुद्रा निधियों में से अधिक मात्रा में राशि निकलनी होगी ।

९०. वित्तीय सहायता के द्वारा विकास कार्य को बढ़ाने की दृष्टि से मुद्रा नीति को बनाने की संभावना पर वर्तमान मुद्रागत स्थिति के संदर्भ में विचार करना होगा । पिछले तीन वर्षों में मुद्रा उपलब्धि में औसतन १५.६ प्रतिशत की वृद्धि दर पायी गयी है । मुद्रा उपलब्धि की इस वृद्धि दर को मुद्रास्फीति लाये बिना बनाये नहीं रखा जा सकता । वास्तविक उत्पादन वृद्धि की अत्यधिक अनुकूल परिस्थितियों में भी यह संभव नहीं है । अतः ऋण नियंत्रणों में ढील लाने और ब्याज दरों

में और कमी जैसे प्रोत्साहन प्रदान करने का कोई आर्थिक औचित्य नहीं है । अगर बहुत कम ब्याज दरों पर बैंक ऋण उपलब्ध हो तो उत्पादन की पूंजी प्रधान तकनीकों का प्रयोग उन संदर्भों में भी हो सकता है जहां उनकी आवश्यकता न हो । इससे अतिरिक्त रोजगार के अवसरों में भी कमी आयेगी । साथ ही न्यून ब्याज दरों से बैंकों की कार्यक्षमता भी बुरी तरह से प्रभावित हो सकती है ।

९१. इस प्रकार वित्तीय और मुद्रागत नीतियों को सावधानी से निर्मित करना होगा जिससे कि अर्थव्यवस्था में विकास हो और ऐसे विकास के लिए आवश्यक मूलभूत परिवर्तन हो और साथ ही उचित मात्रा में मूल्य स्थिरता भी हो । यह भी आशा नहीं की जा सकती कि कुल निवेश और अन्य विकास परिव्यय में निर्वाह वस्तुओं की पूर्ति के साथ-साथ और उतनी ही मात्रा में वृद्धि हो पायेगी । मुद्रास्फीति के दबावों का सामना करने के लिए अवश्य ही मुद्रागत प्रतिबन्धों को जारी रखना होगा ।

अध्याय २ दूसरी गतिविधियां

९२. विदेशी मुद्रा नियंत्रण के क्षेत्र में इस वर्ष के दौरान निम्नलिखित गतिविधियां पाई गईं : 'पी' फार्म से संबंधित कुछ अपेक्षाओं को सरल और उदार बनाया गया; विदेशी मुद्रा विनियम अधिनियम को सिक्किम पर लागू किया गया, अनिवासी भारतीय और विदेश स्थित भारतीय मूल के व्यक्तियों को स्थायी निवास के लिए उनके भारत लौटने पर उनकी अपनी विदेशी मुद्राओं को भारत में प्रत्यावर्तित करने के लिए प्रोत्साहन दिया गया और चीन के साथ व्यापार संबंधी लेन-देन शुरू किये गये ।

उच्चतर शिक्षा के लिए विदेश जाने वाले छात्रों को विदेशी मुद्रा

९३. उच्चतर अध्ययन के लिए विदेश जाने वाले छात्रों को विदेशी मुद्रा प्रदान करने के लिए निर्धारित न्यूनतम अंक संबंधी मानदण्ड पहले जहां अर्हता परीक्षा में ६० प्रतिशत था वहां उसे पहली अगस्त, १९७७ से कम कर ५५ प्रतिशत कर दिया गया है । अनुसूचित जातियों और जनजातियों के छात्रों के मामले में इस सीमा को और घटाकर ४९.५ प्रतिशत कर दिया गया है ।

९४. निर्वाह, प्रारम्भिक आवश्यकताओं और शिक्षा सत्र प्रारम्भ होने के पहले की अपेक्षाओं के लिए दी जाने वाली विदेशी मुद्रा को पहली अगस्त, १९७७ से निम्न प्रकार बढ़ा दिया गया है (इसके पहले स्वीकृत मदन कोष्ठकों में दर्शाया गया है) ।

	अमेरिका/कनाडा	ब्रिटेन	दूसरे देश
निर्वाह के लिए	अमेरिकी डालर 4000 (अमेरिकी डालर 3000) वार्षिक	अमेरिकी डालर 3000 (पौण्ड 1300) वार्षिक	अमेरिकी डालर 3000 (अमेरिकी डालर 2600) वार्षिक
प्रारम्भिक आवश्यकताओं के लिए	अमेरिकी डालर 300 (अमेरिकी डालर 250)	अमेरिकी डालर 250 (पौण्ड 100)	अमेरिकी डालर 250 (अमेरिकी डालर 200)
सत्र प्रारंभ होने के पहले की आवश्यकताओं के लिए।	अमेरिकी डालर 165 (अमेरिकी डालर 105)	अमेरिकी डालर 120 (पौंड 55)	अमेरिकी डालर 120 (अमेरिकी डालर 110)

९५. इसके अलावा विदेशी संस्थाओं द्वारा प्रमाणित वास्तविक शिक्षण शुल्कों के आधार पर भी विदेशी मुद्रा दी जाती है ।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी मुद्राओं का क्रय और विक्रय

९६. प्राधिकृत व्यापारियों से पौंड स्टर्लिंग, अमेरिकी डालर, ड्यूश मार्क और जापानी येन के वायदा क्रय के संबंध में १६ अगस्त १९७७ से शुरू की गई नयी प्रणाली के अन्तर्गत रिजर्व बैंक त्रैमासिक आधार के बजाय पहले महीने से लेकर छठे महीने तक मासिक विकल्प के आधार पर वायदा स्टर्लिंग खरीदता है । यह क्रय महीने के किसी ऐसे दिन जिसके लिए विकल्प दिया गया है, उक्त विदेशी मुद्रा प्रदान करने के लिए किया जाता है । पौंड स्टर्लिंग की वायदा क्रय संविदाओं के मामले में निर्धारित क्रय दर के ऊपर प्रति मास हर १०० रुपये के लिए ०.००७५ पौंड का शुल्क अदा करने पर इस अवधि में एक या अधिक बार वृद्धि करने की अनुमति दी जाती है । संविदा की तारीख से १२ महीनों से आगे अवधि बढ़ाने की अनुमति नहीं है । अमेरिकी डालर, ड्यूश मार्क और जापानी येन का वायदा क्रय मासिक विकल्प के आधार पर केवल छः महीनों तक के लिए होना चाहिए । पौंड स्टर्लिंग को छोड़कर दूसरी मुद्राओं की वायदा संविदाओं की अवधि बढ़ाने की अनुमति नहीं है । प्राधिकृत व्यापारियों को अमेरिकी डालरों, ड्यूश मार्कों, और जापानी येन के हाजिर और वायदा क्रय की सुविधा १ सितम्बर १९७७ से बैंक के बम्बई स्थित कार्यालय के अलावा कलकत्ता, मद्रास और नई दिल्ली के कार्यालयों में भी उपलब्ध कराई गई है ।

विदेशी मुद्रा की शेष राशि का अभ्यर्पण

९७. भारत में रहने वाले या भारत के निवासी व्यक्तियों के पास रहने वाली विदेशी मुद्रा प्राधिकृत व्यापारी को अभ्यर्पित की जानी चाहिए । यह शर्त १५ जून, १९७७ से नेपाल और भूटान की मुद्रा को छोड़कर शेष सभी मुद्राओं के लिए लागू की गई है ।

विदेशी मुद्रा नियंत्रण सिक्किम पर लागू

९८. विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम, १९७३ को पहली सितम्बर, १९७७ से सिक्किम राज्य पर लागू कर दिया गया है । उसके अनुसार सिक्किम के निवासी जिस व्यक्ति के पास (वहां स्थायी रूप से रहने वाले विदेशी राष्ट्रिकों को छोड़कर) उसकी कोई अपनी विदेशी मुद्रा या विदेशी प्रतिभूतियां या भारत के बाहर कोई अचल सम्पत्ति है तो ऐसे हर व्यक्ति को चाहिए कि वह पहली नवम्बर, १९७७ से पहले भारतीय रिजर्व बैंक को उन सबकी घोषणा करे । इसके अलावा कुछ छूट प्राप्त श्रेणियों को छोड़कर विदेशी मुद्रा के कोष सभी धारकों को चाहिए कि वे १ दिसम्बर, १९७७ को या

उससे पहले किसी प्राधिकृत व्यापारी को उस मुद्रा का अभ्यर्पण कर दें ।

आप्रवासियों की आस्तियों का अवरोधन

९९. विदेशी मुद्रा नियंत्रण विनियमों के अधीन ऐसे भारतीय राष्ट्रिको और भारत में स्थायी रूप से रहने वाले गैर भारतीय राष्ट्रिकतायुक्त ऐसे व्यक्तियों, जो किसी विदेश में आप्रवासी हुए, की भारत स्थित आस्तियों को अवरुद्ध माना गया था । ऐसे आप्रवासियों की आस्तियों को अवरुद्ध नहीं करना चाहिए, परन्तु उन्हें सामान्य अनिवासी खातों में रखने की अनुमति दी जानी चाहिए, भले ही आप्रवासी को विदेशी मुद्रा सुविधाएं प्रदान की गई हों या नहीं । यह भी निश्चय किया गया है कि जो व्यक्ति पहले भारत के बाहर आप्रवास कर चुके हैं उनके खातों को २९ सितम्बर, १९७७ से अनवरुद्ध कर दिया जाए और उन्हें सामान्य अनिवासी खातों के रूप में माना जाए ।

निर्यात प्रतिष्ठानों को विदेशी मुद्रा

१००. वाणिज्य मंत्रालय के निर्यात प्रतिष्ठान प्रमाणपत्र प्राप्त निर्यात प्रतिष्ठानों को अब रिजर्व बैंक विकास कार्यों के लिए अक्तूबर, १९७७ से निर्बंध विदेशी मुद्रा प्रदान करता है । इस विदेशी मुद्रा की सीमा पिछले वर्ष के दौरान ऐसे प्रतिष्ठानों द्वारा किये गये निर्यातों के जहाज तक नि:शुल्क मूल्य के २.५ प्रतिशत तक होगी किन्तु अधिकतम सीमा एक लाख रुपये तक होगी । वे प्रतिष्ठान एक लाख से अधिक परन्तु निर्यातों के जहाज तक नि:शुल्क मूल्य के २.५ प्रतिशत की समग्र पात्रता से अनधिक विदेशी मुद्रा प्राप्त कर सकते हैं । यह विदेशी मुद्रा तब उनको मिल सकती है जब वे उसके बराबर की राशि की अपनी आपूरण पात्रता को अभ्यर्पित करें । निर्बंध विदेशी मुद्रा का उपयोग निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए किया जा सकता है : (१) बिक्री या बिक्री व अध्ययन दल विदेशों में भेजना; (२) विदेशों में उपयोग के लिए प्रकाशन जिनसे निर्यात प्रतिष्ठानों की वस्तुओं की छाप का प्रचार हो; इन प्रकाशनों में पत्र-पत्रिकाएं, पुस्तिकाएं, फोल्डर आदि शामिल हैं; (३) विदेशों में समाचार पत्रों और पत्र-पत्रिकाओं में विज्ञापनों अथवा अन्य उपयोगी माध्यमों द्वारा वस्तुओं की छाप का प्रचार; विदेशों में प्रदर्शिनियों में भाग लेने और प्रदर्शन कक्षों में वस्तुओं को प्रदर्शित करने के संबंध में होने वाला व्यय; (५) परीक्षण उपकरणों और पुर्जों तथा मशीनों के आयात का व्यय बशर्ते कि देशी दृष्टिकोण से उनके आयात के लिए विधिवत् अनुमति दी गई हो और उन्हें सामान्य सेवा केन्द्रों की स्थापना के लिए अत्यावश्यक समझा जाए । यह विदेशी मुद्रा सामान्य रूप से बैंक द्वारा दिये गये निर्बंध परमिटों के अतिरिक्त होगी ।

भारत लौटने वाले भारतीयों के लिए विदेशी मुद्रा की पात्रता योजना

१०१. अनिवासी भारतीयों और भारतीय मूल के व्यक्तियों को स्थायी निवास के लिए उनके भारत लौटने पर भारत में उनकी विदेशी मुद्रा को प्रत्यावर्तित करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पहली नवम्बर, १९७७ से 'स्वदेश लौटने वाले भारतीयों की विदेशी मुद्रा पात्रता' योजना शुरू की गई है । इस योजना के अन्तर्गत ऐसे व्यक्तियों को कुछ विशिष्ट उद्देश्यों के लिए जिनके लिए विदेशी मुद्रा अन्यथा सहज रूप में उपलब्ध नहीं होती, विदेशी मुद्रा दी जानी है । ऐसे व्यक्तियों द्वारा आवास परिवर्तन की स्थिति में नियमित बैंकिंग तंत्र के माध्यम से प्रेषित विदेशी मुद्रा या लाई गई विदेशी मुद्रा के २५ प्रतिशत की दर पर इस योजना के अन्तर्गत विदेशी मुद्रा संबंधी पात्रता का निर्धारण किया जाता है । इसके अलावा इस उद्देश्य के लिए उन व्यक्तियों के रुपया अनिवासी (विदेशी) खातों और विदेशी मुद्रा (अनिवासी) खातों की जमाराशियों को भी हिसाब में लिया जाता है । ऐसे व्यक्तियों द्वारा इस योजना के अन्तर्गत जारी की गयी विदेशी मुद्रा का प्रयोग निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए किया जा सकता है; (क) ऐसे व्यक्ति, उसके पति या उसकी पत्नि और आश्रित बच्चों की व्यक्तिगत कारणों से की जाने वाली विदेश यात्रा; (ख) ऐसे व्यक्ति, उसके पति या उसकी पत्नी और आश्रित बच्चों की विदेशों में चिकित्सा; (ग) ऐसे व्यक्ति के आश्रित बच्चों या पालित बच्चों की विदेशों में शिक्षा; (घ) जन्म दिवस, धार्मिक उत्सव और शादी-ब्याह जैसे अवसरों पर स्थायी रूप से विदेशों में रहने वाले निकट रिश्तेदारों को उपहार भेजना और (ङ.) व्यावसायिक प्रयोग के लिए विशेष उपकरणों का आयात; इस संबंध में शर्त यह है कि आयात लाइसेंसीकरण संबंधी औपचारिकताओं का पालन हो । इस योजना के अन्तर्गत विदेशी मुद्रा का उपयोग भारत में आवेदक के लौटने की तारीख से १० वर्ष की अवधि के भीतर किया जाना चाहिए ।

१०२. भारत के जो निवासी प्रस्तावित यात्रा के प्रारम्भ होने की तारीख से पहले दो वर्ष के भीतर भारत के बाहर किसी स्थान की यात्रा पर नहीं गये हों वे पहली नवम्बर १९७७ से विदेश यात्रा योजना १९७० के अन्तर्गत विदेश यात्रा करने के पात्र हैं (विदेश यात्रा योजना को छोड़कर किसी दूसरे प्रकार से श्रीलंका, बंगला देश, मालदीव, मारीशस और सीशेल्स की जो यात्रायें की जाती हैं उन्हें इस प्रयोजन के लिए विदेश यात्रा नहीं माना जाता और नेपाल की सभी यात्राओं को विदेश यात्रा योजना के अन्तर्गत किसी व्यक्ति की विदेश यात्रा की पात्रता को निर्धारित करने के लिए हिसाब में नहीं लिया जाता) । इसके अलावा इस योजना के अन्तर्गत उपलब्ध विदेशी मुद्रा को बढ़ाकर ५०० अमेरिकी डालर या उसके समकक्ष कर दिया गया है चाहे यात्रा किसी भी जहाज से क्यों न की जाए । जिन यात्रियों के पास हवाई/जहाजरानी कम्पनियों द्वारा दी गयी नि:शुल्क या छूट प्राप्त टिकटें हैं उन्हें और उक्त कम्पनियों के कर्मचारी वर्ग को भी विदेशी मुद्रा संबंधी पात्रता उपलब्ध करायी गयी है किन्तु शर्त यह है कि वे विदेश यात्रा योजना के अन्तर्गत विदेशों में यात्रा करने के पात्र हों ।

१०३. विदेश यात्रा योजना की सुविधा प्राप्त करने के लिए जो क्रियाविधि विद्यमान है उसे और सरल बनाने के लिए १८ नवम्बर १९७७ को एक आदेश जारी किया गया जो पहली दिसम्बर १९७७ से अमल में आया । इस आदेश के अन्तर्गत यात्री को चाहिए कि वह विदेशी मुद्रा के नामित प्राधिकृत व्यापारी की किसी अधिसूचित शाखा की जांच के लिए अपने वर्तमान पासपोर्ट के साथ निर्धारित फार्म में घोषणा प्रस्तुत करे और उसमें विदेश यात्रा की अपनी पात्रता का पुष्टीकरण प्राप्त करे । पहली दिसम्बर १९७७ को सरकारी क्षेत्र के १० बड़े बैंकों को भारत स्थित प्रमुख शहरों में अपनी निर्दिष्ट शाखाओं द्वारा उपर्युक्त कार्य करने के लिए नामित किया गया है । पहली मई १९७८ से भारतीय स्टेट बैंक के सहयोगी बैंकों को छोड़कर राष्ट्रीयकृत बैंकों की कुछ निर्दिष्ट शाखाओं को परिवर्तित विदेश यात्रा योजना के अन्तर्गत पात्रता संबंधी प्रमाणपत्र जारी करने की शक्तियां प्रदान की गयी हैं ।

१०४. पहली जनवरी १९७८ से विदेश यात्रा योजना को और उदार बना दिया गया है । अब कोई भारतीय हर दूसरे वर्ष विदेश यात्रा कर सकता है और विदेश यात्रा योजना के अधीन तथा १८ नवम्बर १९७७ को जारी किये गये आदेशों के अधीन आने वाली विदेश यात्राओं को छोड़कर अन्य सभी विदेश यात्राओं पर उदारीकृत योजना के अन्तर्गत विदेश यात्रा के लिए यात्री की पात्रता को निर्धारित करने के लिए ध्यान नहीं दिया जाएगा । इसके परिणामस्वरूप जिन सरकारी अधिकारियों और कम्पनियों के कार्यपालकों को अधिकारिक या व्यावसायिक आधार पर बार-बार विदेश यात्रा करनी होती है वे अब विदेश यात्रा योजना का लाभ उठा सकते हैं । इसके अलावा अब तक की तरह पिछली विदेश यात्रा से वापस आने की तारीख महत्व नहीं रखती; किन्तु विदेश यात्रा योजना के अधीन किसी यात्री की पात्रता को निर्धारित करने के लिए अब पिछली विदेश यात्रा के प्रस्थान की तारीख को हिसाब में लिया जाता है ।

विदेशी बैंकों द्वारा रुपया आहरण

१०५. भारत में स्थित प्राधिकृत व्यापारियों के जिन कार्यालयों और शाखाओं में अनिवासी रुपया खाता रखा गया है उन्हें छोड़कर अन्य कार्यालयों और शाखाओं से जहां प्राधिकृत व्यापारियों के विदेशी प्रतिनिधियों द्वारा रुपया निकाला जाता है अदायगी करने वाले कार्यालय/शाखाएं, प्रधान कार्यालय या क्षेत्र कार्यालय में से किसी कार्यालय में रखे गये केन्द्रीय खाते से प्रतिपूर्ति का दावा कर सकती है । प्रधान कार्यालय या क्षेत्र कार्यालय दावे प्राप्त होने पर प्रतिपूर्ति करता है, किन्तु यह प्रथा ऐसे मामलों में लागू नहीं होती जहां विदेशी बैंक आहरण सूचनाएं जारी करते हैं और उन सूचनाओं की प्राप्ति पर अदायगी करने के लिए निधियों को पहले ही अलग रख दिया जाता है । अदायगी करने वाली शाखाओं को खाता रखने वाले कार्यालय से दावा करने और प्रतिपूर्ति राशि प्राप्त करने में लगने वाले अपरिहार्य विलम्ब के कारण विदेशी बैंक को प्रच्छन्न रूप से भारत स्थित प्राधिकृत व्यापारियों से ओवरड्राफ्ट सुविधा प्राप्त करने का अवसर मिलता है । इसके अतिरिक्त प्रतिपूर्ति में होने वाले ऐसे विलम्ब से विदेशी बैंकों को मुद्रा की सट्टेबाजी करने और यदि खाते की मुद्रा की तुलना में रुपये का संभाव्य मूल्य अनुकूल हो सकता हो तो तब तक दावे की राशि प्रेषित करने में विलम्ब करने का भी अवसर मिलता है । इस प्रकार की प्रवृत्ति को रोकने के लिए कुछ प्राधिकृत व्यापारी अपने प्रतिनिधियों से ऐसे आहरणों पर अदायगी कमीशन ले रहे हैं अथवा मूल्य की अमुक तिथियां निर्धारित कर देते हैं जिससे कि खाते रखने वाले कार्यालय की बहियों में अदायगियों को इस रूप में दर्शाया जा सके मानो अदायगियां उस कार्यालय में उन्हीं तारीखों को की गयी हों जब वे हिताधिकारी को वास्तव में की गयी थीं । किन्तु भारी मात्रा में भारत को भेजी जाने वाली राशि के फलस्वरूप तीव्र प्रतियोगिता होने के कारण कुछ प्राधिकृत व्यापारियों को अक्सर कमीशन की अदायगी को या मूल्य की तिथि निर्धारण प्रक्रिया को छोड़ना पड़ता है । अतः प्रच्छन्न ओवर-ड्राफ्टों की पूर्ति नहीं हो पाती या खाते में जमा करने में विलम्ब हो जाता है । इनमें से किसी भी एक कारण से विदेशी मुद्रा की हानि होती है । प्राधिकृत व्यापारियों के बीच इस अस्वस्थ प्रतियोगिता को जिसमें उनके विदेशी प्रतिनिधियों और शाखाओं के भारत में प्रच्छन्न रूप से ओवर-ड्राफ्टों का लाभ उठाने की संभावना रहती है, समाप्त करने के उद्देश्य से रिजर्व बैंक ने सभी प्राधिकृत व्यापारियों को यह निदेश दिया है कि वे निम्नलिखित उपायों में से कोई एक उपाय १ सितम्बर १९७८ से अपनाएं । (क) विदेशी प्रतिनिधियों से यह कहा जाना चाहिए कि ऐसे कार्यालय या शाखा को छोड़कर जहां आहरणकर्ता बैंक का अनिवासी रुपया खाता रहता है, भारत में प्राधिकृत व्यापारियों के कार्यालयों और शाखाओं के नाम जब कभी रुपया ड्राफ्ट/भुगतान आदेश जारी किए जाएं तब वे आहरण संबंधी सूचनाएं जारी करें । इस प्रकार की आहरण संबंधी सूचनाएं प्राप्त होने पर खातों में अलग से निधियां रखी जाएं ताकि बाहर के कार्यालयों के प्रतिपूर्ति दावों को यथासमय निबटाया जा सके । (ख) प्राधिकृत व्यापारियों को इस प्रकार की अदायगियों के लिए 'मूल्य तिथि निर्धारण' की प्रक्रिया को एक लेखा प्रणाली के रूप में अपनाना चाहिए या इस बात को सुनिश्चित करने के लिए कि हिताधिकारियों को वास्तविक रूप से की जाने वाली अदायगियों की तारीखों को ही केन्द्रीय खातों से अदायगियों की प्रतिपूर्ति होती है, अन्य आन्तरिक सूचना-प्रेषण या संप्रेषण पद्धतियां अपनानी चाहिए । (ग) यदि इनमें से कोई उपाय संभव न हो तो प्राधिकृत व्यापारियों को विदेशी आहरणकर्ता बैंकों से निधि परिव्यय की क्षतिपूर्ति के लिए ०.१५ प्रतिशत से अन्यून दर पर आहरण राशि पर भुगतान कमीशन (प्रति आहरण न्यूनतम ५० पैसे) लेना चाहिए चाहे केन्द्रीय रुपया खातों में वास्तव में रहने वाली जमाराशियों का स्तर कुछ भी क्यों न हो ।

१०६. उक्त निदेश भारतीय बैंकों की विदेशी शाखाओं और विदेशी बैंकों के विदेश स्थित प्रधान कार्यालयों/शाखाओं द्वारा किये जाने वाले रुपया आहरणों पर भी लागू किये गये हैं ।

पौंड स्टर्लिंग के क्रय और विक्रय की रिजर्व बैंक की दरें

१०७. पौंड स्टर्लिंग के क्रय और विक्रय की रिजर्व बैंक की दरों को २४ मई १९७८ से संशोधित कर प्रति रु. १०० क्रमशः ६.५३५९ पौंड (हाजिर) और ६.४९३५ पौंड (हाजिर) कर दिया गया है । मध्य दर प्रति पौंड रु. १५.३५ है ।* वायदा क्रय की दरों को भी हाजिर क्रय दरों पर प्रति माह हर १०० रुपये पर ०.००५० पौंड के अन्तर को जोड़कर संशोधित किया गया है ।

१०८ रिजर्व बैंक को सूचित किये बिना निम्नलिखित प्रकार के प्रेषणों के लिए प्राधिकृत व्यापारियों को कतिपय शक्तियां प्रदान की गयी हैं ।

(१) **कमीशन प्रेषण**

कतिपय शर्तों पर भारत से किये जाने वाले निर्यातों पर विदेशों में विक्रय एजेंटों को बिलों से प्राप्त राशि में से कटौती कर या अशोध्य साख-पत्र में इस प्रकार के भुगतान की व्यवस्था होने पर बीजक पर ५ प्रतिशत तक की कटौती कर कमीशन की अदायगी ।

(२) **फुटकर प्रेषण**

(१) प्रतिष्ठित निर्यातकों की ओर से विदेशों में विज्ञापनों के संबंध में प्रेषित की जाने वाली राशि की जो सीमा ५०० अमेरिकी डालर या उसके समकक्ष है उसे बढ़ाकर किसी कैलेंडर वर्ष में १,००० अमेरिकी डालर या उसके समकक्ष कर दिया गया है ।

* इन दरों को ३१ जुलाई १९७८ से संशोधित कर प्रति रु १०० क्रमशः ६.४५१६ पौंड (हाजिर) और ६.४१०३ पौंड (हाजिर) कर दिया गया है । मध्य दर प्रति पौंड रु. १५.५५ है ।

(२) **निविदा प्रलेखों का व्यय**

प्राधिकृत व्यापारियो को निविदा प्रलेखो के व्यय/पंजीकरण शुल्को की वास्तविक राशि को प्रेषित करने की अनुमति दी गयी है चाहे उसका मूल्य कुछ भी क्यों न हो; किन्तु शर्त यह है कि उक्त राशि निविदा आमंत्रित करने वाले निकाय या विदेश में उसके विधिवत् प्राधिकृत एजेंट या संबंधित देश में भारत सरकार के दूतावास, वाणिज्य दूतावास या अन्य किसी राजनयिक मिशन को प्रेषित की जाय ।

(३) **निविदा प्रलेखों के अनुवाद के शुल्क**

प्राधिकृत व्यापारी अपने निर्यात घटको की ओर से किसी एक समय मे अनुवाद संबंधी शुल्को के लिए १०० अमेरिकी डालर या उसके समकक्ष राशि प्रेषित कर सकते है बशर्ते कि वह राशि भारत सरकार के दूतावास, वाणिज्य दूतावास या किसी अन्य राजनयिक या व्यापारिक मिशन को भेजी जाए ।

(४) **निर्यात सूचना**

प्राधिकृत व्यापारी अपने निर्यातक घटको की ओर से विदेशी व्यापार संघो, वाणिज्य मंडलों, सरकारी विभागों या सरकारी स्वामित्व के अधीन रहने वाले सगठनों को इस प्रकार की सूचना प्रदान करने के संबंध मे वास्तविक व्यय के लिए किसी एक समय मे ५० अमेरिकी डालर या उसके समकक्ष राशि प्रेषित कर सकते है ।

(३) **डाक/हवाई पार्सल द्वारा उपहारों का निर्यात**

प्राधिकृत व्यापारी अपने घटकों को आवेदन करने पर कतिपय शर्तों पर रु. ५०० से अनधिक मूल्य के उपहार पार्सलों के निर्यात के संदर्भ मे अपेक्षित प्रमाणपत्र जारी कर सकते है ।

(४) **नमूनों का आयात**

वर्तमान आयात नीति (१९७८-७९) के अनुसार उन मामलों में आयात लाइसेंसों के बिना नमूनों के अयात की अनुमति है जहा :

(क) मूल्य रु. ५०० से अधिक न हो;

(ख) आयात डाक पार्सल या हवाई पार्सल द्वारा किया जाता हो;

(ग) आयातक पजीकृत निर्माता-निर्यातक हो ।

प्राधिकृत व्यापारी अपने ऐसे ग्राहको की ओर से जो उन नमूनों के आयातों के लिए पंजीकृत निर्माता-निर्यातक है, साख-पत्र जारी कर सकते है/राशि प्रेषित कर सकते है ।

(५) **निजी आयात**

कोई व्यक्ति या सस्था या अस्पताल अपने उपयोग के लिए डाक द्वारा या किसी दूसरे प्रकार से कुछ प्रतिबन्धित श्रेणियों को छोड़कर अन्य वस्तुओं का जो निजी आयात करते है उन पर प्राधिकृत व्यापारी राशि प्रेषित कर सकते हैं ।

पाकिस्तान से निजी आयात

१०९. प्राधिकृत व्यापारी दूसरे देशों से किये जाने वाले आयातो के समान ही निजी आयातों के लिए पाकिस्तान को राशि प्रेषित कर सकते है ।

हंगरी के साथ व्यापार

११०. भारत और हगरी के बीच १ जनवरी १९६९ से परिवर्तनीय मुद्रा मे व्यापार किया जाता है । इसके परिणामस्वरूप हगरी द्विपक्षीय खाता वर्ग का देश नही रहा है और उसे बाह्य समूह मे रखा गया है ।

भारत पोलैंड व्यापार करार

१११. भारत सरकार और पोलैंड जनवादी गणराज्य ने एक नया व्यापार और भुगतान करार किया है जो १ जनवरी १९७८ से तीन वर्षो की अवधि तक लागू है । इस करार के अधीन दोनों देशों के बीच होने वाले सभी व्यावसायिक और अव्यावसायिक लेनदेनों के लिए अपरिवर्तनीय भारतीय रुपये में भुगतान किया जाता है ।

भारत तथा कोरिया लोकतंत्रीय जनवादी गणराज्य के बीच व्यापार एवं भुगतान संबंधी लेनदेन

११२ भारत सरकार तथा कोरिया लोकतंत्रीय जनवादी गणराज्य (उत्तर कोरिया) ने व्यापार एवं भुगतान संबंधी एक नया करार किया है । इसके अनुसार इन दो देशों के बीच समस्त व्यापार एव भुगतान संबंधी लेनदेन पहली मार्च १९७८ से मुक्त परिवर्तनीय मुद्रा मे निबटाये जाते है । इसके परिणामस्वरूप उत्तर कोरिया द्विपक्षीय खाता वर्ग का देश नही रहा है और उसे बाह्य समूह मे रखा गया है ।

विदेशी मुद्रा (अनिवासी) खाता योजना

११३. रुपयों में रखी गयी जमाराशियो की ब्याज दरो मे १ मार्च १९७८ से कमी लाने के परिणामस्वरूप विदेशी मुद्रा (अनिवासी) खाता योजना के अन्तर्गत रखी गयी सावधि जमाराशियों की ब्याज दरो मे भी संशोधन किया गया और उनके लिए रुपया जमाराशियो के लिए विद्यमान ब्याज दरें लागू की गयी ।

निर्बंध विदेशी मुद्रा परमिट

११४ इस उद्देश्य से कि छोटे निर्यातको को निर्बन्ध विदेशी मुद्रा परमिट की सुविधा उपलब्ध करायी जाए, वार्षिक निर्यात संबंधी राशि की सीमाओं को कम किया गया है । 'चुनी हुई सूची' की वस्तुओ के वार्षिक निर्यात की राशि और विदेशो में निर्माण कार्य की संविदाओं से प्राप्त होने वाली राशि में से प्रत्यावर्तित की जानेवाली शुद्ध विदेशी मुद्रा की वार्षिक सीमाओं को १५ लाख रुपयों से कम कर १० लाख रुपये कर दिया गया है । 'चुनी हुई सूची से इतर' वर्ग की वस्तुओ के निर्यात की वार्षिक राशि की सीमा को भी ७५ लाख रुपयों से कम कर ५० लाख रुपये कर दिया गया है । निर्बन्ध परमिट योजना के अन्तर्गत न्यूनतम आबंटन की सीमा को भी ४०,००० रुपयो से बढ़ाकर ७५,००० रुपये कर दिया गया है । ये सभी परिवर्तन ५ अप्रैल १९७८ से लागू है ।

विदेश यात्रा के लिए 'पी' फार्म

११५ 'पी' फार्म प्राप्त करने से संबंधित कतिपय अपेक्षाओं को सरल तथा उदार बनाने के उद्देश्य से ११ अप्रैल १९७८ से निम्नलिखित परिवर्तन लागू किये गये है :

(१) जो विद्यार्थी अपने दूर के रिश्तेदारों या मित्रों के आतिथ्य पर अध्ययन करने के लिए विदेश जाना चाहते हों वे 'पी' फार्म अनुमोदन के पात्र हैं । इसके पहले निकट रिश्तेदारों की वित्तीय सहायता की गारन्टी पर अध्ययन के लिए विदेश जाने वाले विद्यार्थियों को ही कतिपय शर्तों पर यात्रा अनुमोदन प्रदान किया जाता था ।

(२) विदेशों में रहने वाले निकट रिश्तेदारों की सूची में निम्नलिखित रिश्तेदारों अर्थात पोता-पोती- पुत्र/पुत्री के सास/ससुर और यात्री (अथवा उसके पति/पत्नि) के सगे चचेरे/ममेरे भाई सगी/चचेरी/ममेरी/मौसेरी बहन को सम्मिलित किया गया है और इन रिश्तेदारों द्वारा आतिथ्य का वचन दिये जाने पर यात्री 'पी' फार्म अनुमोदन प्राप्त करने के लिए पात्र हो जाते हैं ।

(३) प्रायोजकों से प्राप्त निमंत्रण पत्र के आधार पर अनुमोदित रिश्तेदारों की सूचि में न आने वाले रिश्तेदार या किसी मित्र के आतिथ्य पर विदेश जाने वाले व्यक्तियों को 'पी' फार्म अनुमोदन प्रदान करने की योजना के अन्तर्गत विदेश यात्रा करने की अनुमति दी जाती है भले ही यात्रा टिकट के किराये की राशि भारत में ही भेजी गयी हो परन्तु हवाई कम्पनी के विदेश स्थित एजेंटों/कार्यालयों को ऐसी राशि अदा की गयी हो और पूर्वदत्त टिकट-सूचना जारी की गयी हो । किसी भी हवाई कम्पनी की ऐसी पूर्वदत्त टिकट सूचनाएं स्वीकार की जा सकती है ।

चीन के साथ व्यापार संबंधी लेनदेन

११६. भारत और चीन (तिब्बत क्षेत्र को छोड़कर) के बीच पुन: व्यापार प्रारम्भ हो जाने के कारण चीन (तिब्बत क्षेत्र को छोड़कर) को निर्यात किये जा सकते हैं बशर्ते कि नियमित जी आर/पीपी फार्म संबंधी क्रियाविधियों का अनुपालन किया जाए । प्राधिकृत व्यापारी चीन (तिब्बत क्षेत्र को छोड़कर) से किये जाने वाले आयातों के संदर्भ में संबंधित विनियमों के अनुसार साख पत्र खोल सकते है और राशि प्रेषित कर सकते हैं । निर्यातों में प्रत्यक्षत संबंधित राशियां अर्थात निर्यातों पर कमीशन नियंत्रण प्रभार, निर्यात संबंधी दावे, विविधा प्रलेखों के व्यय और निर्यात बिलों पर हुए विधिक/फुटकर व्यय की राशियां आदि संबंधित विनियमों के अनुसार भेजी जा सकती है प्राधिकृत व्यापारी विनियमों के अनुसार चीन के साथ भारत के व्यापार के संदर्भ में गारंटियां भी जारी कर सकते हैं । चीन को अन्य प्रकार की राशियां भेजने और चीन के निवासी व्यक्तियों, फर्मों, बैंकों या चीन के राष्ट्रिकों के साथ दूसरे प्रकार के लेनदेन करने पर पहले की तरह प्रतिबंध जारी है । चीन को की जाने वाली अदायगियों और चीन से प्राप्त होने वाली राशि के संदर्भ में चीन को बाह्य वर्ग के देशों में सम्मिलित माना जाता है ।

टिप्पणियां : (१) ७ अगस्त १९७८ से विदेशों में कहीं भी जाने वाले भारत के निवासियों के मामले में 'पी' फार्म पर पूर्व अनुमोदन की आवश्यकता नहीं है । किन्तु रिकार्ड के लिए एक संशोधित 'पी' फार्म भरने की आवश्यकता है । उन मामलों में जहां रुपये में किराया अदा करना नहीं होता, जैसे नि:शुल्क टिकट, पूर्वदत्त टिकट सूचना और भारत के बाहर जारी की गयी टिकटों पर की जाने वाली यात्राओं के मामले में इसकी भी आवश्यकता नहीं है । किराये के लिए निर्धारित उच्चतम सीमा भी हटा दी गयी है ।

(२) विनिमय केंद्र और प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तक अब नेपाल, भूटान और बंगला देश के सिवाय विदेश जाने वाले सभी यात्रियों को २०० रुपये के बराबर और बंगला देश जाने वाले यात्रियों को केवल १०० रुपये के बराबर के विदेशी मुद्रा नोट/सिक्के बेचेंगे ।

जुलाई 1977 से जून 1978 तक की अवधि के सांख्यिकीय आंकड़े

I विदेशों में अध्ययन/प्रशिक्षण के लिये जारी किये गये नये परमिट

देश	तकनीकी पाठ्यक्रम		गैर तकनीकी पाठयक्रम	
	विद्यार्थियों/प्रशिक्षणार्थियों की संख्या	प्रदान की गयी विदेशी मुद्रा (हजार रुपयों में)	विद्यार्थियों/प्रशिक्षणार्थियों की संख्या	प्रदान की गयी विदेशी मुद्रा (हजार रुपयों में)
ब्रिटेन और यूरोप	454	11,558	432	3,461
अमेरिका और कनाडा	716	21,138	767	17,822
अन्य देश	136	2,339	133	909
जोड़	1,306	25,035	1.332	22,192

II अध्ययन/प्रशिक्षण को छोड़कर दूसरे उद्देश्यों के लिए जारी किये गये विदेश यात्रा परमिट

	उन व्यक्तियों की संख्या जिनको परमिट जारी किये गये	प्रदान की गयी विदेशी मुद्रा (हजार रुपयों में)
1. कारोबार	27,196	2,49,200
2. डाक्टरी चिकित्सा	305	9,255
3. अध्ययन दौरे	1,238	14,531
4. सम्मेलनों में भाग लेना	1,976	10,222
5 विविध	14,886	61,037
जोड़	45,601	3,44,245

III 'पी' फार्म के आवेदन पत्र*

उद्देश्य	उन व्यक्तियों की संख्या जिनके 'पी' फार्म आवेदनपत्र अनुमोदित किये गये
1 परिवार के प्रमुख से मिलना	17,897
2 रिश्तेदारों से मिलना	16,201
3. निर्यात संवर्धन	1,113
4. विदेशों में नौकरी	88,915
5. स्थायी निवास के लिए आप्रवास	14,624
6 विद्यार्थी-प्रशिक्षणार्थी	2,320
7 विविध	20,726
जोड़	1,61,796

IV विदेश यात्रा योजना, 1970

उन व्यक्तियों की संख्या जिनके लिए अनुमोदन दिया गया	99,437

*इन मामलों में कोई विदेशी मुद्रा प्रदान नहीं की जाती।

विदेशी कम्पनियों के भारतीयकरण में प्रगति

११७. पहली जनवरी १९७८ को विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम के अमल में आने के बाद ४० प्रतिशत से अधिक अनिवासी हितयुक्त ८८१ विदेशी कंपनियों तथा भारतीय कम्पनियों से अधिनियम की धारा २९(२) के अनुसरण में भारत में अपने कारोबार जारी रखने की अनुमति मांगते हुए आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं । सरकार द्वारा निर्धारित नीति सम्बन्धी निर्देशक सिद्धांतों के अनुसरण में ८१४ कम्पनियों से प्राप्त आवेदन-पत्रों पर अंतिम कार्रवाई कर दी गयी है । शेष ६७ मामले विचाराधीन हैं । इनमें दवाई उद्योग की ३३ कम्पनियां शामिल हैं जिनके आवेदन पत्रों पर दवाई और औषधि निर्माण उद्योग कंपनियों से संबंधित समिति की रिपोर्ट पर सरकार द्वारा लिये गये निर्णयों के परिप्रेक्ष्य में विचार किया जा रहा है ।

११८. जिन आवेदन पत्रों को निबटाया जा चुका है उनमें से ७५ आवेदन पत्र उन कंपनियों से प्राप्त हुए जिन्हें ऐसी अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं थी जबकि ५४ कम्पनियां ऐसी थीं जिन्होंने आवेदन पत्र तो दे दिये थे परन्तु भारत में अपने कारोबार का समापन करने की प्रक्रिया में थीं । ६६ मामलों में विदेशी शेयर पूंजी को अपेक्षित मात्रा तक कम कर दिया जा चुका था जबकि २४६ मामलों में यह पाया गया कि निर्देशक सिद्धांतों के अन्तर्गत इस प्रकार कमी लाने की आवश्यकता नहीं थी । अतः उन कंपनियों को भारतीयकरण के संबंध में कोई शर्त निर्दिष्ट किये बिना ही भारत में अपने कार्यकलाप जारी रखने की अनुमति दी गयी । ३० कंपनियों के आवेदन पत्रों को इसलिए अस्वीकार कर दिया गया कि वे कंपनियां या तो पिछले कई वर्षों से भारत में कोई कारोबार नहीं कर रही थीं या वे ऐसे कार्यों में लगी हुई थीं जिनके लिए विदेशी निवेश को जारी रखना वांछनीय नहीं समझा गया ।

११९. ३४३ कंपनियों को ७४ प्रतिशत, ५१ प्रतिशत या ४० प्रतिशत के अपेक्षित स्तर तक (कंपनी के कार्य के स्वरूप पर निर्भर) विदेशी ईक्विटी को कम करने के लिए निदेश जारी किये गये । इनमें से ८३ कंपनियों ने उक्त अपेक्षित कमी कर दी है और ८० अन्य कम्पनियां इस निदेश के अनुपालन के अन्तिम चरण पर हैं । शेष अधिकांश मामलों में उक्त स्तर तक कम करने के लिए निर्धारित अवधि या तो अब तक समाप्त नहीं हुई है या कम्पनियों ने पहले ही प्रस्ताव प्रस्तुत कर दिये हैं जिनकी जांच हो रही है । अन्य मामलों के संबंध में कार्रवाई की जा रही है ।

मुद्रा पेटिका

१२०. आलोच्य वर्ष के दौरान १९१ मुद्रा पेटिकाएं या कोष खोले गये; इनमें से १५३ भारतीय स्टेट बैंक और उसके सहायक बैंकों द्वारा, २९ सरकारी क्षेत्र के अन्य बैंकों द्वारा और ९ कोषागारों, उपकोषागारों द्वारा परिचालित थे । नयी मुद्रा पेटिकाएं २५ राज्यों/संघशासित क्षेत्रों में खोली गयी; खोली गयी कुल मुद्रा पेटिकाओं में से केरल में २१, पश्चिम बंगाल में १४, मध्य प्रदेश में १९ और पंजाब तथा तमिलनाडु में से प्रत्येक में १७ थीं ।

१२१. जून १९७८ के अंत में देश में स्थित मुद्रा पेटिकाओं/कोषों की कुल संख्या ३,६०९ थी । इनमें से १० रिजर्व बैंक द्वारा, २९८ कोषागारों/उप कोषागारों द्वारा, २,१६१ स्टेट बैंक समूह के बैंकों द्वारा और १४० सरकारी क्षेत्र के अन्य बैंकों द्वारा परिचालित थे ।

उच्च मूल्य वर्ग के नोटों का विमुद्रीकरण

१२२. १६ जनवरी १९७८ को अधिघोषित एक अध्यादेश द्वारा रुपये १,०००, रुपये ५,००० और रुपये १०,००० के मूल्य वर्गों के मुद्रा नोटों का चलन बंद कर दिया गया। विमुद्रीकरण के समय संचालन में रहने वाले उच्च मूल्य वर्गों के नोटों का मूल्य १४५.४२ करोड़ रुपये था । इसमें से ७४.९४ करोड़ रुपये के मूल्य के नोट रिजर्व बैंक, सरकारी राजकोषों और अन्य बैंकों के पास थे ।

१२३. उक्त अध्यादेश लागू होने के समय से ३० जून १९७८ तक रिजर्व बैंक के पास परिवर्तन के लिए प्रस्तुत किये गये उच्च मूल्य वर्ग के नोटों की मूल्य राशि १२४.४५ करोड़ रुपये थी । इसमें से बैंकों और कोषागारों द्वारा घोषित कुल राशि ६४.९४ करोड़ रुपये थी । परिवर्तन के लिए प्रस्तुत कुल १२४.४५ करोड़ रुपयों की राशि में से रिजर्व बैंक द्वारा कम मूल्य वर्ग के नोटों में परिवर्तन के लिए ११६.३१ करोड़ रुपयों की राशि पारित की गयी । इस राशि में बैंकों और सरकारी कोषागारों द्वारा घोषित नोटों के संदर्भ में परिवर्तित की गयी ६०.२१ करोड़ रुपयों की राशि शामिल है (आंकड़े अनन्तिम हैं) ।

गैर बैंकिंग कंपनियों से संबंधित अध्ययन दल की रिपोर्ट—वित्तीय और विविध गैर बैंकिंग कम्पनियों को नये निदेश

१२४. पिछले वर्ष की रिपोर्ट में यह कहा गया था कि गैर बैंकिंग कंपनियों से संबंधित अध्ययन दल की ऐसी सिफारिशों को जो भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, १९३४ के वर्तमान अध्याय ३ आ के भीतर कार्यान्वित की जा सकती है, अमल में लाने के लिए गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों और विविध गैर बैंकिंग कंपनियों को निदेशों के दो सेट जारी किये जा रहे थे। दिनांक २० जून १९७७ की बैंक की अधिसूचना सं. डीएनबीसी ३८ और ३९/डीजी (एच)—७७ में दिये गये निदेश १ जुलाई, १९७७ से अमल में आये। उक्त नये निदेशों की प्रमुख विशेषताएं निम्नप्रकार है : (१) "मुक्त प्रारक्षित निधियां" पद की परिभाषा को संशोधित किया गया है ताकि केवल उन्ही निधियों को उसमें शामिल किया जाए जिनका स्वरूप प्रारक्षित निधियों का है किन्तु जो व्यवस्थित निधियां नही है और जिन्हे अर्जित लाभों में से विनियोजित किया गया है; उक्त लाभों में वे लाभ शामिल है जो आस्तियों की वास्तविक बिक्री में प्राप्त हुए है, न कि आस्तियों के पुनर्मूल्यन के माध्यम से। (२) कम्पनियों द्वारा जिसे अधिकतम अवधि के लिए जमाराशियां स्वीकार की जा सकती है उसे सभी प्रकार की कम्पनियों के मामले में ३६ महीने तक सीमित कर दिया गया है; किन्तु आवास वित्त कंपनियों के मामले में अधिकतम अवधि ६० महीने है। लेकिन न्यूनतम अवधि को सभी मामलों में छः महीने तक ही अपरिवर्तित रखा गया है। (३) जिन अंतर कंपनी उधारो को पहले के निदेशों के प्रतिबंधक उपबंधों से पूरी तरह छूट दी गयी थी उन्हें अब उन मामलों को छोड़कर जमाराशि के रूप में समझा जायेगा जहां इस प्रकार के उधार भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व अनुमोदन से लिये जाते है। (४) सुरक्षित उधारों के संबंध में दी गयी छूट को वापस ले लिया गया है। केवल बांडो और डिबेन्चरो के रूप में लिये गये ऐसे उधारो जिन्हे अचल संपत्ति के बंधक द्वारा रक्षा प्राप्त है और ईक्विटी शेयरो में परिवर्तनीय आरक्षित बांडो/डिबेन्चरो के रूप में लिये गये उधारो के लिए छूट प्राप्त होगी। (५) किराया-खरीद वित्त कंपनियों द्वारा प्राप्त जमाराशियों पर पहले उच्चतम सीमा के प्रतिबन्धों की शर्त नहीं थी। उक्त जमाराशियों को अब उच्चतम सीमा के प्रतिबंधों के अंतर्गत लाया गया है। ऐसी कंपनियां अब अपनी शुद्ध स्वाधिकृत निधियों की १० गुनी तक जमाराशियां स्वीकार कर सकती है। (६) निवेश कंपनियों को उपलब्ध उच्चतम सीमा को कम कर दिया गया है। उक्त कंपनियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी कुल जमाराशियों को १ अप्रैल १९७९ तक दो चरणों में अपनी शुद्ध स्वाधिकृत निधियो के २५ प्रतिशत तक कम कर दें। (७) जिस अवधि तक जमाराशि रही हो उस अवधि के लिए या निकटतम समाप्त वर्ष के लिए कंपनी सामान्यतः जिस दर पर ब्याज अदा करती उससे २ प्रतिशत कम ब्याज दर अवधि समाप्ति से पूर्व जमाराशियों की चुकौती के मामले में निर्धारित की गयी है। यह वाणिज्य बैंकों पर लागू उपबन्धों के अनुरूप है।

१२५. नये निदेशों के कार्यान्वयन के दौरान यह पाया गया कि कुछ ऐसी कंपनियां थीं जो भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, १९३४ की धारा ४५ झ (ग) में दी गयी वित्तीय संस्था की परिभाषा के अधीन तो आती थी किन्तु उन्हें निदेशावली में निर्दिष्ट कंपनियों की किसी भी श्रेणी में वर्गीकृत नहीं किया जा सका; क्योंकि वे धारा ४५ झ (ग) में निर्दिष्ट कारोबार में से एक से अधिक प्रकार के कारोबार कर रही थीं और उनमें से कोई भी कारोबार प्रमुख नहीं था। ऐसी कंपनियों को इस निदेशावली के अन्तर्गत लाने के लिए एक नयापैरा जोड़कर वित्तीय कंपनियों को जारी किये गये निदेशों को ३० मार्च १९७८ से संशोधित किया गया। इस संशोधन से अब उक्त निदेश व्यापक हो गये है जिससे कि वे ऐसी सभी श्रेणियों की कंपनियों पर जो भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, १९३४ में परिभाषित "वित्तीय संस्था" के अन्तर्गत आती है, लागू किये जा सकें।

१२६. इसके साथ ही १ जुलाई, १९७७ से नये निदेशों के अमल में आने से भारत सरकार ने रिजर्व बैंक के परामर्श से उक्त कंपनियों द्वारा जारी किये जाने वाले विज्ञापनों को विनियमित करने के लिए "गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनी और विविध गैर बैंकिंग कंपनी (विज्ञापन) नियमावली, १९७७" जारी की। उक्त नियमों के अनुसार यदि संबंधित कम्पनियां जनता से जमाराशियां आमंत्रित करती है या किसी दूसरे व्यक्ति द्वारा आमंत्रित कराती है तो उन्हे एक अंग्रेजी समाचार पत्र और स्थानीय भाषा के समाचार पत्र में अनिवार्यतः विज्ञापन देना होगा। इस प्रकार जारी किये जानेवाले विज्ञापन की एक प्रति रिजर्व बैंक के पास भेजी जानी चाहिये। कंपनियों को विज्ञापन में पर्याप्त विवरण/जानकारी देनी चाहिए ताकि संभाव्य जमाकर्ताओं को कंपनियों की वित्तीय स्थिति, प्रबंध व्यवस्था आदि का स्पष्ट चित्र मिल सके और साथ ही कंपनियों को विज्ञापन में कुछ ऐसी घोषणाएं भी करनी चाहिए जिससे जमाकर्ता ऐसी कंपनियों के पास जमाराशि रखने के संबंध में कानूनी स्थिति को समझ सके। यद्यपि उक्त नियमावली कंपनी अधिनियम, १९५६ की धारा ५८ क के अधीन बनायी गयी है तथापि उनको कार्यान्वित करने का अधिकार रिजर्व बैंक को होगा। उक्त नियमावली के उल्लंघन के संबंध में शिकायतें दर्ज करने के लिए बैंक के अधिकारियों को उचित अधिकार प्रदान करने के प्रश्न पर सरकार से विचार विमर्श किया जा रहा है।

कम्पनी (जमाराशियों का स्वीकरण) नियमावली, १९७५ में संशोधन

१२७. वित्तेतर कंपनियां जमाराशि स्वीकार करने का जो कार्य करती है उसे कंपनी अधिनियम, १९५६ की धारा ५८ क और उसके अधीन बनायी गयी कंपनी (जमाराशियों का स्वीकरण) नियमावली, १९७५ के उपबंधों द्वारा विनियमित किया जाता है। पिछले वर्ष की रिपोर्ट में यह कहा गया था कि राज अध्ययन दल द्वारा की गयी सिफारिशों को कार्यान्वित करने के लिए नियमावली में किये जाने वाले संशोधनों को सरकार द्वारा अधिनियम में संशोधन किये जाने तक स्थगित रखा गया था ताकि सरकार कठिनाइयों के मामलों में छूट प्रदान कर सके/समय सीमा बढ़ा सके। उक्त अधिनियम रिजर्व बैंक के परामर्श से दिसम्बर १९७७ में संशोधित किया गया जिससे कि किसी कंपनी या कंपनियों के वर्ग को कंपनी अधिनियम, १९५६ की धारा ५८ क के उपबन्धों से छूट देने/समय सीमा बढ़ाने का अधिकार सरकार को प्राप्त हो सके। कंपनियों के किसी वर्ग के संबंध में शक्तियों का प्रयोग करते समय भारत सरकार को भारतीय रिजर्व बैंक से परामर्श करना होगा।

१२८. तदनंतर कंपनी (जमाराशियों का स्वीकरण) नियमावली को १ अप्रैल १९७८ से संशोधित किया गया है। इन संशोधनों के अनुसार शेयरधारियो से सार्वजनिक कंपनियों द्वारा प्राप्त की जाने वाली जमाराशियों/व्यक्तिगत हैसियत से निदेशकों की गारंटी प्राप्त जमाराशियों और अरक्षित डिबेन्चरों पर प्राप्त जमाराशियों के संदर्भ में उच्चतम सीमा १ अप्रैल १९७९ से १५ प्रतिशत से कम होकर १० प्रतिशत रहेगी और १ अप्रैल

१९८० से पूरी तरह हटा दी जाएगी । अत: उस तारीख से वित्तेतर कंपनियों के ४० प्रतिशत की वर्तमान समग्र सीमा के मुकाबले उनकी स्वाधिकृत निधियों के २५ प्रतिशत तक किसी भी रूप में जमाराशियां स्वीकार करने की अनुमति होगी ।

१२९. इसके अलावा उक्त कंपनियों पर यह दायित्व होगा कि वे एक वर्ष के भीतर (पहली अप्रैल और ३१ मार्च के बीच) चुकाये जाने योग्य जमाराशियों के १० प्रतिशत तक की चल आस्तियां बनाये रखें । इस प्रकार रखी जाने वाली चल आस्तियां भार या गहन रहित हों और उन्हें केन्द्रीय या राज्य सरकार की किसी भाररहित प्रतिभूति या किसी अन्य न्यासी प्रतिभूति में निवेश के रूप में या किसी अनुसूचित वाणिज्य बैंक में चालू या दूसरी जमाराशि के रूप में रखा जाए ।

१३०. इन कंपनियों को अपने द्वारा जारी किये जानेवाले किसी भी विज्ञापन में अतिरिक्त विवरण/जानकारी देनी होगी/घोषणा करनी होगी जिससे कि संभाव्य जमाकर्ता के सामने कम्पनियों की वित्तीय स्थिति और प्रबंध व्यवस्था का स्पष्ट चित्र उभर सके और वह ऐसी कंपनियों के पास जमाराशियां रखने की कानूनी स्थिति को समझ सके ।

गैर बैंकिंग कम्पनियों के सम्बन्ध में अध्ययन दल की दूसरी सिफारिशों पर अनुवर्ती कार्रवाई

१३१. जैसा कि पहले सूचित किया गया था, हनामी चिट और मुद्रा संचलन योजनाओं पर प्रतिबन्ध लगाने से संबंधित विधेयक को अन्तिम रूप दिया गया और उसे संसद में पेश किया गया है ।

१३२. उपर्युक्त विधेयक के अलावा बैंकिंग आयोग द्वारा की गयी सिफारिशों के आधार पर और बाद में राज अध्ययन दल द्वारा की गयी जांच के आधार पर भी देश-भर में समान रूप से परम्परागत चिट फंड करोबार चलाने के कार्य को विनियमित करने से सम्बन्धित नमूना विधेयक को विभिन्न राज्य सरकारों और अन्य प्रतिनिधि निकायों से प्राप्त सिफारिशों/सुझावों को ध्यान में रखते हुए अन्तिम रूप दे दिया गया है । अब विधि मंत्रालय द्वारा इसकी जांच की जा रही है ।

१३३. गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं द्वारा किये जाने वाले कारोबार को विनियमित करने के लिए प्रस्तावित व्यापक विधान तैयार किया जा रहा है ।

अनिगमित निकायों द्वारा जमराशियों का स्वीकरण

१३४. कतिपय काननी अडचनों को देखते हुए भारत सरकार ने अनिगमित निकायों द्वारा किसी निर्धारित संख्या से अधिक जमाकर्ताओं से जमाराशियां स्वीकार करने के संबंध में प्रतिबन्ध लगाने के प्रस्ताव को छोड़ दिया है । नवम्बर १९७७ में भारत सरकार ने रिजर्व बैंक से परामर्श कर उक्त मामले की समीक्षा की और प्रस्ताव पुन: लाया गया है । तदनुसार, उक्त प्रस्ताव को प्रभावी बनाने के लिए रिजर्व बैंक ने भारत सरकार को भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, १९३४ में व्यापक संशोधन प्रेषित किये । उन्हें अब बैंककारी विधि (संशोधन) विधेयक, १९७८ में समाविष्ट किया गया है । उक्त विधेयक संसद में शीघ्र ही पेश किये जाने की आशा है ।

गैर बैंकिंग कम्पनियों के पास जमाराशियां : १९७४-७५

१३५: ३१ मार्च १९७५ को समाप्त वर्ष के लिए गैर बैंकिंग कम्पनियों के पास विद्यमान जमाराशियों के संबंध में किये गये सर्वेक्षण से यह तथ्य सामने आता है कि उक्त वर्ष के दौरान सूचना देने वाली कम्पनियो की कुल संख्या में ३७६ की वृद्धि हुई और वह ४,६१२ हो गयी । उच्चतम सीमा के प्रतिबन्ध से छूट प्राप्त श्रेणियों के अन्तर्गत विद्यमान जमाराशियों/ऋणो में १६८.१ करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई और उनकी कुल राशि मार्च १९७४ के अन्त में स्थित १,०२८.६ करोड रुपयों से बढकर मार्च १९७५ के अन्त में १,१९६.७ करोड रुपये हो गयी । मार्च १९७५ के अन्त में उच्चतम सीमा के प्रतिबंधो के क्षेत्र में आनेवाली जमराशिया ८९८.३ करोड़ रुपये थी जबकि छूट प्राप्त जमाराशि/ऋण राशि ६९८.४ करोड रुपये थी ।

१३६ ३१ मार्च १९७५ को सूचना देनेवाली २,९५९ वित्तेतर कम्पनियों की छूट प्राप्त जमाराशि सहित कुल जमाराशि/ऋण-राशि ७५४.३ करोड़ रुपये थी जबकि पिछले वर्ष सूचना देनेवाली ३,०४८ कम्पनियों की उक्त राशि ७२४.६ करोड़ रुपये थी । निदेशों के अधीन दी गयी उच्चतम सीमा के प्रतिबन्धों के अन्तर्गत आने वाली जमाराशियां ३९३.६ करोड़ रुपये थी ।

१३७. वित्तीय कम्पनियों के मामले में ३१ मार्च १९७५ को सूचना देने वाली १,६५३ कम्पनियों की छूट प्राप्त जमाराशि सहित जमाराशि/ऋणराशि ४४२.४ करोड़ रुपये थी जबकि पिछले वर्ष के अन्त में १,१८८ कम्पनियों के संदर्भ में उक्त राशि ३०४.० करोड़ रुपये थी । छूट प्राप्त श्रेणियों के अन्तर्गत आने वाली जमाराशियों को छोडकर जमाराशि १०४.७ करोड़ रुपये थी ।

सर्वेक्षण

१३८. आलोच्य वर्ष के दौरान आर्थिक विभाग के क्षेत्र सर्वेक्षण प्रभाग ने निम्नलिखित पाच सर्वेक्षण किये: (१) जून १९७७ में रिजर्व बैंक द्वारा गठित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक संबंधी समिति के अनुरोध पर सात क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको के संदर्भ में क्षेत्र अध्ययन किया गया । इसके अलावा आर्थिक विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा पांच क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के संदर्भ में भी क्षेत्र अध्ययन किये गये । उक्त प्रभाग ने समिति द्वारा अपेक्षित सामग्री एकत्र की और उसकी जांच भी की । यह प्रभाग पूर्ण रूप से इस कार्य के साथ जुड़ा रहा । उक्त समिति की रिपोर्ट रिजर्व बैंक को प्रस्तुत की गयी । (२) ग्रामीण क्षेत्रों के कमजोर वर्गों को अत्यावश्यक वस्तुओं की सार्वजनिक वितरण व्यवस्था से प्राप्त होने वाले लाभों का मूल्यांकन करने के लिए महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में एक क्षेत्र सर्वेक्षण कार्य समाप्त किया गया; उसकी रिपोर्ट तैयार की जा रही है । (३) पुणे जिले में २ कृषि सेवा केन्द्रों की कार्यप्रणाली के संबंध में एक प्रायोगिक सर्वेक्षण किया गया; इसकी रिपोर्ट तैयार की जा रही है । (४) पांच चुने हुए जिलों में ऋण राहत संबंधी विधान के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए भारत सरकार के अनुरोध पर शुरू किये गये वृत्त अध्ययनों से संबंधित प्रारम्भिक कार्य को उक्त प्रभाग ने अन्तिम रूप दे दिया है । महाराष्ट्र राज्य के अमरावती जिले में पहले वृत्त अध्ययन का क्षेत्रीय कार्य समाप्त हुआ । संबंधित रिपोर्ट तैयार की जा रही है । (५) इसके साथ ही प्रभाग ने तीन जिलों अर्थात् सिओनी (मध्य प्रदेश), फर्रुखाबाद (उत्तर प्रदेश) और जैसलमेर (राजस्थान) में अग्रणी बैंक योजना के अन्तर्गत जिला ऋण योजनाओं के कार्यान्वयन का मूल्यांकन करने के लिए क्षेत्र अध्ययन के प्रारम्भिक कार्य को भी अन्तिम रूप दे दिया है । सिओनी में क्षेत्रीय अध्ययन कार्य समाप्त हो गया है । भूमि विकास बैंकों के ऋणदाताओं को अल्पावधि सहकारी ऋण की उपलब्धता के संबंध में जो क्षेत्र अध्ययन किया गया उसकी रिपोर्ट को अन्तिम रूप दिया जा रहा है ।

१३९ भुगतान संतुलन प्रभाग विदेशी निवेश सर्वेक्षण के लिए विदेशी कम्पनियों की शाखाओं और भारतीय मिश्रित पूंजी कम्पनियों से त्रैमासिक रिपोर्टें मंगाता रहा । वर्ष १९७४-७५ से संबंधित सर्वेक्षण के लिए विवरणियों की जांच की जा रही है । रु १०,००० से कम या उसके बराबर के मूल्य की विदेशी मुद्रा के प्रयोजनवार ब्योरे उपलब्ध नहीं है उनकी अवगणित प्राप्तियों का अप्रैल-जून १९७८ की तिमाही के लिए सर्वेक्षण शुरू किया गया । जनवरी-मार्च १९७७ की तिमाही के लिए इसी प्रकार के सर्वेक्षण की रिपोर्ट तैयार की जा रही है ।

१४० बैंकिंग प्रभाग वाणिज्य बैंकों के कार्यों से संबंधित विभिन्न पहलुओं अर्थात अग्रिम और जमा राशि, जमाराशियों के स्वामित्व, जमा खातों में नामे, निवेश आदि से संबंधित कई सर्वेक्षण कार्य करता रहा ।

केन्द्रीय बोर्ड

१४१. श्री एम नरसिंहम ३० नवम्बर १९७७ को कारोबार समाप्त होने पर रिजर्व बैंक के गवर्नर के कार्यभार से मुक्त हुए । श्री नरसिंहम ने बैंक के गवर्नर के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान जो सेवाएं अर्पित की उनकी सराहना में बोर्ड उनका अभिनन्दन करता है ।

१४२ डा आई. जी पटेल पहली दिसम्बर १९७७ से पांच वर्ष की अवधि के लिए बैंक के गवर्नर के रूप में नियुक्त किये गये ।

१४३. डा आर के हजारी २६ नवम्बर १९७७ को अपनी सेवा अवधि समाप्त होने पर बैंक के उप गवर्नर के रूप में अपने पद भार से मुक्त हुए । डा हजारी ने अपने कार्य काल में बैंक की जो सेवा की है उसकी सराहना में बोर्ड उनका अभिनन्दन करता है ।

१४४. भारत सरकार ने श्री मा. रामकृष्णय्या को पांच वर्ष की अवधि के लिए रिजर्व बैंक के उप गवर्नर के रूप में नियुक्त किया । श्री रामकृष्णय्या ने २ जनवरी १९७८ को अपना पद भार संभाला ।

१४५. श्री सी रामकृष्ण और डा के. कानूनगो २२ जुलाई १९७७ को अपनी नियुक्ति की अवधि समाप्त होने पर बैंक के केन्द्रीय बोर्ड के निदेशक के पद से सेवा निवृत्त हुए । बोर्ड सेवानिवृत्त हुए निदेशकों द्वारा अपने सेवा काल के दौरान की गयी बहुमूल्य सेवाओं की सराहना करता है ।

१४६. २२ जुलाई १९७७ को स्थानीय बोर्ड का पुनर्गठन किये जाने पर भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, १९३४ की धारा ८(१) (ख) के अधीन प्रो एम एल दानवाला और श्री एम. वी अरुणाचलम को बैंक के क्रमश: पश्चिमी क्षेत्र और दक्षिणी क्षेत्र के स्थानीय बोर्डों का प्रतिनिधित्व करने के लिए बैंक के केन्द्रीय बोर्ड के निदेशकों के रूप में नामित किया गया और श्री ए एन. हक्सर तथा डा. भरत राम को भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम की उपर्युक्त धारा के अधीन क्रमश: पूर्वी क्षेत्र और उत्तरी क्षेत्र के स्थानीय बोर्डों का प्रतिनिधित्व करने के लिए केन्द्रीय बोर्ड के निदेशकों के रूप में पुन: नामित किया गया । श्री एम वी अरुणाचलम को श्री सी रामकृष्ण के स्थान पर नामित किया गया । उक्त अधिनियम की धारा ८(१) (ग) के अधीन बैंक के केन्द्रीय बोर्ड के निदेशकों के रूप में २२ जुलाई १९७७ से सर्वश्री जहांगीर पी. पटेल, एस. एल किलोस्कर, एयर चीफ मार्शल पी सी लाल (अवकाश प्राप्त) और डा. वी. वेंकटप्पय्या को नामित किया गया और श्री एम पी चितले, डा डी. पी सिंह और डा. वी कुरियन को पुन: नामित किया गया । डा वी. वेंकटप्पय्या की नियुक्ति डा के कानूनगो के स्थान पर की गयी ।

१४७ आलोच्य वर्ष के दौरान केन्द्रीय बोर्ड की सात बैठकें हुई, उनमें से दो बम्बई में तथा एक-एक मद्रास, चंडीगढ़, कलकत्ता, जयपुर और नयी दिल्ली में हुई । केन्द्रीय बोर्ड की समिति की ५१ बैठकें हुई; उनमें से दो नयी दिल्ली में, एक कलकत्ता में तथा शेष बम्बई में हुई ।

स्थानीय बोर्ड

१४८ भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, १९३४ की धारा (१) के अनुसार भारत सरकार ने रिजर्व बैंक के चारों स्थानीय बोर्डों को २२ जुलाई १९७७ से पुनर्गठित किया । प्रो एम एल. दानवाला को श्री एम. एस पद्मनाभन के स्थान पर पश्चिमी क्षेत्र के स्थानीय बोर्ड में और सर्वश्री सी श्रीकृष्णा तथा एन एस. भट्ट को क्रमश: सर्वश्री सी. रामकृष्ण तथा एम के रामचन्द्रा के स्थान पर दक्षिणी क्षेत्र के स्थानीय बोर्ड में नियुक्त किया गया, भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, १९३४ की धारा ९ बी उपधारा (३) के साथ पढ़ी जाने वाली उप धारा (१) के अधीन निम्नलिखित सदस्यों को पुनर्नियुक्त किया गया :

पश्चिमी क्षेत्र

१. श्री के सी. मैत्रा
२. श्री चार्ल्स एम कोरिया

पूर्वी क्षेत्र

१ श्री ए एन. हक्सर
२. डा सदाशिव मिश्र
३. श्री जी. साहा
४. श्री जी.सी.फुकन

उत्तरी क्षेत्र

१ डा भरत राम
२ श्री के एन. सप्रू
३. श्री प्रेम पंथी
४. श्री जी सी. फुकन

दक्षिणी क्षेत्र

१ श्री एम वी. अरुणाचलम
२ श्री सी आर. रामस्वामी

१४९ श्री एफ. हक को पहली नवम्बर १९७७ से पश्चिमी के स्थानीय बोर्ड के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया ।

१५० श्री वी वी. विवेटिया को २५ अगस्त १९७७ से बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया ।

१५१. श्री डब्ल्यू.एस. ताबे को पहली जून १९७८ से बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया ।

नये कार्यालय भवन

१५२. बंबई स्थित भारत सरकार की टकसाल के अहाते में बन रहे बैंक के बहुमंजिले कार्यालय भवन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है । लिफ्ट, वातानुकूलन, आदि से संबंधित विभिन्न गौण निर्माण कार्य किये जा रहे हैं और यह आशा की जाती है कि यह भवन कार्यालय के उपयोग के लिए मार्च १९७९ के आसपास तैयार हो जाएगा । हैदराबाद स्थित मुख्य कार्यालय भवन पूरा हो चुका है और हैदराबाद के कार्यालय के विभाग नये भवन में कार्य करने लग गये हैं । अहमदाबाद, भुवनेश्वर, गौहाटी और त्रिवेन्द्रम में कार्यालय भवनों के निर्माण कार्य में प्रगति हो रही है । आलोच्य वर्ष के दौरान जयपुर में एक और भवन का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया है । चंडीगढ़ कार्यालय भवन के योजना प्रारूप को अन्तिम रूप दिया जा चुका है और यह आशा है कि वहां निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारम्भ होगा ।

१५३. प्राथमिकता के आधार पर पुणे स्थित कृषि बैंकिंग महाविद्यालय का विस्तार किया जा रहा है । यह कार्य सितम्बर १९७७ में प्रारम्भ किया गया था और यह आशा की जाती है कि भवन अक्तूबर १९७८ तक महाविद्यालय के उपयोग के लिए तैयार हो जाएगा ।

आवास-भवन

१५४ लिपिको तथा अधीनस्थ श्रेणी के कर्मचारियों के लिए मुशीराबाद, हैदराबाद में १४१ क्वार्टरों का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और शीघ्र ही यह कालोनी आवास के लिए तैयार हो जाएगी । इन क्वार्टरों को मिलाकर बैंक द्वारा अपने कर्मचारियों को विभिन्न केन्द्रों पर उपलब्ध कराये गये क्वार्टरों की कुल संख्या ४,८३२ हो गयी है । इनके अतिरिक्त भुवनेश्वर, चंडीगढ़, जयपुर, नयी दिल्ली और त्रिवेन्द्रम में स्टाफ क्वार्टरों का निर्माण कार्य प्रगति कर रहा है । बैंक ने दिल्ली विकास प्राधिकरण के पास १८८ फ्लैटों की लागत राशि भी जमा की है और ये फ्लैट संप्रति हौज खास, नयी दिल्ली में निर्माणाधीन हैं । आशा है कि ये फ्लैट दिसम्बर १९७८ तक तैयार हो जाएंगे ।

कार्यालयों के उपयोग के लिए पट्टे पर लिये गये भवन

१५५ कार्यालय स्थान की बढ़ती हुई आवश्यकताओं की पूर्ति करने के उद्देश्य से अहमदाबाद, चंडीगढ़, कोचीन और लखनऊ में अतिरिक्त कार्यालय स्थान ले लिया गया है ।

बैंकर प्रशिक्षण महाविद्यालय, बम्बई

१५६. आलोच्य वर्ष के दौरान बैंकर प्रशिक्षण महाविद्यालय अपने कार्यक्रमों में विदेशी मुद्रा और ऋण प्रबन्धन संबंधी विशिष्ट विषयों पर बराबर बल देता रहा; कार्यकारी पूंजी के लिए ऋण प्रदान करना, परियोजनागत मूल्यांकन, कार्मिक प्रबन्ध और औद्योगिक संबंध जैसे क्षेत्र बैंकों के लिए अधिक महत्व रखते हैं; इन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया । केवल विदेशी मुद्रा के विषय पर महाविद्यालय ने प्रारम्भिक तथा उच्च स्तरों के लगभग १५ कार्यक्रम चलाये । इनमें इस वर्ष प्रारम्भ किया गया विदेशी मुद्रा "बाजार" कार्यक्रम भी शामिल है जिसका उद्देश्य यह है कि बैंक के विदेशी मुद्रा विभागों के अधिकारी 'व्यापारियों' के द्वारा किये जाने वाले विदेशी मुद्रागत लेनदेनों के अनुरूप विदेशी मुद्रा संबंधी कार्य करने की निपुणता हासिल कर सकें ।

१५७. महाविद्यालय ने जिन अन्य नये कार्यक्रमों की व्यवस्था की वे इस प्रकार थे : (क) नियमित कानूनी समस्याओं को सुलझाने में कार्यकारी बैंकरों की सहायता करने के उद्देश्य से बैंकरों के लिए विधि संबंधी कार्यक्रम; (ख) जो वाणिज्यिक और विकास बैंकर रुग्ण औद्योगिक इकाइयों को ऋण प्रदान करते हैं उनके लिए ऐसी इकाइयों के पुनःस्थापन पर विचार गोष्ठी, (ग) विदेश व्यापार पर एक विचारगोष्ठी जिससे कि बैंकर आयातों एवं निर्यातों का वित्तपोषण करते समय होने वाली समस्याओं का पता लगा सकें और उनका समाधान कर सकें; और (घ) राष्ट्रीयकृत बैंकों के लिए ऋण संबंधी पर्यवेक्षण और उसकी अनुवर्ती कार्रवाई से संबंधित कार्यक्रम ।

१५८. महाविद्यालय निम्नलिखित विषयों पर पहले की तरह विभिन्न कार्यक्रम चलाता रहा : विकास बैंकिंग, कार्य-बजट तैयार करना, बैंकरों के लिए साख्यिकी और संगठन तथा पद्धतियां ।

१५९ एक उल्लेखनीय विशेषता यह थी कि आलोच्य वर्ष के दौरान चलाये गये ६९ कार्यक्रमों में विभिन्न प्रकार के २९ पाठ्यक्रम लिये गये और उनमें से संस्थाओं के भीतर के कार्यों के आधार पर २२ कार्यक्रम चलाये गये । उक्त कार्यक्रम प्रायोजक संस्थाओं की विशिष्ट आवश्यकताओं की पूर्ति करने की दृष्टि से बनाये गये थे । इनमें से छः कार्यक्रम उनके अपने केन्द्रों पर ही चलाये गये । "बैंकिंग व्यवस्था में औद्योगिक संबंध" विषय से संबंधित कार्यक्रम बम्बई के अतिरिक्त तीन और केन्द्रों में चलाया गया और कार्यकारी पूंजी के लिए ऋण प्रदान करने से संबंधित कार्यक्रम बम्बई और मद्रास दोनों केन्द्रों में चलाये गये ।

१६०. बैंकर प्रशिक्षण महाविद्यालय रिजर्व बैंक के अपने अधिकारियों की प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं की भी पहले की तरह पूर्ति करता रहा और महाविद्यालय ने उनके लाभ के लिए केन्द्रीय बैंकिंग कार्यक्रम और उच्च केन्द्रीय बैंकिंग कार्यक्रम तथा आर्थिक सिद्धान्त और आर्थिक विश्लेषण की परिमाणात्मक प्रणालियों तथा ऋण संबंधी मूल्यांकन से संबंधित कार्यक्रम चलाये ।

१६१. बैंकर प्रशिक्षण महाविद्यालय ने राष्ट्रीय बैंक प्रबन्ध संस्थान के सहयोग से बैंकों के महाविद्यालयों के संकाय सदस्यों के लिए पाठ्यक्रम तैयार करने के संबंध में एक कार्यशाला चलायी ।

१६२ प्रकाशनों के क्षेत्र में महाविद्यालय ने "गाइडलाइन्स फार इटर्नल बैंक इन्सपेक्शन" का संशोधित, विस्तृत और अद्यतन संस्करण प्रकाशित किया है ।

१६३ आलोच्य वर्ष के दौरान रिजर्व बैंक, वाणिज्य बैंकों, विकास वित्त संस्थाओं और सरकारी विभागों तथा विदेशी केन्द्रीय और वाणिज्य बैंकों के २,०५९ अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया, इससे १९५४ में महाविद्यालय की स्थापना होने से लेकर अब तक प्रशिक्षित व्यक्तियों की कुल संख्या १४,३२५ हो गयी ।

कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, पुणे

१६४. आलोच्य वर्ष के दौरान कृषि बैंकिंग महाविद्यालय ने अपने कार्यकलापों को और बढ़ाया और उसने पिछले वर्ष के

४२ कार्यक्रमो के मुकाबले इस वर्ष ५९ कार्यक्रम चलाये । कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के लिए अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ/विश्व बैंक द्वारा मंजूर की गयी सामान्य ऋण व्यवस्था के अन्तर्गत आयोजित कृषि परियोजना पाठ्यक्रमों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के विभिन्न स्तरो के कर्मचारियो के लिए विशेष रूप से बनाये गये प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर पहले की तरह बल दिया जाता रहा ।

१६५. विभिन्न चुने हुए जिलों में कृषि ऋण संबंधी सघन विकास कार्यक्रम प्रारम्भ करने के परिणामस्वरूप कृषि बैंकिंग महाविद्यालय से यह अनुरोध किया गया कि वह इस विषय पर कार्रवाई करने वाले कतिपय सहकारी प्रशिक्षण केन्द्रों के प्रशिक्षणार्थियों के लिए पुणे में पाठ्यक्रम का आयोजन करने के अलावा दो जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंको के लिए शिमोगा में तथा धूले जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक के अधिकारियों के लिए धूले में एक-एक विशेष कार्यक्रम चलाये ।

१६६. महाविद्यालय ने कार्य संबंधी बजट तैयार करने पर एक कार्यक्रम, वृक्ष-फसलों का वित्तपोषण करने पर एक कार्यक्रम और गोवा राज्य सहकारी बैंक तथा गोवा में स्थित चार शहरी सहकारी बैंको के बोर्डों के ऐसे सदस्यों के लिए जो अधिकारी वर्ग के नहीं हैं, एक कार्य अभिमुखता कार्यक्रम जैसे कई नये कार्यक्रम चलायें । इन कार्यक्रमो के प्रति इनमें भाग लेने वालो ने काफी अभिरुचि दर्शायी ।

१६७. प्रशिक्षको की प्रशिक्षण संस्था के रूप में उभरने वाली अपनी नयी भूमिका के संदर्भ में कृषि बैंकिंग महाविद्यालय ने वाणिज्य और सहकारी बैंको के महाविद्यालयों के कृषि वित्त संबंधी प्रशिक्षको के लिए दो नये कार्यक्रम चलाये । कृषि बैंकिंग महाविद्यालय द्वारा जून १९७७ में आयोजित वाणिज्य और सहकारी बैंको के प्रशिक्षण महाविद्यालयो के प्रधानाचार्यों के दो दिन के सम्मेलन में लिये गये निर्णय के परिणामस्वरूप यह कदम उठाया गया; उक्त सम्मेलन में कृषि वित्त संबंधी प्रशिक्षण और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के समन्वयन से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श किया गया था ।

१६८. कृषि बैंकिंग महाविद्यालय राज्य एवं मध्यवर्ती सहकारी बैंकों के प्रबन्ध कर्मचारियों तथा रिजर्व बैंक के अपने अधिकारियो के लिए भी नियमित कार्यक्रम आयोजित करता रहा तथा विभिन्न बैंकों से प्राप्त विशिष्ट अनुरोधों के कारण व्यापक विषयों पर बाहर के केन्द्रों में भी कार्यक्रम चलाये ।

१६९. सितम्बर १९६९ में महाविद्यालय की स्थापना हुई; तब से लेकर अब तक इस महाविद्यालय में विभिन्न बैंको तथा अन्य संस्थाओं के ८,६२८ अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है और आलोच्य वर्ष के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त अधिकारियों की संख्या १,६७२ है ।

स्टाफ महाविद्यालय, मद्रास

१७०. स्टाफ अधिकारी विकास कार्यक्रम, निरीक्षण अधिकारी कार्यक्रम, अंतर-गतिशीलता कार्यक्रम और सहायक कोषाधिकारियो के कार्यक्रम जैसे अपने नियमित कार्यक्रमो की श्रृंखला के अलावा महाविद्यालय ने नये भर्ती हुए ग्रेड 'ए' और ग्रेड 'बी' के अधिकारियों (सीधे भर्ती हुए) के लिए कई प्रवेश पाठ्यक्रम भी चलाये । प्रवेश पाठ्यक्रमों के पाठ्य विवरणों और अवधि का सावधानी से पुनरीक्षण किया गया तथा पाठ्यक्रमों के स्वरूप में इस प्रकार परिवर्तन किया गया कि उनकी उपयोगिता बढ़ सके । सीधे भर्ती हुए अधिकारियों के लिए दो वर्ष तक होने वाले संस्थागत और विभागीय प्रशिक्षण की संपूर्ण योजना का परीक्षित अधिकारियों तथा पिछले दलों के प्रशिक्षणार्थी अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के परिप्रेक्ष्य में बारीकी से मूल्यांकन किया गया और उसमें संपूर्ण परिवर्तन किया गया ।

१७१. महाविद्यालय पहले की तरह सरकारी क्षेत्र के बैंको के अधिकारियों के लिए गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम और राज्य, मध्यवर्ती और प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंको के प्रबन्ध कर्मचारियो के लिए भी प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाता रहा । ये प्रशिक्षण कार्यक्रम अस्थायी रूप से कृषि बैंकिंग महाविद्यालय द्वारा इस महाविद्यालय को अन्तरित किये गये थे ।

१७२. पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष स्टाफ महाविद्यालय द्वारा चलाये गये पाठ्यक्रमो में विदेशी केन्द्रीय बैंको के अधिकारियों ने भाग लिया । बैंक आफ युगांडा के दो अधिकारियो तथा बैंक आफ घाना के एक अधिकारी ने निरीक्षण अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया । भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के अधिकारी पहली बार विदेशी मुद्रा संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए नामित किये गये ।

१७३ १९६३ में जब महाविद्यालय की स्थापना हुई तब से लेकर अब तक यहां जिन कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है उनकी कुल संख्या ६,५३३ है और आलोच्य वर्ष के दौरान प्रशिक्षित कर्मचारियो की संख्या ५५९ थी ।

आंचलिक प्रशिक्षण केन्द्र

१७४. आंचलिक प्रशिक्षण केन्द्र कनिष्ठ और वरिष्ठ स्तरो के लिपिक कर्मचारियों के लिए पहले की तरह प्रवेश और उच्च पाठ्यक्रम चलाते रहे । इनके अतिरिक्त जिन कर्मचारियों को स्टाफ अधिकारी ग्रेड 'ए' की अर्हता संबंधी लिखित परीक्षा में बैठने के लिए चुना गया था उनके लिए भी प्रारम्भिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किये गये । ग्रेड 'ए' और 'बी' के प्रशिक्षणार्थी अधिकारियों (सीधे भर्ती हुए) के लिए उचित तथा योजनाबद्ध ढंग से विभागीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने की जिम्मेदारी भी आंचलिक प्रशिक्षण केन्द्रों को सौंपी गयी ।

१७५. आंचलिक प्रशिक्षण केन्द्रों ने अपनी स्थापना से लेकर अब तक कुल १४,६६८ कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया है ।

राष्ट्रीय बैंक प्रबन्ध संस्थान

१७६ विशेष कार्यक्रमों, परियोजनाओं, कार्यशालाओं, सम्मेलनों आदि की सहायता से प्रशिक्षण प्रदान करने के क्षेत्र में राष्ट्रीय बैंक प्रबन्ध संस्थान ने अपने कार्यकलाप जारी रखे । सरकारी क्षेत्र के प्रमुख बैंको की कार्य-बजट तैयार करने की प्रणाली का गहन अध्ययन आलोच्य वर्ष के दौरान किया गया । इसी प्रकार दस राष्ट्रीयकृत बैंको की कार्य-बजट प्रणाली का पुनरीक्षण भी किया गया ।

१७७. इस संस्थान ने एशियन डेवेलपमेन्ट बैंक की ओर से नेपाल के एग्रिकल्चरल डेवेलपमेन्ट बैंक के लिए कृषि ऋण प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने का महत्वपूर्ण कार्य पूरा किया ।

१७८. भर्ती संबंधी जांच परीक्षा के क्षेत्र में ३०० से भी अधिक परीक्षायें चलायी गयीं और उनमें भाग लेने वाले उम्मीदवारो की संख्या ४,५०,००० से अधिक थी । इस वर्ष की एक उल्लेखनीय विशेषता यह थी कि ९ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने शाखा प्रबन्धकों, क्षेत्र अधिकारियों, क्षेत्र लिपिकों/सहायकों की भर्ती करने में संस्थान की सेवाओं का लाभ उठाया ।

कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति

१७९. अखिल भारतीय तथा राज्य स्तरीय संघों, प्रबन्ध संस्थानों तथा इसी प्रकार के अन्य निकायों द्वारा आयोजित प्रबन्ध विकास से संबंधित अल्पकालीन पाठ्यक्रमों में बैंक पूर्ववत् अपने अधिकारियों को प्रतिनियुक्त करता रहा । इसके अलावा बैंक ने अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक के आर्थिक विकास संस्थान, अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के संस्थान और बैंक आफ इंग्लैंड द्वारा चलाये गये प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए भी अपने अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया । पश्चिम जर्मनी, अमेरिका, ब्रिटेन, इटली, स्विट्जरलैंड, नीदरलैंडस् और फ्रांस की बैंकिंग और वित्तीय संस्थाओं में अल्पकालीन अध्ययन के लिए भी बैंक के अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया । विदेशी केन्द्रीय और वाणिज्य बैंकों के नामित अधिकारियों को भी बैंक पूर्ववत् प्रशिक्षण एवं अध्ययन की सुविधाएं प्रदान करता रहा । भारत सरकार के भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहकारिता कार्यक्रम के अधीन प्रशिक्षण के लिए दि अफगानिस्तान बैंक द्वारा प्रतिनियुक्त पांच प्रशिक्षणार्थियों के एक दल का इस संदर्भ में विशेष उल्लेख किया जा सकता है । इनके अतिरिक्त नेपाल, बंगला देश, मलेशिया, फिलिपाइन्स, थाइलैंड, सियरा लिओन, सूडान, तंजानियां युगांडा और जांबिया से भी प्रशिक्षणार्थी आये ।

आवास ऋण योजना

१८०. वर्ष १९६१ में इस योजना के प्रारम्भ होने से लेकर अब तक मंजूर किये गये 'समिति' और 'व्यक्तिगत' ऋणों की कुल राशि क्रमशः रु. ६,९१,७४,६८९.०० और रु. ५,३४,६९,६४९,०० है । कुल ४,३८७ कर्मचारियों ने इस सुविधा का लाभ उठाया है ।

१८१.१ जुलाई १९७७ से ३० जून १९७८ तक की अवधि के दौरान निम्न प्रकार आवास ऋण मंजूर किये गये :—

सहकारी गृह निर्माण समितिया	समितियों की संख्या	राशि रु०
(क) नयी सहकारी समितियां	2	8,45,736.00
पहले ही गठित सहकारी गृह निर्माण समितियो के लिए मंजूर किए गये अतिरिक्त ऋण	5	2,76,792.00
		11,22,528.00

अलग-अलग कर्मचारियों को प्रदान किये गये ऋण	कर्मचारियों की संख्या	राशि रु०
(ख) नये ऋण	174	53,95,572.00
ऐसे कर्मचारियों को प्रदत्त अतिरिक्त ऋण जिन्होंने पहले ही ऋण प्राप्त किये है	53	10,21,520.00
		64,17,092.00

मालिक-कर्मचारी संबंध

१८२. दो मान्यता प्राप्त अखिल भारतीय संघों, अर्थात् श्रेणी द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ के कामगार कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले अखिल भारतीय रिजर्व बैंक कर्मचारी संघ और अखिल भारतीय रिजर्व बैंक कामगर महासंघ ने जुलाई १९७७ के अन्त में अपने मांग घोषणा पत्र पर समझौता वार्ता प्रारम्भ कराने के लिए देशव्यापी आन्दोलन शुरू किया । आन्दोलन संबंधी कार्यक्रम वर्ष १९७७ के अन्त तक बीच-बीच में चलाया जाता रहा और उसके बाद मुख्य श्रम आयुक्त (केन्द्रीय) द्वारा इस मामले में हस्तक्षेप किये जाने पर उसे स्थगित कर दिया गया । मुख्य श्रम आयुक्त (केन्द्रीय) ने १३ जनवरी १९७८ को बैंक के प्रतिनिधियों और अखिल भारतीय रिजर्व बैंक कर्मचारी संघ एवं अखिल भारतीय रिजर्व बैंक कामगार महासंघ के प्रतिनिधियों के बीच समझौता संबंधी कार्रवाई शुरू की । मुख्य श्रम आयुक्त द्वारा बैंक तथा अखिल भारतीय रिजर्व बैंक कामगार संगठन के बीच भी इसी प्रकार की समझौता बैठकें प्रारम्भ की गयी है । इन संगठनों के साथ विचार-विमर्श/समझौता वार्ता की प्रक्रिया जारी है ।

१८३. अधिकारियों, स्टाफ अधिकारियों और कामगार कर्मचारियों के अखिल भारतीय/स्थानीय स्तरों के संघों के प्रतिनिधियों के साथ भी समझौता सम्मेलन पहले की तरह आयोजित किये जाते रहे । दिनांक १७ अप्रैल १९७८ को गवर्नर के साथ स्टाफ अधिकारी संघ के प्रतिनिधियों की बैठक हुई । बैंक/गवर्नर के साथ अधिकारियों के संघ की बैठकें ७ नवम्बर १९७७ और ३ फरवरी १९७८ को हुई ।

गृह पत्रिका

१८४. बैंक की गृह पत्रिका 'विकाउट रिजर्व' को भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने मुद्रण और अभिकल्पन की उत्कृष्टता के लिए गृह पत्रिकाओं के वर्ग में १९वें राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया ।

प्रेस संपर्क

१८५. प्रेस संपर्क अनुभाग बैंक के विभिन्न विभागों एवं उसकी सहयोगी संस्थाओं अर्थात् कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम तथा निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारन्टी निगम के प्रचार तथा प्रेस संपर्क कार्य का समन्वय करता रहा । अंग्रेजी और हिन्दी में प्रकाशित किये जाने वाले अपने नियमित पाक्षिक रिजर्व बैंक न्यूज लेटर के अतिरिक्त इस अनुभाग ने आलोच्य वर्ष के दौरान कृषि तथा उससे संबंधित कार्यकलापों को वित्तीय सहायता प्रदान करने में वाणिज्य बैंकों द्वारा की गयी प्रगति पर प्रकाश डालते हुए एक सचित्र विवरणात्मक पुस्तिका भी प्रकाशित की । बैंक जमाराशियों को बीमाकृत करने की आवश्यकता को सरल भाषा में स्पष्ट करते हुए एक फोल्डर पुस्तिका भी प्रकाशित की गयी । भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों को विदेशी मुद्रा नियंत्रण से

संबंधित जिन औपचारिकताओं का पालन करना है उन पर पिछले वर्ष प्रकाशित फोल्डर पुस्तिका को इस वर्ष जर्मन, फ्रेंच, स्पेनिश और अरबी भाषाओं में प्रकाशित किया गया । प्रेस संपर्क अनुभाग की सहायता और सहयोग से कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने मुर्गीपालन तथा डेरी विकास की योजनाएं तैयार करने के संबंध में दो पत्रक प्रकाशित किये । भारतीय राष्ट्रिकता या मूल के अनिवासी व्यक्तियों को भारत में निधियां प्रेषित करने के लिए उपलब्ध सुविधाओं तथा विदेशों में रहने वाले भारतीयों पर लागू होने वाले विदेशी मुद्रा नियंत्रण संबंधी विनियमों से संबंधित विवरणिकाओं के संशोधित संस्करण भी आलोच्य वर्ष के दौरान प्रकाशित किये गये ।

हिन्दी का संवर्धन

१८६. आलोच्य वर्ष के दौरान राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग) नियम, १९७६ के उपबन्धों को बैंक के आन्तरिक कामकाज में क्रमबद्ध रूप से कार्यान्वित करने के लिए बैंक ने विभिन्न कदम उठाये । इनमें से अधिक महत्वपूर्ण कदम निम्न प्रकार हैं : (१) जैसा कि पिछले वर्ष की रिपोर्ट में सूचित किया गया था, क्षेत्र 'क' और 'ख' में स्थित बैंक के कार्यालयों में शीघ्र ही हिन्दी कक्षों की स्थापना की जाएगी । ऐसे कक्षों तथा केन्द्रीय कार्यालय के हिन्दी प्रभाग के लिए हिन्दी अधिकारियों का चयन किया जा चुका और उनकी नियुक्ति की जा रही है, (२) क्षेत्र 'क' में स्थित बैंक के कार्यालयों के कर्मचारियों को अब ग्रेड 'ए' और 'बी' के स्टाफ अधिकारियों के स्तर तक प्रस्तुत किये जाने वाले अनुभागीय टिप्पणों तथा प्रारूप लेखन में हिन्दी का प्रयोग करने की अनुमति दी गयी है बशर्ते कि संबंधित अधिकारी हिन्दी का ज्ञान रखते हों, (३) हिन्दी टिप्पण, प्रारूप लेखन आदि का प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से चुने हुए अधिकारियों तथा लिपिकों के लिए कानपुर और नयी दिल्ली कार्यालयों में दो दिन की हिन्दी कार्यशालाएं चलायी गयीं । इन कार्यशालाओं के प्रति कर्मचारियों की अभिरुचि अत्यन्त उत्साहजनक रही है । अत: यह भी विचार है कि क्षेत्र 'क' और 'ख' में स्थित हमारे कार्यालयों में ऐसी और कार्यशालाएं चलायी जाएं । मार्गदर्शन के लिए कार्यशाला सामग्री भी तैयार की गयी ।

१८७. बैंक में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग के लिए निम्नलिखित कदम उठाये गये : (१) क्षेत्र 'ख' में स्थित कार्यालयों को यह सूचित किया गया है कि वे श्रेणी तृतीय और चतुर्थ के कर्मचारियों से संबंधित समस्त परिपत्रों, कार्यालय आदेशों आदि को द्विभाषिक रूप में जारी करें । क्षेत्र 'क' में स्थित कार्यालय और केन्द्रीय कार्यालय के प्रशासन और कार्मिक विभाग, लेखा और व्यय विभाग तथा परिसर विभाग ऐसे परिपत्र आदि पहले से ही द्विभाषिक रूप में जारी कर रहे हैं । जैसा कि पिछले वर्ष की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया था, क्षेत्र 'क' में स्थित कार्यालयों से यह अनुरोध किया गया है कि वे, जहां तक हो सके, सभी श्रेणियों के कर्मचारियों से संबंधित परिपत्र और कार्यालय आदेश द्विभाषिक रूप में जारी करें । (२) लघु उद्योगों के लिए बनायी गयी ऋण गारंटी योजना के प्रयोजन के लिए निर्दिष्ट ऋण संस्थाओं से संबंधित परिपत्र औद्योगिक वित्त विभाग द्वारा अब द्विभाषिक रूप में जारी किये जा रहे हैं । सभी बैंकों और राज्य सरकारों, सहकारी समितियों के पंजीयकों आदि को संबोधित परिपत्र क्रमश: बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग तथा कृषि ऋण विभाग द्वारा पहले से ही द्विभाषिक रूप में जारी किये जा रहे हैं । (३) यह निर्णय किया गया है कि क्षेत्र 'क' और 'ख' में स्थित समस्त कार्यालय आदि अपना तार का पता अंग्रेजी के अलावा हिन्दी में भी पंजीकृत करायें । इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है ।

१८८. राजभाषा अधिनियम, १९६३ की धारा ३ में उल्लिखित प्रेस विज्ञप्तियां, नोट, सारांश, अधिसूचनाएं, सूचनाएं, लाइसेंस आदि प्रलेख पहले की तरह द्विभाषिक रूप में जारी किये जाते रहे । बैंक के सभी कार्यालय, विभाग, आदि हिन्दी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिन्दी में ही देते रहे । क्षेत्र 'क' में स्थित कार्यालय क्षेत्र 'क' और 'ख' के साथ चयनात्मक रूप से अपना मूल पत्राचार हिन्दी में करने लगे हैं ।

१८९. आलोच्य वर्ष के दौरान बैंक की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तीन बैठकें हुईं और इन बैठकों में बैंक तथा उसकी सहयोगी संस्थाओं में हिन्दी के प्रयोग में हुई प्रगति का पुनरीक्षण करने के बाद हिन्दी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए विभिन्न निर्णय किये गये । बैंक के नयी दिल्ली, कानपुर, जयपुर और पटना कार्यालयों में स्थानीय राजभाषा कार्यान्वयन समितियां कार्य करती रहीं और बैंक द्वारा हिन्दी के प्रयोग के संबंध में जारी किये गये अनुदेशों को कार्यान्वित करने में की गयी प्रगति का पुनरीक्षण करने के लिए समय-समय पर इन समितियों की बैठकें होती रहीं ।

१९०. बैंक अपनी वार्षिक रिपोर्ट तथा अपनी सहयोगी संस्थाओं की वार्षिक रिपोर्टों का हिन्दी संस्करण प्रकाशित करता रहा । इस वर्ष के दौरान मुद्रा और वित्त की रिपोर्ट १९७५-७६ और १९७६-७७ हिन्दी में प्रकाशित की गयीं । हिन्दी खण्ड के साथ रिजर्व बैंक के मासिक बुलेटिन और त्रैमासिक गृह पत्रिका 'विदाउट रिजर्व' का प्रकाशन होता रहा । पाक्षिक 'रिजर्व बैंक न्यूज लेटर' भी नियमित रूप से हिन्दी में प्रकाशित किया जाता रहा । कृषि ऋण विभाग द्वारा प्रकाशित को-आपरेटिव न्यूज डाइजेस्ट के जुलाई और दिसम्बर १९७७ के अंकों में हिन्दी खण्ड सम्मिलित किया गया । कार्यालयीन टिप्पण, पत्राचार आदि में सामान्य रूप से प्रयुक्त मुहावरों और अभिव्यक्तियों की एक प्रशासनिक शब्दावली (अंग्रेजी-हिन्दी) इस वर्ष प्रकाशित की गयी और उसकी प्रतियां समस्त कर्मचारियों को वितरित की गयीं । इस वर्ष अंग्रेजी-हिन्दी बैंकिंग शब्दावली का कार्य पूरा हुआ । उसका मुद्रण बाद में किया जाएगा ।

१९१. बैंक के स्टाफ के लिए स्वैच्छिक और अनिवार्य, दोनों प्रकार की हिन्दी शिक्षण योजनाओं के अन्तर्गत हिन्दी कक्षाएं चलायी जाती रहीं । किन्तु क्षेत्र 'क' और 'ख' में स्वैच्छिक योजना को भी अनिवार्य योजना में बदल दिया गया । कर्मचारियों को शिक्षा मंत्रालय के हिन्दी पत्राचार पाठ्यक्रमों की सुविधा का लाभ उठाने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया । हमारे टंककों आशुलिपिकों और वैयक्तिक सहायकों को हिन्दी टंकण/आशुलिपि में प्रशिक्षित कराने के उद्देश्य से आलोच्य वर्ष के दौरान क्षेत्र 'क' और 'ख' में स्थित हमारे कार्यालयों में अन्तर्सेवाकालीन अनिवार्य हिन्दी टंकण/आशुलिपि प्रशिक्षण योजना प्रारम्भ की गयी । मान्यता प्राप्त हिन्दी परीक्षाओं/हिन्दी टंकण/हिन्दी आशुलिपि परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर हमारे स्टाफ को मानदेय प्रदान करने की योजना जारी रही । यह निर्णय भी किया गया कि नयी दिल्ली और भायखला (बम्बई) में स्थित हमारे आंचलिक प्रशिक्षण केन्द्रों में लिपिक ग्रेड प्रथम और द्वितीय के लिए चलाये जाने वाले पाठ्यक्रमों में हिन्दी को एक विषय के रूप में शामिल किया जाए । इस निर्णय को मई/जून १९७८ से अमल में लाया गया है ।

१९२. यह भी निश्चय किया गया है कि यदि ग्रेड 'ए' और 'बी' में सीधे भर्ती होने वाले अधिकारियों ने पहले ही एक विषय के रूप में हिन्दी के साथ मैट्रिक या उसकी समकक्ष परीक्षा या मैट्रिकुलेशन परीक्षा में हिन्दी के स्तर के बराबर स्वीकृत कोई हिन्दी परीक्षा उत्तीर्ण न की हो तो उन अधिकारियों को बैंक की सेवा में आने की तारीख से ५ वर्ष की अवधि के भीतर भारत सरकार की प्राज्ञ परीक्षा या उसकी समकक्ष कोई हिन्दी परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी । यदि वे निर्दिष्ट अवधि के भीतर उक्त परीक्षा उत्तीर्ण न करें तो उनकी वेतन वृद्धि को तब तक रोक दिया जायेगा जब तक कि वे परीक्षा उत्तीर्ण नहीं करते ।

बैंक की सेवा में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों का प्रतिनिधित्व

१९३. मूल पात्रता संबंधी मानकों तथा अर्हता संबंधी मानदंडों में दी गयी छूट, बैंक की सेवा में आरक्षित पदों का अधिक व्यापक प्रचार और अनुसूचित जातियों या जनजातियों आदि के लिए सीमित रखी गयी विशेष भर्ती जैसे जिन उपायों का ब्योरा पिछली रिपोर्टों में दिया गया था वे इस वर्ष के दौरान भी जारी रहे । आलोच्य वर्ष के दौरान निर्णय किया गया कि अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए आरक्षित रिक्त पदों की घोषणा आकाशवाणी के विभिन्न केन्द्रों से प्रभारित की जाए ताकि उन सुदूर क्षेत्रों में, जहां समाचार पत्र आसानी से उपलब्ध नहीं होते, रहने वाले अनुसूचित जातियों और जनजातियों के संभाव्य उम्मीदवारों को ऐसे रिक्त पदों की सूचना प्राप्त हो जाए । इसके परिणामस्वरूप बैंक की सेवा में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व में और वृद्धि हुई है । जहां पहली जनवरी १९७७ को अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कर्मचारियों की संख्या श्रेणी चतुर्थ, श्रेणी तृतीय और श्रेणी द्वितीय तथा प्रथम में क्रमशः १२९२, १९९५ और ८५ थी वहां पहली जनवरी १९७८ को बढ़कर क्रमशः १४६६, २१७४ और १०० हो गयी है ।

१९४. किन्तु श्रेणी तृतीय के विभिन्न संवर्गों में अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों की भर्ती में जो कमी रही है वह अभी पूरी नहीं हो पायी है । इसका कारण यह है कि बैंक के कुछ क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा प्रकाशित विज्ञापनों के संदर्भ में अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों ने पर्याप्त संख्या में आवेदन नहीं किया था । लिपिक ग्रेड द्वितीय/सिक्का नोट परीक्षक ग्रेड द्वितीय और टकक संवर्गों में अनुसूचित जन जातियों के लिए क्रमशः आरक्षित लगभग २०० और २५ पदों के लिए अखिल भारतीय स्तर पर एक विज्ञापन जारी किया गया और इस विज्ञापन के आधार पर प्राप्त आवेदनपत्रों की संख्या काफी उत्साहवर्धक रही । ऐसी आशा है कि उक्त २ संवर्गों के लिए जब एक बार अखिल भारतीय स्तर पर सूची तैयार हो जाती है तो जिन क्षेत्रीय कार्यालयों में इस प्रकार की भर्ती होना अभी शेष है, वहां उसे पूरा किया जा सकेगा ।

१९५. निर्धारित कोटे से अधिक स्टाफ आफिसर ग्रेड "ए" पदों के लिए अनुसूचित जातियों और जनजातियों के अतिरिक्त उम्मीदवारों को भर्ती करने की जिस नीति का उल्लेख पिछली रिपोर्टों में किया गया था वह आलोच्य वर्ष के दौरान भी जारी रही । इसके अलावा स्टाफ आफिसर ग्रेड "ए" तथा "बी" (सीधी भर्ती) के पदों के लिए निर्धारित शैक्षणिक मानदण्ड को अनुसूचित जातियों और जनजातियों के संदर्भ में कम कर सिर्फ स्नातक कर दिया गया है जब कि सामान्य उम्मीदवारों के लिए निर्धारित शैक्षणिक मानदण्ड द्वितीय श्रेणी की स्नातक उपाधि है ।

१९६. पदोन्नति द्वारा भरे जाने वले रिक्त पदों में अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए आरक्षण की जो योजना है उसका इस वर्ष के दौरान पुनरीक्षण किया गया और यह निश्चय किया गया है कि स्टाफ आफिसर ग्रेड "ए" के संवर्ग में की जाने वाली पदोन्नति जहां अब तक चुनाव पर आधारित समझी जाती थी वहां अब पात्रता की शर्त पर वरीयता के आधार पर समझी जानी चाहिए ।

१९७. स्टाफ क्वार्टर के आबंटन में भी अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए १० प्रतिशत की दर पर निर्धारित आरक्षण की पूर्ति इस वर्ष पूर्ण रूप से की गयी ।

१९८. आलोच्य वर्ष के दौरान बैंक में अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए कार्यरत संपर्क अधिकारी ने पटना, गौहाटी, बंगलूर, भायखला, नागपुर तथा अहमदाबाद स्थित बैंक के कार्यालयों द्वारा रखी गयी सूचियों का भी निरीक्षण किया ।

लेखा

१९९. ३० जून १९७८ को समाप्त हुए लेखा वर्ष के दौरान विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए समायोजन करने के बाद बैंक को ६६१.८१ करोड़ रुपयों की आय हुई जबकि पिछले वर्ष उसे ५८७.२६ करोड़ रुपयों की आय हुई थी । विभिन्न स्रोतों से प्राप्त आय का विवरण निम्न प्रकार है :

(राशि करोड़ रुपयों में)

	वर्ष	
	1977–78	1976–77
(i) राज्य सरकारों को दिये गये अर्थोपाय अग्रिमों पर ब्याज	27.79	15.51
(ii) राज्य सरकारों को (उपर्युक्त मद (i) में उल्लिखित अर्थोपाय अग्रिमों को छोड़कर), तथा वाणिज्य और सहकारी बैंकों को दिये गये ऋणों और अग्रिमों पर ब्याज	101.42	126.75
(iii) रुपया प्रतिभूतियों पर ब्याज तथा रुपया खजाना बिलों पर बट्टा	275.56	263.46
(iv) विदेशी प्रतिभूतियों, निवेशों और खजाना बिलों पर ब्याज तथा बट्टा	313.53	190.94
(v) कमीशन और लाभ तथा विदेशी मुद्रा विनिमय द्वारा प्राप्त आय	1.49	6.51
(vi) अन्य आय	8.65	10.01
	728.44	613.18
घटाइये रिजर्व बैंक के पास अनुसूचित बैंकों द्वारा रखी गयी अतिरिक्त औरात दैनिक जमाराशियों पर दिया गया ब्याज	66 63	25.92
	661 81	587.26
घटाइये : नीचे के पैरा 2 में उल्लिखित निधियों में अंतरण	345.00	290.00
	316.81	297.26

२०० राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि, राष्ट्रीय कृषि ऋण (स्थिरीकरण) निधि तथा राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि में वर्ष १९७७-७८ के दौरान क्रमश: ११५ करोड़ रुपयो, २० करोड रुपयो और २०० करोड रुपयो का अशदान किया गया जबकि वर्ष १९७६-७७ के दौरान उक्त अशदान की राशि क्रमश: ९५ करोड़ रुपय, और १७५ करोड रुपये थी ।

२०१ इस वर्ष किये गये ११६ ८१ करोड रुपयो के व्यय को ३१६ ८१ करोड रुपयो की शेष आय में से निकालने के बाद (पिछले वर्ष की शेष आय २९७ २६ करोड रुपय थी तथा व्यय-राशि ९७ २६ करोड रुपये थी) केन्द्रीय सरकार को अदा करने के लिए अलग रख गये लाभ की अधिशेष राशि (पिछले वर्ष के समान ही) २०० करोड रुपये थी

२०२ पिछले वर्ष की ५८७ २६ करोड रुपयो की कुल आय मे इस वर्ष ७४:५५ करोड रुपयो की वृद्धि हुई और वह बढ़कर ६६१ ८१ करोड रुपये हो गयी । इस वृद्धि के मुख्य कारण निम्न प्रकार थे :

(१) इस वर्ष के दौरान बढ़ायी गयी प्रारक्षित विदेशी मुद्रा निधियो पर उच्चतर ब्याज प्राप्त हुआ ।

(२) रुपया खजाना बिलो पर प्राप्त उच्चतर बट्टा, अनुसूचित बैंको को रिजर्व बैंक के पास जो अतिरिक्त नकदी प्रारक्षित निधि रखनी होती है उस पर अधिक ब्याज अदा किये जाने से उक्त बट्टे की राशि आशिक रूप से समायोजित हुई ।

२०३ व्यय में १९ ५५ करोड रुपयो की वृद्धि हुई उसका प्रमुख कारण स्थापना व्यय तथा चेक/ड्राफ्ट फार्मों आदि के मुद्रण के व्यय में हुई वृद्धि थी ।

लेखा परीक्षक

२०४ बैंक की लेखा परीक्षा मेसर्स के एस अय्यर एण्ड कम्पनी, बम्बई, मेसर्स के एन गुटगुटिया एण्ड कम्पनी, कलकत्ता, मेसर्स रघुनाथ राय एण्ड कम्पनी, नयी दिल्ली तथा मेसर्स सुन्दरम एण्ड श्रीनिवासन, मद्रास द्वारा की गयी । भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, १९३४ (१९३४ का २) की धारा ५० के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियो का प्रयोग करते हुए जारी किये गये दिनाक ९ मई १९७८ के अपने पत्र सख्या १(२) एकाउन्ट्स द्वारा भारत सरकार ने उन्हे लेखा परीक्षक के रूप मे पुन: नियुक्त किया था । इस वर्ष बैंक के सांविधिक लेखा परीक्षको द्वारा बम्बई, कलकत्ता, मद्रास और नयी दिल्ली स्थित कार्यालयो के अलावा नागपुर तथा लखनऊ की शाखाओ की लेखा बहियों की भी परीक्षा की गयी । लेखा परीक्षको का पारिश्रमिक केन्द्रीय कार्यालय, बम्बई, कलकत्ता, नयी दिल्ली, मद्रास और नागपुर कार्यालयो मे से प्रत्येक कार्यालय के लिए १५,००० रुपये तथा लखनऊ शाखा के लिए १०,००० रुपये निश्चित किया गया है ।

भारतीय रिजर्व बैंक

30 जून 1978 तक का तुलन-पत्र

इशू विभाग

देयताए	रु०	पै०	रु०	पै०	आस्तियां	रु०	पै०	रु०	पै०
बैंकिंग विभाग मे रखे हुए नोट	12,81,13,106	00			सोने का सिक्का और बुलियन —				
सचलन मे नोट	9347,69,88,617	50			(क) भारत मे रखा हुआ	214,21,78,319	03		
					(ख) भारत के बाहर रखा हुआ				
जारी किये गये कुल नोट			9360,51,01,723	50	विदेशी प्रतिभूतियां	2145,32,65,142	40		
					जोड			2359,54,43,461	43
					रुपये का सिक्का			20,76 54,536	25
					भारत सरकार की रुपया प्रतिभूतिया			6980,20,03,725	82
					देशी विनिमय बिल और दूसरे वाणिज्य पत्र				
कुल देयताएं			9360,51,01,723	50	कुल आस्तियां			9360,51,01,723	50

भारतीय रिजर्व बैंक

30 जून, 1978 तक का तुलन-पत्र

बैंकिंग विभाग

देयताएं	रु० पै०	आस्तियां	रु० पै०
चुकता पूंजी	5,00,00,000.00	नोट	12,81,13,106.00
प्रारक्षित निधि	150,00,00,000.00	रुपये का सिक्का	2,55,968.00
राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि	610,00,00,000.00	छोटा सिक्का	3,39,976.06
राष्ट्रीय कृषि ऋण (स्थिरीकरण) निधि	195,00,00,000.00	खरीदे और भुनाये गये बिल :—	
राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि	915,00,00,000.00	(क) देशी	101,32,10,871.53
		(ख) विदेशी	..
जमाराशियां:—		(ग) सरकारी खजाना बिल	1138,94,67,266.11
(क) सरकारी		विदेशों में रखा हुआ बकाया*	1687,54,55,324.86
(i) केन्द्रीय सरकार	377,00,03,649.09	निवेश§	1092.51,85,845.67
(ii) राज्य सरकारें	18,17,96,325.01	ऋण और अग्रिम :—	
		(i) केन्द्रीय सरकार को	..
(ख) बैंक		(ii) राज्य सरकारों को†	14,59,00,000.00
(i) अनुसूचित वाणिज्य बैंक	2137,76,92,605.39		
(ii) अनुसूचित राज्य सहकारी बैंक	70,27,84,425.86	ऋण और अग्रिम :—	
(iii) गैर अनुसूचित राज्य सहकारी बैंक	2,40,36,994.63	(i) अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को‡	334,71,18,525.02
(iv) अन्य बैंक	3,19,73,719.36	(ii) राज्य सहकारी बैंकों को@	321,13,25,100.00
		(iii) दूसरों को	3,78,25,000.00
(ग) अन्य	2016,75,46,926.29	राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि से ऋण, अग्रिम और निवेश	
देय बिल	167,24,66,578.15	(क) ऋण और अग्रिम:—	
अन्य देयताएं£	625,14,20,026.04	(i) राज्य सरकारों को	110,78,59,592.00
		(ii) राज्य सहकारी बैंकों को	19,10,92,529.33
		(iii) केन्द्रीय भूमि बन्धक बैंकों को	..
		(iv) कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम को	216,80,00,000.00
		(ख) केन्द्रीय भूमि बन्धक बैंकों के डिबेंचरों में निवेश	7,86,77,345.00
		राष्ट्रीय कृषि ऋण (स्थिरीकरण) निधि से ऋण और अग्रिम राज्य सहकारी बैंकों को ऋण और अग्रिम	138,47,68,085.00
		राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि से ऋण, अग्रिम और निवेश :—	
		(क) विकास बैंक को ऋण और अग्रिम	688,45,34,579.00
		(ख) विकास बैंक द्वारा जारी किये गये बांडों/डिबेंचरों में निवेश	..
		अन्य आस्तियां‡	1404,05,92,136.24
कुल देयताएं	7292,97,21,249 82	कुल आस्तियां	7292,97,21,249.82

अंशतः चुकता शेयरों पर 50,000 पौंड के बराबर के रु० 7,67,495.05 की आकस्मिक देयता ।

£इनमें आकस्मिकता लेखा शामिल है ।

नकदी, सावधि जमा और अल्पकालीन प्रतिभूतियां शामिल हैं ।

§(i) राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि और राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि में से किये गये निवेश शामिल नहीं हैं ।

(ii) विदेशों में विदेशी मुद्राओं में रखे हुए रु० 685,60,82,902.22 शामिल हैं।

† राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि से प्रदत्त ऋण और अग्रिम शामिल नहीं हैं।

‡ भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम की धारा 17(4) (ग) के अधीन अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के मीयादी बिलों पर अग्रिम दिये गये रु० 2,76,00,000 00 शामिल हैं।

@ राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि और राष्ट्रीय कृषि ऋण (स्थिरीकरण) निधि से प्रदत्त ऋण और अग्रिम शामिल नहीं हैं।

††अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को विशेष व्यवस्थाओं के अधीन अग्रिम दिये गये या उनमें जमा किये गये रु० 1121,47,05,750.00 शामिल हैं।

म० वि० हाटे
मुख्य लेखाकार
तारीख 28 जुलाई, 1978

आई० जी० पटेल, गवर्नर
के ०ए म० कृष्णस्वामी, उप गवर्नर
पी० आर० नांगिया, उप गवर्नर
मा० रामकृष्णय्या, उप गवर्नर

भारतीय रिजर्व बैंक

30 जून, 1978 को समाप्त वर्ष का लाभ-हानि लेखा

	रु० पै०
आय	
ब्याज, बट्टा, विनिमय शुल्क, कमीशन आदि*	316,80,54,544.74
	316,80,54,544 84
व्यय	
स्थापना व्यय	39,57,83,437.85
निदेशकों और स्थानीय बोर्डों के सदस्यों की फीस और व्यय	84,095.74
लेखा परीक्षा की फीस	1,00,000.00
किराया, कर, बीमा, बिजली आदि	2,03,30,413.15
विधि प्रभार	1,86,133.88
डाक और तार खर्च	23,13,773.87
कोष-प्रेषण	6,49,88,074.88
लेखन सामग्री आदि	60 71,170,.50
प्रतिभूति छपाई (चेक, नोट फार्म, आदि)	21,59,23,912.04
बैंक संपत्ति का मूल्यह्रास और मरम्मत	1,51,33,435.77
एजेंसी प्रभार	42,01,56,195.18
कर्मचारी उपदान और अधिवार्षिकी निधियों में अंशदान	55,00,000.00
विविध व्यय	2,14,83,076.05
उपलब्ध शुद्ध शेष राशि	200,00,00,825.83
	316,80,54,544,.74
केन्द्रीय सरकार को देय अधिशेष	200,00,00,825.83

प्रारक्षित निधि लेखा

30 जून, 1978 को शेष	150,00,00,000.00
लाभ-हानि लेखे से अन्तरित	कुछ नहीं
जोड़	150,00,00,000.00

*भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम की धारा 47 के अनुसार नियमित या आवश्यक व्यवस्थाएं करने के बाद ।

म० वि० हाटे
मुख्य लेखाकार
तारीख 28 जुलाई, 1978

आई० जी० पटेल, गवर्नर
के० एस० कृष्णस्वामी, उप गवर्नर
पी० आर० नांगिया, उप गवर्नर
भा० रामकृष्णय्या, उप गवर्नर

लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

भारत के राष्ट्रपति की सेवा में,

हम भारतीय रिजर्व बैंक के अधोहस्ताक्षरित लेखा परीक्षक इसके द्वारा 30 जून, 1978 तक के रिजर्व बैंक के तुलन-पत्र पर तथा लेखों पर केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं।

हमने केन्द्रीय कार्यालय और कलकत्ता, बम्बई (फोर्ट), मद्रास, नयी दिल्ली, नागपुर और लखनऊ के कार्यालयों के लेखों और उनसे संबंधित प्रमाणपत्रों और वाउचरों से और साथ ही, दूसरे कार्यालयों और शाखाओं के प्रबन्धकों द्वारा पेश की गयी प्रमाणित उन विवरणियों से जिन्हें उक्त तुलन-पत्र में समाविष्ट किया गया है, उपर्युक्त तुलन-पत्र की जांच कर ली है और यह सूचित करते हैं कि हमने केन्द्रीय बोर्ड से जो स्पष्टीकरण और जानकारी मांगी है, वह सारा स्पष्टीकरण और जानकारी हमें दी गयी है और यह सतोषजनक है। हमारी राय में यह तुलन-पत्र पूर्ण और सही तुलन-पत्र है। इसमें भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 और उसके अधीन बनाये गये विनियमों द्वारा निर्धारित विवरण दिये गये हैं और इसमें उक्त अधिनियम और विनियमों के अनुसार आस्तियों का मूल्य निर्धारित किया गया है। यह तुलनपत्र जहां तक हमारी जानकारी है, हमे दिये गये स्पष्टीकरणो और बैंक की बहियों के अनुसार उचित ढंग से तैयार किया गया है ताकि इससे बैंक के कार्यों की सच्ची और सही स्थिति का पता लग सके।

मेसर्स के० एस० अय्यर एण्ड कंपनी
मेसर्स के०एन०गुटगुटिया एण्ड कंपनी
मेसर्स रघुनाथ राय एण्ड कंपनी
मेसर्स सुन्दरम एण्ड श्रीनिवासन
} लेखा परीक्षक

तारीख 17 अगस्त, 1978

भारतीय रिज़र्व बैंक के तुलन-पत्र का विवरण

विवरण	निम्नांकित तारीख को समाप्त हुआ वर्ष			
	30 जून, 1976		30 जून, 1977	
	रु० पै०	रु० पै०	रु० पै०	रु० पै०
इशू विभाग				
देयताएं :				
बैंकिंग विभाग में रखे हुए नोट	24,67,21,372.00		14,67,40,673.00	
संचलन में नोट	7150,33,90,123 50		8200,46,11,617.50	
जारी किये गये कुल नोट		7175,01,11,195.50		8215,13,52,320.50
कुल देयताएं		7175,01,11,495.50		8215,13,52,320.50
आस्तियां				
सोने का सिक्का और बुलियन :				
(क) भारत में रखा हुआ	182,52,50,617.44		187,80,46,227.22	
(ख) भारत के बाहर रखा हुआ	—		—	
विदेशी प्रतिभूतियां	546,73,97,231 21		1071,73,97,234.21	
रुपये का सिक्का	15,30,04,388.73		15,42,90,909 60	
भारत सरकार की रुपया प्रतिभूतियां	6430,44 59,255.12		6940,16,17,949 47	
देशी विनिमय बिल और दूसरे वाणिज्य पत्र				
कुल आस्तियां		7175,01,11,495.50		8215,13 52,320 50
बैंकिंग विभाग				
देयताएं				
चुकता पूंजी	5,00,00,000.00		5,00,00,000.00	
प्रारक्षित निधि	150,00,00,000.00		150,00,00,000.00	
राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि	400,00,00,000.00			495,00,00,000.00
राष्ट्रीय कृषि ऋण (स्थिरीकरण) निधि	145,00,00,000.00		165,00,00,000.00	
राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि	540,00,00,000.00		715,00,00,000.00	
जमा राशियां :				
(क) सरकारी :				
(i) केन्द्रीय सरकार	63,12,38,550.20		74,13,96,368.04	
(ii) राज्य सरकारें	138,78,48,015.79		87 45,19,350.11	
(ख) बैंक :				
(i) अनुसूचित वाणिज्य बैंक	758,54,09,484.28		1588,86,21,279.82	
(ii) अनुसूचित राज्य सहकारी बैंक	60,98,94,643.18		41,16,10,904.10	
(iii) गैर अनुसूचित राज्य सहकारी बैंक	1,69,82,005.95		1,91,28,419.89	
(iv) अन्य बैंक	4,18,42,239.38		2,78,08,547.38	
(ग) अन्य	2130,62,82,282.95		2461,43,38,829.71	
देय बिल	79,91,90,407.09		157,67,77,542.38	
अन्य देयताएं	549,59,08,322.22(क)		587,41,16,192.89(क)	
कुल देयताएं		5027,45,95,951.04		6533,13,17,434.32

(क) इसमें आकस्मिकता लेखे शामिल हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक के तुलन-पत्र का विवरण (जारी)

विवरण	निम्नांकित तारीख को समाप्त हुआ वर्ष			
	30 जून 1976		30 जून 1977	
	रु० पै०	रु० पै०	रु० पै०	रु० पै०
आस्तियां				
नोट	24,67,21,372.00		14,67,40,673.00	
रुपये का सिक्का	4,01,936.00		3,17,577,00	
छोटा सिक्का	2,41,964.15		3,72,688.83	
खरीदे और भुनाये गये बिल :				
(क) देसी	138,07,60,341.67		111,99,55,457.60	
(ख) विदेशी	..		..	
सरकारी खजाना बिल	275,57,89,222.34		265,31,98,249.23	
विदेशों में रखा हुआ बकाया (घ)	1196,05,88,818.82		2180,87,88,502 19	
निवेश	565,41,66,698.86(ग)		651,09,92,341.93(ङ)	
ऋण और अग्रिम :—				
(i) केन्द्रीय सरकार को	..		..	
(ii) राज्य सरकारों को	130,06,06,000.00(च)		72,23,00,000.00(छ)	
(iii) अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को	941,98,48,796.30(ज)		962,18,07,161.46(झ)	
(iv) राज्य सहकारी बैंकों को (ञ)	156,18,63,494.00		247,74,27,833.00	
(v) दूसरों को	68,61,55,000.00		1,82,00,000.00	
राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घ-कालीन प्रवर्तन) निधि से ऋण, अग्रिम और निवेश :				
(क) ऋण और अग्रिम :				
(i) राज्य सरकारों को	75,70,25,217.55		98,33,76,218.75	
(ii) राज्य सहकारी बैंकों को	12,59,04,003 33		15,80,45,212.33	
(iii) केन्द्रीय भूमिबन्धक बैंकों को	..		..	
(iv) कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम को	138,40,00,000.00		172,60,00,000.00	
(ख) केन्द्रीय भूमि बन्धक बैंकों के डिबेंचरों में निवेश	9,82,07,720.00		8,45,82,445.00	
राष्ट्रीय कृषि ऋण (स्थिरीकरण) निधि से राज्य सहकारी बैंकों को ऋण और अग्रिम	78,74,60,968.00		116,98,76,394.00	
राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घ कालीन प्रवर्तन) निधि से ऋण, अग्रिम और निवेश				
(क) विकास बैंक को ऋण और अग्रिम	388,17,55,619.00		526,20,50,534.00	
(ख) विकास बैंक द्वारा जारी किये गये बांडों/डिबेंचरों में निवेश	.		..	
अन्य आस्तियां	827,30,98,779.02(ट)		1086,72,86,056.00 (ठ)	
कुल आस्तियां		5027,15,95,951.04		6533,13,17,134.32

टिप्पणी : 30 जून 1976 —अंशतः चुकता शेयरों पर आकस्मिक देयता रु० 8,00,000.00 (पौंड 50,000 के स्टर्लिंग निवेशों को रु० 100-0.2500 पौंड की दर पर परिवर्तित किया गया)

30 जून 1977 —(i) अंशतः चुकता शेयरों पर 50,000 पौंड के बराबर के रु० 7,60,005.47 की आकस्मिक देयता

(ii) अंशतः चुकता स्टाकों पर 2,850,000 पौंड के बराबर के रु० 4,33,20,311.91 की आकस्मिक देयता

(ख) नकदी, सावधि जमा और अल्पकालीन प्रतिभूतियां शामिल हैं।

(ग) राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि और राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि में से किये गये निवेश शामिल नहीं है।

(घ) विदेशों में रखे हुए रु० 8,37,91,214 71 (50,000 पौंड 9,002,500 00 अमेरिकी डालर और 6,60,000.00 ड्यूश मार्क के समान राशि) शामिल है।

(ङ) इसमें विदेशी मुद्राओं में विदेशों में रखे हुए रु० 3,29,33,68,067.03 शामिल है।

(च) राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि से प्रदत्त ऋण और अग्रिम शामिल नहीं हैं। परन्तु राज्य सरकारों को दिये गये अस्थायी ओवर ड्राफ्ट शामिल है।

(छ) राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि से प्रदत्त ऋण और अग्रिम शामिल नहीं हैं।

(ज) भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम की धारा 17(4)(ग) के अधीन अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को मीयादी बिलों पर अग्रिम दिये गये रु० 10,30 00,000.00 शामिल हैं।

(झ) भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम की धारा 17(4)(ग) के अधीन अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को मीयादी बिलों पर अग्रिम दिये गये रु० 8,76,00,000 00 शामिल है।

(ञ) राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि और राष्ट्रीय कृषि ऋण (स्थिरीकरण) निधि से प्रदत्त ऋण और अग्रिम शामिल नहीं है।

(ट) इसमें कतिपय अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को विशेष व्यवस्थाओं के अधीन अग्रिम दी गयी रु० 478,12,00,000.00 की राशि शामिल है ।

(ठ) इसमें अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को विशेष व्यवस्थाओं के अधीन अग्रिम दी गई या उनके पास जमा की गयी रु० 832,32,79,500.00 की राशि शामिल है।

30 जून, 1976 और 1977 को समाप्त वर्षों का लाभ-हानि लेखा

	1976		1977	
	रु०	पै०	रु०	पै०
आय				
ब्याज, बट्टा, विनिमय शुल्क कमीशन, आदि	294,99,72,239.32£		297,26,15,033.13$	
व्यय	294,99,72,239.32		297,26,15,033.13	
स्थापना	35,49,37,921.61		35,51,16,731.43	
निदेशकों और स्थानीय बोर्डों के सदस्यों की फ़ीस और व्यय	81,484.98		78,764.35	
लेखा परीक्षकों की फ़ीस	80,000.00		80,000.00	
किराया, कर, बीमा, बिजली आदि	1,58,81,750.46		1,77,77,553.30	
विधि प्रभार	1,03,769.71		1,67,701.32	
डाक और तार खर्च	19,48 335.00		24,25,466.26	
कोष प्रेषण	46,78.237.46@		75 63,473.14	
लेखन सामग्री आदि	54,31,080.33		46,79,950.56	
प्रतिभूति छपाई (चेक, नोट फार्म, आदि)	14,38,45,495.76		19,37,48,200.38	
बैंक संपत्ति का मूल्यह्रास और मरम्मत	1,31,96,766.72		1,32,85,511.02	
एजेंसी प्रभार	43,01,12,622.71*		35,50,33,446.77	
कर्मचारी और अधिवार्षिक निधियों में अंशदान	7,08,15,842.51**		50,00,000.00	
विविधि व्यय	1,82,15,270.04		1,76,57,337.40	
उपलब्ध वास्तविक शेष राशि	190,00,00,136.95		200,00,00,897.20	
जोड़	294,99,72,239.32		297,26,15,033.13	
केन्द्रीय सरकार को देय अधिशेष	190,00,00,136.95		200,00,00,897.20	
प्रारक्षित निधि लेखा				
30 जून को शेष	150,00,00,000.00		150,00,00,000.00	
लाभ-हानि लेखे से अंतरित	कुछ नहीं		कुछ नहीं	
जोड़	150,00,00,000.00		150,00,00,000.00	

£ भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम की धारा 47 के अनुसार नियमित या आवश्यक व्यवस्थाएं और धारा 46क, 46ख और 46ग के अधीन निधियों में 221 करोड़ रुपयों का अन्तरण करने के बाद।

